CMYK

खबरें छुपाता नही, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 23°C

हल्द्वानी, बुधवार 3 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 8 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा: योगी

पेज 2



राशिद खान ने टी-20 विकटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया

खेल टाइम्स



रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति

सम्पादकीय



फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

पेज़ 12

# भूस्खलन से सूडान तबाह, 1000 की मौत

## दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच पूरा गांव हुआ दफन, केवल एक व्यक्ति जीवित बचा

**खार्तूम, वार्ता**

**सूडान के पश्चिमी** क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह-सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद

- **सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने शवों को बरामद करने को यूएन से लगाई गुहार**
- **हजारों विस्थापितों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण**
- **इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा**

और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं। यह आपदा ऐसे समय में आई



है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है। मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं। सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने भी युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू कर दी है।

# दूसरे दिन भी फिर दहला अफगानिस्तान

## मरने वालों की संख्या 1411 हुई

**काबुल, वार्ता**

**अफगानिस्तान में** एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप में मरने वालों की संख्या 1411 के पार हो गई है। जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान में जलालाबाद के पास रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। इस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी है। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश

- **दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का फिर आया भूकंप**

मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी। संयुक्त राष्ट्र ने भी मृतकों के लिए दुख जताया है।

एक्स पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हमारी टीमें पहले से ही राहत बचाव काम में लगी हुई हैं। अफगानिस्तान की अपील के बाद भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी मदद भेजी है। ब्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) के इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे।

### सोशल मीडिया आर्टिस्ट की पति ने की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार सुबह की है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति अमन (35) ने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की, पर समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसकी जान बच गई। दंपति के दो पुत्र हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के निवासी हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को मंगलवार तड़के करीब 4:23 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को नजफगढ़ के पुरानी रोशनपुरा में किराये के मकान में महिला की हत्या की सूचना दी थी। इस मकान में वह दंपति अप्रैल 2025 से रह रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को 30 वर्ष महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि वह एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट थी और सोशल मीडिया पर उसके 6,000 फॉलोअर्स थे।

### ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए अहम योजना का शुभारंभ

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए एक अहम योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया और 105 करोड़ रुपये की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि बिहार की माताओं, बहनों और बेटियों को अवसरों की कमी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जीविका निधि का उद्देश्य सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है।

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

## रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

**नई दिल्ली, वार्ता**

**सेमिकॉन इंडिया** 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।

इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और



- **सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है, ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीओएमएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है। 'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवीएंडसी-60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है। इसने पीएसएलवी ओरबीटल ईपेरामेंटल मॉड्यूल (पीओईएम-4) के मिशन मैनेजमेंट कंप्यूटर को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है। इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था। यह 32-बिट एसपीएआरसी 8 आरआईएससी आर्किटेक्चर पर आधारित है।

### उमर खालिद और शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी कथित साजिश के मामले में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित कई अन्य आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। अदालत ने उमर खालिद, शरजील इमाम, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत में सुनवाई के दौरान उमर खालिद और अन्य की ओर से पेश वकीलों ने दलील दी कि उनके मुवक्किल निर्दोष हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। बचाव पक्ष ने साफ किया है कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

# जल आपदा की चपेट में उत्तराखंड, पंजाब और दिल्ली

## उत्तराखंड के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद

**नई दिल्ली, वार्ता**

**पंजाब,** हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है।

भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में मंगलवार को कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कालोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कालोनियों में रहने वाले लोगों को



- **पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत**
- **दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कालोनियां खाली कराई गईं**

अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए।

भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 प्रतिशत ज्यादा (256.8 एमएम) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।

# कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी: मोदी

**नई दिल्ली/पटना, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी।

बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि आप सबको भी ये



- **प्रधानमंत्री ने कहा: यह देश की हर मां का अपमान, ये लोग जहां मिलें उनका विरोध करें**

देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब इतनी बड़ी तादाद में बिहार की लाखों माताओं-बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं-बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं। उन्होंने कहा कि मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी, इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी। मोदी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके वो हम सबको छोड़कर चली गई। मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गईं। पीएम ने कहा कि आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है। जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भुत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

# नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो विमान से पक्षी टकराया

**मुंबई।** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो-6ई812 फ्लाइट से मंगलवार को पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नागपुर में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

प्लेन में 272 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। घटना सुबह 7.01 बजे की है। विमान को 8.50 बजे कोलकाता पहुंचना था। एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान से एक पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नोज (सबसे आगे का हिस्सा) को नुकसान पहुंचा। वह अंदर धंस गई। इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग का यह 5 दिन में

- **विमान की नोज को नुकसान, अंदर धंसी**
- **5 दिनों में इंडिगो विमान की दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग**

दूसरा मामला है। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9.30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जबकि कानून के मुताबिक देश के किसी भी नागरिक के पास सिर्फ एक वोटर आईडी होनी चाहिए। श्री भंडारी ने कहा कि ऐसे में जब श्री खेड़ा का सच सामने आ चुका है तो क्या देश भर में घूमकर आम मतदाताओं के वोटों को फर्जी बताने और वोट चोरी का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी अपने पार्टी के नेता के खिलाफ कुछ कार्रवाई करेंगे या कुछ बोलेंगे।

### दो जगह मेरे नाम के लिए आयोग जिम्मेदार : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख श्री खेड़ा ने मतदाता सूची में उनका नाम दो जगह होने के भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है तो यह आयोग की गलती है। वह मंगलवार को यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भी भरा है। इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है तो इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।

# अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज, सीओ पर गिरी सीएम की गाज

## एसएचओ सहित चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं पर एक दिन पूर्व बाराबंकी के श्रीराम स्वरूप मेमो. रियल विवि में हुए पुलिसिया लाठी चार्ज की घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सीओ हर्षित चौहान को हटाने के साथ ही एसएचओ कोतवाली रामकिशन राणा और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया गया है। जबकि दोषी पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया गया है।

पूरे मामले की जांच आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार को सौपी गयी है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व राम स्वरूप यूनिवर्सिटी में अभाविप कार्यकर्ताओं और स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही अवैध वसूली और लॉ कोर्स की संबद्धता बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से न होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठी चार्ज कर दिया था। लाठी चार्ज की घटना में दर्जन भर कार्यकर्ता चोटिल हो गए थे। अभाविप अवध प्रांत के प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया कि विवि में लंबे समय से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां की लॉ डिग्री की मान्यता नहीं है। ऐसे में लॉ स्टूडेंट्स के साथ धोखा किया गया है।उनका कहना था कि साल 2022 से विधि विभाग की बार काउंसिल ऑफ इंडिया से संबद्धता के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है। जिससे छात्रों को फर्जी झांसा देकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। जब छात्रों ने इस बाबत सवाल किया तो छात्र आदर्श पांडे और अभय राम त्रिपाठी को विश्व. विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जब इन मुद्दों पर बात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल कुलपति डॉ. विकास मिश्रा से मिलने उनके कार्यालय गया, तो कुल. पति ने छात्रों से संवाद करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग किया। कुलपति के कहने पर पुलिस द्वारा उन पर लाठी चार्ज किया गया।

### लाठी चार्ज के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन के रूप में शामिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधानसभा सहित लखनऊ विश्वविद्यालय व कैसरबाग स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संजय प्रसाद होश में आओ, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, योगी सरकार मुर्दाबाद, छात्र शक्ति जिंदाबाद जैसे नारे भी लगाए। बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में एक दिन पूर्व हुए पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में आज लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान कुछ छात्र जो पहले से ही विधानसभा के सामने स्थित भाजपा कार्यालय पर मौजूद थे। वह विधानसभा का घेराव करने के लिए मुख्य सड़क पर आ गए।

# उप्र में अगले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में भारी बारिश की सम्भावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत यूपी के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान लखनऊ समेत कई जिलों में सामान्य से भारी बारिश होने की सम्भावना है।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को आसमान बादलों से घिरा रहेगा और कुछ स्थानों पर बारिश एवं गरज के साथ बौछारें पड़ने के साथ सामान्यत: बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 31 और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं राज्य में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो पिछले छह सालों में शहर के लिए ये मानसून के सबसे अच्छे तीन महीने रहे। लखनऊ में 2020 के बाद से जून, जुलाई और अगस्त के महीनों में सबसे ज्याादा बारिश हुई है। अब तक कुल 542.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछली बार इतनी भारी बारिश 2019 में हुई थी, जब जून से अगस्त तक कुल 577.7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। राज्य मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने कहा कि अगर हम इस साल के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक 542.7 मिमी बारिश हुई है जबकि पिछले साल 525.9 मिमी बारिश हुई थी। 2023 में यह 483.9 मिमी, 2022 में बहुत कम 351.2 मिमी, 2021 में 450.3 मिमी और 2020 में घटकर 447.8 मिमी रह गई। ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ, सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और अन्य कारणों से अच्छी बारिश हुई। बुधवार तक और बारिश होने की संभावना है और तापमान में एक-दो डिग्री की गिरावट भी संभव है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम था।

### मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी15 फैसलों को मंजूरी

# आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए।

कैबिनेट की बैठक में 15 प्रस्ताव पास किए गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानक. ारी देते हुए नगर विकास मंत्री अरलवद कुमार शर्मा मंत्री ने बताया कि, कानपुर और लखनऊ ई बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। नगरीय परिवहन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई बस सेवा की सुविधा का प्रस्ताव रखा गया था जिसको मंजूरी मिली है। श्री शर्मा ने बताया कि कानपुर और लखनऊ के 10-10 रूट पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। एक बस की कीमत 10 करोड़ रुपये आयेगा और इसको 12 साल के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक रूट पर एक बस चालाई जाएगी और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। सरकार उसकी निगरानी करेगी और भाड़े को नियंत्रित करेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इसके ज़रिये जैम पोर्टल के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। श्री खन्ना ने बताया कि सरकार ने आउटसोर्सिंग को लेकर बड़ा फ़ैसला लिया है। सरकार ने इसमें पारदर्शी प्रकिया का प्रावधान किया गया है। इसमें सरकार अब आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

**कर्मचारियों के खाते में जाएगी सैलरी**

आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे पूरा वेतन कर्मचारी के खाते में जाएगा। बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी, जिसमें कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना भी शामिल रहा। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान-प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है।

**मिलेगा रोजगार**

यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा। श्री खन्ना ने बताया कि लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। अब चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

# यूपी सरकार ने किया 13 पीसीएस का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात 13 वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों का तबा. दला कर दिया। एक दिन पहले ही सरकार ने आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था। सरकार की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार राम प्रकाश को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में भेजा गया है जबकि कुंवर पंकज महोबा में एडीएम (वित्त/राजस्व) होंगे।

नवीन चंद्र को अपर ज़लाधिकारी मेरठ, ज्योति राय को अपर ज़लाधिकारी बलरामपुर, प्रदीप कुमार को उपनिदेशक पशुपालन विभाग की ज़म्मिेदारी सौंपी गई है। सुनन्दु सुधाकरण को अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, राकेश लसह को अपर ज़लाधिकारी सुल्तानपुर बनाया गया है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों को भी नए पद सौंपे गए हैं जिससे राज्य के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव आया है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था।

### महोबा के जिला आबकारी अधिकारी को किया निलंबित


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाते हुए महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राजेंद्र प्रसाद वर्मा द्वारा रिश्वत लिए जाने से संबंधित वीडियो दिनांक 26 जून को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

---

सेंसेक्स 80157.88 | निफ्टी 24579.60 | सोना रु. 104662 प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट | **अर्थ व्यापार** | चांदी रु. 123281 प्रति किलो

# बिकवाली से प्रमुख सूचकांक में रही गिरावट

मुंबई, वार्ता



- सेंसेक्स लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ निफ्टी-50 टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ

बैंकिंग और फार्मा कंपनियों में बिकवाली के दबाव में मंगलवार को प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त से साथ खुलने और 400 अंक से अधिक चढ़ने के बावजूद दोपहर बाद दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से सेंसेक्स 206.61 अंक (0.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ।

यह 155.60 अंक की बढ़त में 80,520.09 अंक पर खुला था। यह ऊपर 80,761.14 अंक तक और नीचे 80,008.50 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। यह भी 27.95 अंक की तेजी के साथ 24,653 अंक पर खुला था। इसका उच्चतम स्तर 24,758.10 अंक और निचला स्तर 24,522.35 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों में गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.45 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 1.33, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.15 प्रतिशत लुढ़क गया। टाटा मोटर्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी टूट गए। पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 2.43 प्रतिशत की तेजी रही। एनटीपीसी में 1.60 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.44, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.09 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.92 प्रतिशत की बढ़त रही। बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इटरनल, आईटीसी और सनफार्मा के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत चढ़ गया। वित्तीय, बैंकिंग, ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांकों में गिरावट रही जबकि एफएमसीजी, तेल एवं गैस, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और धातु सेक्टरों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। विदेशों में ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.47 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। जापान का निक्केई सूचकांक 0.29 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.24 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.33 फीसदी उतर चुका था।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 169 रुपए बढ़कर 1,04,662 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत 481 रुपए बढ़कर 1,23,281 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,240 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,400 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 और भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,140 रही।

# चावल-गेहूं महंगे, दालों-खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी के भाव चढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया। गेहूं के दाम भी बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी मजबूत हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 94 रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत चढ़कर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब आठ रुपये बढ़कर 3,856.64 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी सात रुपये की मजबूती के साथ 2,856.81 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपये मजबूत हुआ और 3,318.67 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 37 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही। सोया तेल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल 52 रुपये और वनस्पति 27 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल भी 16 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत करीब 64 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी जबकि अन्य दालों में तेजी रही। चना दाल 11 रुपये और मूंग दाल 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 19 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। उड़द दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे। दाल.दलहन : दाल चना 7991.88 रुपये, मसूर काली 8173.05 रुपये, मूंग दाल 10129.40 रुपये, उड़द दाल 10448.47 रुपये, अरहर दाल 10695.89 रुपये प्रति क्विंटल।

# किसानों, ग्रामीण अर्थव्यस्था के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दें बैंक

चेन्नई, वार्ता



- सिटी यूनियन बैंक के स्थापना दिवस समारोह में बोलीं मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हमारे बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कि समय पर और किफायती ऋण प्रदान करके, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि-तकनीक पहलों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु यहां सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। 'स्वदेशी बैंकिंग की विरासत 120 वर्षों का उत्सव' शीर्षक के इस समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल एन आर रवि , केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु सरकार की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन उपस्थित थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे-जैसे हमारी डिजिटल और ज्ञान-संचालित अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। स्टार्ट-अप से लेकर स्मार्ट सिटी तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई क्षेत्र) को विकास के इंजन में बदलने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बैंकों को वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों की मदद के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं से बेहतर ढंग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# राज्य सरकार व एनएचएलएमएल के बीच समझौता

## पर्वतमाला परियोजना के तहत केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोपवे के विकास के लिए होगा सहयोग

■ मुख्यमंत्री धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा व पर्यटन मंत्री महाराज रहे मौजूद



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में मंगलवार को सचिवालय में पर्वतमाला परियोजना के अन्तर्गत केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोपवे के विकास के लिए राज्य सरकार और नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के बीच समझौता हुआ। इस समझौते के अन्तर्गत इक्विटी भागीदारी में एनएचएलएमएल की 51 प्रतिशत और राज्य सरकार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। राजस्व साझेदारी के अन्तर्गत 90 प्रतिशत धनराशि उत्तराखण्ड राज्य में पर्यटन, परिवहन एवं गतिशीलता के क्षेत्र में व्यय की जायेगी।

इस समझौते के अवसर पर राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, भारत सरकार अजय टम्टा एवं उत्तराखण्ड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह समझौता प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के साथ ही पर्यटन, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी ढ़ाचे के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्वतमाला परियोजना के तहत सोनप्रयाग से केदारनाथ के बीच लगभग 4100 करोड रूपए की लागत से 12.9 किलोमीटर लंबी तथा गोविंदघाट से हेमकुण्ड साहिब के बीच 2700 करोड़ से अधिक की लागत की 12. 4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजनाओं के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य में रोपवे कनेक्टिविटी के विस्तार में नए आयाम स्थापित करने के साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में रेल, रोड और रोपवे कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हो रहा है। चारधाम ऑलवेदर रोड, दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड, सितारगंज से टनकपुर मोटर मार्ग, पौंटा साहिब देहरादून, बनबसा से कंचनपुर, भानियावाला से ऋषिकेश, काठगोदाम से लालकुंआ, हल्द्वानी बाईपास और सीमांत क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी को सशक्त करने की दिशा में कार्य हो रहे हैं। रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर भी तेजी से कार्य हो रहे हैं।इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, अपर सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग, भारत सरकार विनय कुमार, सचिव दिलीप जावलकर, धीराज गर्ब्याल, युगल किशोर पंत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएचएलएमएल राजेश मलिक, वाइस प्रेजीटेंट, रोपवे एनएचएलएमएल प्रशांत जैन, अपर सचिव अभिषेक रोहिला और पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य में रोपवे के विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण दिन : टम्टा

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि राज्य में रोपवे के विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इन रोपवे के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को केदारनाथ और हेमकुण्ड साहिब के दर्शन करने में काफी सुगमता होगी।

### राज्य में पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा समझौता : महाराज

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह समझौता राज्य में पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इन रोपवे के निर्माण के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों की आर्थिकी और रोजगार में वृद्धि होगी।

# जल्द होगा भाजपा की प्रदेश टीम का गठन, चर्चा अंतिम दौर में: भट्ट



■ धामी के नेतृत्व में लड़ा जायेगा 2027 का विधानसभा चुनाव

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा शीघ्र जिला कार्यकारिणी को अंतिम रूप देते हुए प्रदेश टीम का गठन करने जा रही है। इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री संगठन आपदाग्रस्त क्षेत्रों को छोड़ शेष जनपदों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया जा रहा है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि पार्टी मुख्यालय में शुरू हुई बैठक में जिला टीमों के गठन पर अंतिम प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं संबंधित विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से बातचीत की गई। केंद्रीय नेतृत्व के निद. ेशानुसार जिला कार्यकारणियों में महिला, युवा, एससी एसटी, ओबीसी आदि सभी वर्गों को उचित स्थान देने का प्रयास किया जा रहा है। 2027 विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत, जिताऊ टीम तैयार करने के लिए पार्टी दो दिन में सभी पक्षों से बातचीत कर रही है। जिसके उपरांत, आपदाग्रस्त जिलों के अतिरिक्त शेष सभी जनपदों की कार्यकारिणी का गठन हो जाए। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि एक दो दिन में जिला कार्यकारिणी के गठन के उपरांत प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा भी कर दी जाएगी। जो आगामी 17 सितम्बर से पीएम मोदी के जन्मदिन के साथ सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों का सफल आयोजन करेंगे। भट्ट ने कल हुए प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, जो राहुल और तेजस्वी के मंच से हुआ वह पीएम की दिवंगत माता जी ही नहीं प्रत्येक मातृ शक्ति का अपमान है।

# सार्वजनिक निकाय-उपक्रमों के कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता की सौगात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचवें केन्द्रीय वेतनमान में वेतन आहरित कर रहे सार्वजनिक निकाय/उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए 01 जनवरी, 2025 से मंहगाई भत्ते की मौजूदा दर को 455 प्रतिशत से बढ़ाकर 466 प्रतिशत किये जाने तथा छठवें केन्द्रीय वेतनमान में वेतन आहरित कर रहे सार्वजनिक निकाय/उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए दिनांक 01 जनवरी, 2025 से मंहगाई भत्ते की मौजूदा दर को 246 प्रतिशत से बढ़ाकर 252 प्रतिशत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन जिला कारागार, पिथौरागढ़ में अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिए 417.72 लाख एवं उपकारागार, रुड़की में नवीन अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु 251.49 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में रालम के अन्तर्गत स्थान किलातम में चौकडाम का निर्माण किये जाने के लिए 95.49 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 60 प्रतिशत, 57.294 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत हेतु हनुमान मंदिर मेला स्थल, लधौली, ऐडी मेला स्थल, कालूखाण एवं फुटलिंग कालूखाण के सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए 81.50 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 60 प्रतिशत, 48.90 लाख की धनराशि स्वीकृत की है।

# सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने को कृतसंकल्प : सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने मसूरी गोलीकांड शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि, मसूरी के लिए की कई घोषणाएं



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए कृतसंकल्प होकर कार्य कर रही है।

मंगलवार को मसूरी स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान मसूरी में शहीद हुए आंदोलनकारी बलबीर सिंह नेगी, बेलमती चौहान, हंसा धनाई, धनपत सिंह, राय सिंह बंगारी और मदन मोहन ममगई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपना वर्तमान दांव पर लगाकर उत्तराखंड के निर्माण में अपना अद्वितीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि 2 सितंबर 1994 का दिन राज्य के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। इस दिन मसूरी की वीरभूमि पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को पुलिस की गोलियों का सामना करना पड़ा। यह घटना उस समय के सत्ताधारी दलों के दमनकारी रवैये का प्रतीक थी, जिन्होंने एक शांतिपूर्ण आंदोलन को निर्दयता के साथ कुचलने का प्रयास किया।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गढ़वाल सभा भवन जल्द बनाने और सिफन कोर्ट का मामला जल्द हल करने की बात कही तथा मसूरी में वेंडर जोन की घोषणा सहित अन्य मांगों पर भी शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड आंदोलन के प्रमुख चेहरा रहे स्वर्गीय इंद्रमणि बड़ोनी के जन्मशताब्दी समारोह को भी भव्य तरीके से मनाएगी।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी तहसील बनाने के लिए सीएम का आभार व्यक्त करने के साथ ही मसूरी की विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, दर्जाधारी सुभाष बड़थ्वाल, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन मल्ल सहित राज्य आंदोलनकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए।

### आंदोलनकारियों के आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनके और उनके आश्रितों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया है। साथ ही शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3000 रुपये मासिक पेंशन की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। घायल और जेल गए आंदोलनकारियों को 6000 रुपये तथा सक्रिय आंदोलनकारियों को 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है।

### सरकार ने चिहिंत आंदोलनकारियों और परिजनों को दी अनेक सुविधाएं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूर्व की सरकारों के समय में राज्य आंदोलनकारियों के केवल एक आश्रित के लिए क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था थी, परंतु अब नए कानून के अंतर्गत चिह्नित आंदोलनकारियों की परित्यक्ता, विधवा और तलाकशुदा पुत्रियों को भी इस आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। यही नहीं, राज्य सरकार ने चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को पहचान पत्र जारी करने के साथ ही 93 आंदोलनकारियों को राजकीय सेवा में सेवायोजित भी किया है। इसी के साथ राज्य आंदोलनकारियों के बच्चों को स्कूलों और कॉलेजों में निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था और आंदोलनकारियों को सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण भी लागू किया है।

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों के चयन को मंथन शुरू

## पार्टी में जान फूंकने को नये कार्यकर्ताओं पर दाव लगा सकती है कांग्रेस

■ अल्मोडा, चमोली, उत्तरकाशी, डीडीहाट और टिहरी के कार्यक्रम स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** लगातार हार का सामना कर रही कांग्रेस अब संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करती हुई दिखाई दे रही है। प्रदेश में जिला अध्यक्षों के चयन को लेकर बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तराखण्ड में चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को कई जनपदों में केन्द्रीय नेतृत्व की और से नियुक्त प्रवेक्षकों ने कार्यक्रताओं व वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर संगठन को नए सिरे से सृजन की कवायत शुरु कर दी है।प्रदेश मंहामंत्री संगठन व प्रदेश समन्वय समिति के सदस्य विजय सारस्वत ने बताया कि जनपद बागेश्वर, चम्पावत, रुडकी महानगर, देहरादून महानगर, देवप्रयाग जनपद, हरिद्वार महानगर, हरिद्वार ग्रामीण, कोटद्वार महानगर, नैनीताल जिला, हल्द्वानी महानगर, परवादून एवं पछवादून जिला, पौडी जिला, रानीखेत जिला, रुद्रप्रयाग जिला, रुडकी ग्रामीण, काशीपुर महानगर, रुद्रपुर महानगर व उधमसिह नगर जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकगणों ने संगठन सृजन अभियान की बैठके प्रारम्भ कर दी है। पर्वतीय जनपदों में विगत तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए आपदा प्रभावित अल्मोडा, चमोली, उत्तरकाशी पुरोला, डीडीहाट व टिहरी गढवाल में कार्यक्रम स्थगित कर दिये है।

# 13 महिलाओं को मिलेगा तीलू रौतेली पुरस्कार : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के प्रतिष्ठित तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए 13 महिलाओं का चयन किया गया है। पुरस्कार वितरण 4 सितंबर को किया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए इस साल प्रदेश भर से कुल मिलाकर 13 महिलाओं का चयन किया गया है। इसके अलावा 33 महिलाओं को राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का पुरस्कार दिया जाएगा।

यह आयोजन 4 सितंबर को आईआरडीटी के सभागार में किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी सामर्थ्य से बढ़कर काम कर रही हैं और उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कई नए आयाम खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी महिलाओं को सशक्त करना सरकार की जिम्मेदारी है, इस काम में सरकार बिल्कुल भी पीछे नहीं रहेगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का असली काम हमारी आंगनबाड़ी बहने करती हैं और उन्हें इसका श्रेय मिलना चाहिए।

# भाजपा अध्यक्ष से मिले विधायक अरविंद पांडे, रखा अपना पक्ष

■ कहा -पार्टी का अनुशासित सिपाही, प्रदेश नेतृत्व के निर्देश का होगा पालन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात कर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे ने अपना पक्ष रखा। जिसके बाद उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री धामी, मंत्री और अधिकारी सभी शानदार कार्य कर रहे हैं। वहीं प्रदेशाध्यक्ष ने भी पुनः दोहराया, पार्टी फोरम के बाहर किसी भी तरह की अनावश्यक बयानबाजी स्वीकार्य नहीं होंगी।

उन्होंने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार से मुलाकात की। जिसके बाद मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी, मंत्री और सभी अधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। जहां तक एक दो छोटे अधिकारी गड़बड़ी की कोशिश कर रहे हैं, उनके बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है। जिस पर शीघ्र कार्रवाई होगी और हम सब मिलकर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित उत्तराखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।

पार्टी द्वारा दिए निर्देशों को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए पांडे ने कहा कि वह भाजपा के अनुशासित सिपाही हैं। लिहाजा प्रदेश नेतृत्व के जो भी निर्देश हैं उनका पालन किया जाएगा। वहीं उन्होंने स्वीकार किया कि हाल में उनके द्वारा भावावेश में मुद्दा उठाया गया। जिसमें विषय से अधिक मेरे भावों की अनावश्यक चर्चा हुई। वही इस प्रकरण को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अरविंद पांडे के अतिरिक्त बिशन सिंह चुफाल से भी बातचीत हुई है।

# भव्यता और गरिमामय हो शहीद सम्मान यात्राः जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली शहीद सम्मान यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन की भव्यता और गरिमा पर विशेष ध्यान दिया जाए। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने बताया कि 05 अक्टूबर को लैंसडाउन में शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शहीदों के परिजनों को ताम्रपत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि इस यात्रा की तैयारियों को लेकर सभी जनपदों के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं और कार्यक्रम की रूपरेखा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जाए। बैठक के दौरान उन्होंने प्रदेशभर में सैनिक विश्राम गृहों के जीर्णोद्धार तथा भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिए ढ़ाचागत विकास के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र चौधरी, निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृतलाल, उपनल के एमडी ब्रिगेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट, सहित विभागीय एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा में आधा दर्जन महाविद्यालयों के प्राचार्यों को मिली पदोन्नति

> आधा दर्जन प्राचार्यों की डीपीसी कर उन्हें विभिन्न स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में तैनाती दे दी गई है। इन प्राचार्यों की तैनाती से महाविद्यालयों की व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार होगा, साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में भी तेजी आयेगी, जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा.
> **.- डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आधा दर्जन प्राचार्यों को विभागीय पदोन्नति के बाद स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में नई तैनाती दे दी गई है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अनुमोदन के उपं. रात शासन स्तर से नई तैनाती के आद. ेश भी जारी कर दिये गये हैं। जिनकी पदोन्नति के उपरांत सूबे के आधा दर्जन स्नातकोत्तर महाविद्यालयों को स्थाई प्राचार्य मिल गये हैं।

राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिये विगत माह शासन स्तर पर डीपीसी आयोजित की गई थी, जिसके बाद शासन द्वारा पदोन्नति प्राप्त करने वाले प्राचार्यों की सूची अनुमोदन के लिये विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को भेजी गई है। विभागीय मंत्री के अनुमोदन मिलते ही शासन ने पदोन्नति पाने वाले प्राचार्यों को स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में नई तैनाती के आदेश भी जारी कर दिये हैं। जिसके तहत डॉ. राम अवतार सिंह को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग, डॉ. विभेष कुमार सिंह को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर, डॉ. मधुलिका पाठक को पीजी कॉलेज कपकोट, प्रेमलता कुमारी को पीजी कॉलेज नारायणबगड़, डॉ. अवधेश नारायण को पीजी कॉलेज रूद्रपुर और डॉ. रीटा शर्मा को पीजी कॉलेज पोखरी का प्राचार्य बनाया गया है।

# देश भर में कार्यकर्ताओं की राय से खड़ा होगा संगठनः मणिकम

## महानगर जिला अध्यक्ष निभाएंगे पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अब देश भर में जमीनी कार्यकर्ता की राय से कांग्रेस के महानगर व जिला अध्यक्ष बनेंगे और चुनाव सहित पार्टी के महत्वपूर्ण निर्णयों में जिला व महानगर अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी यह बात मंगलवार को राजधानी देहरादून की महानगर इकाई के संगठन सृजन कार्यक्रम के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की और से बनाए गए पर्यवेक्षक तमिलनाडु के लोकसभा के वरिष्ठ सांसद व पार्टी के आंध्रप्रदेश व अंडमान निकोबार के प्रभारी मनिकम टैगोर ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने बताया कि चार प्रदेशों उत्तराखंड, पंजाब, झारखंड और उड़ीसा में एक साथ आज संगठन सृजन का यह कार्यक्रम शुरू हुआ है जो लगातार अगले दो सप्ताह तक चलेगा जिसमें हर जिला महानगर अध्यक्ष के चयन के लिए कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों स्थानीय निकायों, सहकारिता विधानसभा व संसद का चुनाव लड़े पार्टी कार्यकर्ताओं, समाज के विभिन्न वर्गों में सक्रिय कांग्रेस विचारधारा के लोगों से बातचीत कर उनकी राय जानने व विचार विमर्श के बाद ऐसे कार्यकर्ताओं के नामों का पैनल पार्टी हाई कमान को भेजा जाएगा जो जिले में पार्टी का कुशल नेतृत्व करने योग्य हो। टैगोर ने कहा कि इस पूरी कसरत में वे डेढ़ से दो हजार लोगों से राय मश. विरा करेंगे और उनके सहयोग के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षकों रणजीत सिंह रावत, ताहिर अली व जोत सिंह रावत इस पूरी प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। पूर्व विधायक रंजीत सिंह रावत ने कहा कि पार्टी में संगठन सृजन का जो कार्यभार हम चारों पर्यवेक्षकों को सौंपा है उसे पूरी निष्ठा पारदर्शिता के साथ हम समय पर पूरा करेंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, प्रदेश पर्यवेक्षक ताहिर अली, जोत सिंह रावत, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, पूर्व विधायक हीरा सिंह बिष्ट, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश महामंत्री व मसूरी से प्रत्याशी रही गोदावरी थापली व महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी उपस्थित रहे।

# शहीदों के सपनों का हो उत्तराखंड: जोशी

**देहरादून।** मसूरी गोलीकांड की 31 वीं बरसी पर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय प्रवक्ता महेश जोशी ने मसूरी गोलीकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होने कहा कि 2 सितंबर 1994 उत्तराखंड के इतिहास का काला दिन था जिस दिन राज्य निर्माण के निहत्थे आंदोलनकारियों पर पुलिस ने बर्बरता पूर्ण कारवाई कर गोली चलाई थी, जिससे आंदोलन और उग्र हो गया जिसमें अमर शहीद हँसा धनई, अमर शहीद बलबीर सिंह नेगी, अमर शहीद मदन मोहन ममगाई, अमर शहीद धनपत सिंह, अमर शहीद बेलमती चौहान, अमर शहीद राय सिंह बंगारी, अमर शहीद जेठा सिंह (बाटाघाट मसूरी) ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। जोशी ने कहा कि अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बनाना चाहिए। राज्य निर्माण लंबे संघर्षों के बाद मिला अब इसका संवर्धन की आवश्यकता है। राज्य अपने मकसदों से भटक रहा है राज्य निर्माण की मूलभावना स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार एवं पलायन पर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है।

# तीन शव मिले थे, दो की खोजबीन जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** बीते दिनों कपकोट के कनालगढ़ घाटी में भीषण बारिश से तबाही मच गई थी। इस तबाही में पांच लोगों की जिंदगी चली गई। जिसमें से तीन लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। लेकिन अभी भी रात दिन एक कर दो लोगों की खोजबीन जारी है। बता दें यहां अभी भी जन जीवन असमान्य है, लोग डरे सहमे हुए हैं। हालांकि जिला प्रशासन जिलाधिकारी व विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया लगातार क्षेत्र में बने हुए हैं। वे समय समय पर सर्च ऑपरेशन की अपडेट ले रहे हैं। मौके पर तैनात एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, व अन्य टीमें रात रात भर भीषण बारिश में भी दो लोगों की खोजबीन में जुटे हुए हैं। यहां बारिश से मकानों में आए मलवा, क्षतिग्रस्त सड़क, टूटी पुलिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन, विद्युत लाइनों, प्राइमरी विद्यालय सहित अन्य क्षतिग्रस्त निजी एवं सरकारी सम्पत्ति को व्यवस्थित करने में शासन प्रशासन जुटा हुआ है। गांव में जन जीवन सामान्य हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं नए सिरे से जोड़ी जा रही है। मंगलवार को विधायक सुरेश गढ़िया एक बार फिर आपदा ग्रस्त क्षेत्र के जीरो प्वाइंट पर पहुंचे। उन्होंने खोजबीन में जुटी टीमों का हौसला बढ़ाया। साथ ही अन्य सभी स्थितियों का बारीकी से जायजा लिया। विधायक गढ़िया ने कहा कि शासन प्रशासन ग्रामीणों के साथ है। आपदा काल में चलाए जा रहे बचाव कार्य में ग्रामीण प्रशासन को सहयोग करे। ताकि ऐसी घटनाओं से निपटा जा सके। इस इसी क्रम में विधायक ने पीड़ित परिवारों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर भूपेश फर्तियाल, हरीश मेहरा, ग्राम प्रधान बैसानी देवेन्द्र गढ़िया, प्रकाश बिष्ट, उप जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उप जिलाधिकारी अनिल रावत, सहित अन्य विभागीय अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## अल्मोड़ा में बारिश से 56 सड़कों में थमी रफ्तार

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में बारिश ने दुश्वारियों बढ़ा दी है। जिले के सभी 11 ब्लॉकों में जमकर मेघ बरस रहे हैं। बारिश से पहाड़ी से मलबा आने से अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब, चार स्टेट हाइवे समेत 56 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद है। जिससे 50 हजार से अधिक की आबादी सीधे प्रभावित रही। जिलेभर में बीते तीन दिनों से जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में जमकर मेघ बरस रहे हैं। जिससे जगह-जगह पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ और दो राष्ट्रीय राजमार्ग समेत चार स्टेट हाइवे और 56 ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हो गए। वहीं, मुख्यालय के विभिन्न वार्डों में नालियां चोक होने से सड़कों पर पानी भरा रहा। जिससे आने-जाने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिलाधिकारी प्रशासन की ओर से सभी बंद मोटरमार्गों को खोलने के लिए जेसी.बी मशीनें लगाई गई हैं। मंगलवार देर शाम तक आधे से अधिक सड़कों पर यातायात सुचारू कर दिया गया।



### आईआरएस सिस्टम को किया एक्टिवेट

**अल्मोड़ा।** जिले भर में लगातार हो रही बारिश को इसको देखते हुए डीएम आलोक कुमार पांडेय ने आईआरएस यानी इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया है। संबंधित अधिकारी को कंट्रोल रूम में तैनाती लेते हुए हर घटनाक्रम में नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि आईआरएस में नामित सभी अधिकारी अलर्ट मोड में रहकर अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों पर नजर रखें। किसी भी आपदा संबंधी घटना का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने सड़क संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्रांतर्गत मार्गों के अवरुद्ध होने की सूचना मिलते ही उन्हें खोलने की कार्रवाई करें। सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वें अपने अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखें।

### यहां इतने बरसे मेघ

लगातार बारिश के कारण लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। मंगलवार सुबह तक पिछले 24 घंटों में अल्मोड़ा में 68.2 मिमी, रानीखेत में 58.2 मिमी, चौखुटिया में 58.5 मिमी, सोमेश्वर में 25 मिमी, भिकियासैंण में 29.5 मिमी, द्वाराहाट में 55 मिमी, जागेश्वर में 74 मिमी, ताकुला में 53 मिमी, जैंती में 77 मिमी, भैंसियाछाना में 61 मिमी, मासी में 55.5 मिमी और शीतलाखेत में 77 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## भाजपाइयों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** विकासखंड कोटाबाग में क्षेत्र पंचायत सदस्य और कालाढूंगी, कोटाबाग भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने कोटाबाग ब्लॉक ऑफिस पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया और सोमवार को खंड विकास अधिकारी ने दीपा दीडियाल का ज्ञापन प्राप्त करने पर आक्रोश जताया। साथ ही क्षेत्र पंचायत संगठन अध्यक्ष ऐसा कोई संविधानिक पद नहीं है जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष भी व्यक्त किया और खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उक्त खबर का खंडन करने की बात कही। वहीं खंड विकास अधिकारीश्वेता सैनी ने बताया की क्षेत्र पंचायत संगठन अध्यक्ष का चुनाव आयोग की गाइडलाइन में नहीं आता है। और उनके द्वारा यह मामला उच्च अधिक. ारियों के संज्ञान में डाल दिया गया है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी, विधायक प्रतिनिधि मयंक तिवारी, राहुल पंत रहे।

## विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव का समापन

**कालाढूंगी।** श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित 16 वाँ गणेश महोत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। भारी बारिश के बीच शिव मंदिर कालाढूंगी से गणेश जी की भव्य झांकी निकाली गई। श्रद्धालु झांकियों के बीच जमकर थिरके। गाजे बाजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना के नारों के बीच बौर नदी में मूर्ति का विसर्जन किया गया। समिति अध्यक्ष ललित कांडपाल, भाजपा नेता महेश शर्मा, महासचिव दीपक बनौला, विपुल अग्रवाल, पुष्कर खनायत, जगत जीना, हरीश मारवाड़ी, हरिओम तिवारी, आदि ने सहयोग दिया।

## एक नजर

### गौशाला ध्वस्त, मलबे में दबीं बकरियां

**बागेश्वर।** जिले में बारिश का कहर जारी है। लगातार हो रही झमाझम बारिश से चारों ओर आपदा के हालात बने हुए हैं। मौसम को देखते हुए पिछले कई दिनों से जिले के सभी विद्यालय भी बंद हैं। बता दें कि जिले में अनवरत हो रही बारिश के चलते सोमवार को रात जिला मुख्यालय के कठायतबाड़ा वार्ड निवासी गणेश राम का गौशाला टूट गया। जिसमें बंधी बकरियां मलबे में दब गई। सूचना मिलने पर फायर टीम मौके पर पहुंची। टीम ने समय रहते रेस्क्यू कर बकरियों को बाहर निकाला। हालांकि तब तक बकरियों की मौत हो गई थी। इधर बारिश से मंगलवार की सुबह शंभू ताल पास भू धंसाव हो गया। जिससे आस पास मौजूद लोगों के घर खतरे की जद में आ गए हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। वहीं आरे-डङगढ़ बाईपास मोटर मार्ग की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। मार्ग से आवाजाही करना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा जिले में लगातार हो रही बारिश से पेड़ टूटकर विद्युत लाइनों में गिर रहे हैं। जिसके चलते लगातार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।

### आज निकलेगी की मां नंदा-सुनंदा की शोभायात्रा

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में मां नंदा-सुनंदा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है। मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भीड़ जुट रही है। नंदादेवी मेले का समापन बुधवार यानि आज शाम साढ़े तीन बजे मां नंदा-सुनंदा की शोभायात्रा निकलने के साथ होगा। नंदादेवी मेले के तहत सोमवार शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक गायक इंदरआर्या, राकेश खनवाल ने कुमाउनी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उधर, नंदादेवी मेले के दौरान चंद्रवंशी राज परिवार ने देर रात्रि मां नंदा-सुनंदा की पूजा अर्चना की। राज पुरोहित नागेश पंत ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा, मनोज सनवाल, तारा चंद्र जोशी, नरेंद्र वर्मा, अर्जुन सिंह बिष्ट, अमरनाथ सिंह नेगी, परितोष जोशी, कुलदीप मेर, अमित शाह, रवि गोयल, रवि कनौजिया, दिनेश गोयल, गीता मेहरा, गोविंद सिंह मेहरा, अनिल सनवाल, हरीश कनवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा माल में रेस्टोरेंट में धधकी आग

**अल्मोड़ा।** नगर के मालरोड स्थित एक रेस्टोरेंट में अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे रेस्टोरेंट को अपनी चपेट में लिया। आग लगने से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार मालरोड स्थित आर्य समाज मंदिर के पास मंगलवार दोपहर में सिलेंडर में आग लग गई। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। आननफानन में फायर सर्विस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर सर्विस आग बूझाने में जुट गई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि कोई जनहानी नहीं हुई। हालांकि आग से रेस्टोरेंट में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### माँ चामुण्डा देवी की भव्य शोभा यात्रा 6 को

**काशीपुर।** माँ चामुण्डा देवी की 69वीं भव्य शोभा यात्रा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शनिवार 06 सितंबर को दोपहर 02 बजे मौहल्ला लाहौरियान स्थित श्री गीता भवन मंदिर से चलकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गिरिताल स्थित माँ चामुण्डा देवी मन्दिर शक्ति पीठ पहुंचेगी। यहां पूजा अर्चना के पश्चात् शोभायात्रा पुन: काशीपुर की ओर रवाना होगी। मौहल्ला खत्रियान स्थित माँ चामुण्डा देवी मन्दिर पहुंचने पर शोभायात्रा का विधिवत समापन किया जाएगा। आयोजकगण ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि समयानुसार पहुँच कर माँ चामुण्डा देवी का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण करें।

## कांग्रेस में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति जल्द, पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं की नब्ज़ टटोली

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए कमर कस ली है। संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षक यहां पहुंचे हैं। पिंडारी मार्ग स्थित एक होटल में उन्होंने सोमवार को पहले कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बाद में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की और संगठन की मजबूती पर बल दिया। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि गत दिनों अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी का अधिवेशन हुआ है, जिसमें कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाए जाने को लेकर मंथन हुआ है।

उन्होंने कहा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर लगातार जिलों में जा रहे हैं, जहां उनके कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष को मजबूत बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन-जिन जिलों में जिलाध्यक्ष द्वारा बेहतर कार्य कर रहे हैं या मजबूती से संगठन के साथ खड़े हैं उनको जिलाध्यक्ष बनाए रखा जा रहा है।



उन्होंने कहा उनका अध्यक्ष चुनने का तीसरा चरण चल रहा है, जिसमें उत्तराखंड, पंजाब, झारखंड और उड़ीसा राज्य प्रमुख हैं। जहां जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्तियां की जा रही हैं। इसके साथ ही व ब्लॉक संगठन को मजबूत करेंगे। यहां रहकर सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से भी मुलाकात करेंगे। उसने की गई बातचीत में जो भी बातें संगठन हित में सामने आएंगी उन पर भी अमल होगा। इससे पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं की भी नब्ज टटोली। पत्रकार वार्ता में रोहित चौधरी, एआईसीसी पर्यवेक्षक तथा राष्ट्रीय सचिव, संजय किशोर, पूर्व जिलाध्यक्ष देहरादून व पसीसी पर्यवेक्षक, मनोज तिवारी विधायक अल्मोड़ा पीसीसी पर्यवेक्षक, महेंद्र लुंठी पीसीसी पर्यवेक्षक, ललित तिवारी पूर्व विधायक कपकोट व जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला आदि मौजूद रहे।

## सर्विस रोड क्षतिग्रस्त होने से राहगीर परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** नगर के चर्चित ओवरब्रिज के नीचे बनी सर्विस रोड अब लोगों के लिए हादसों का सबब बन चुकी है। गत दिवस हुई बारिश के बाद यहां भारी जल भराब हुआ और इसके बाद सर्विस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। करीब एक वर्ष पूर्व बने ओवरब्रिज की यह सर्विस रोड जगह-जगह गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण अब जानलेवा साबित हो रही है। हालत यह है कि बरसात में गढ्ढो में पानी भर जाने के कारण यहां रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई महीनों से इस सर्विस रोड पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। कभी बाइक सवार गिरकर घायल हो जाते हैं तो कभी छोटे वाहन पलट जाते हैं। लोगों का कहना है कि 7 वर्षों के इंतजार के बाद तो ओवरब्रिज का निर्माण पूरा हुआ था, लेकिन एक साल के भीतर ही ओवर ब्रिज और सर्विस रोड की ऐसी बदहाली ने विकास के दावों की पोल खोल दी है।

## आशाओं को न्यूनतम वेतन मिले

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** एक तो आशा वर्कर्स को न्यूनतम वेतन, कर्मचारी का दर्जा कुछ भी नहीं मिलता वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार की ओर से उनके काम के बोझ को लगातार बढ़ाया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में सरकार डाक्टर जांच की सुविधा नहीं दे रही है दूसरी ओर डिलीवरी के लिए गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों में भर्ती कराने वाली आशा कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने का आदेश जारी किया जा रहा है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाए आशा वर्कर्स को दोषी ठहरा रही है। यह बात ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कही। उन्होंने कहा है कि उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशाओं का विभाग में कोई भी सम्मान नहीं है और न ही वेतन। आशाएं विभाग के सभी अभियानों और सर्वे में बिना किसी न्यूनतम वेतन और कर्मचारी के दर्जे के लगा दी गई हैं।



गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु की सेवा से शुरू करते हुए आज आशा वर्कर्स को सारे काम करने पड़ रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार आशाओं को न्यूनतम वेतन तक देने को तैयार नहीं है। आशाओं को उनके काम के अनुरूप पैसा मिलना तो दूर वादा किया गया पैसा भी नहीं मिल रहा है। आशाओं की लगातार ट्रेनिंग चलती रहती हैं लेकिन ट्रेनिंग में दिया जाने वाला पैसा इतना भी नहीं होता कि दूर दराज से आने वाली आशाएं अपना किराया भाड़ा भी दे सकें। आशाओं को मिलने वाला विभिन्न मदों का प्रति माह मिलने वाला पैसा 6-6 माह तक नहीं मिल रहा है जिसके कारण आशाएं बहुत दिक्कतों का सामना कर रही हैं। इस सबके साथ साथ अस्पताल स्टाफ का व्यवहार आशाओं के प्रति आम तौर पर बेहद अपमानजनक होता है, साथ ही आशाओं को हर जगह प्रताड़ित होना पड़ता है। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने मांग की कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डाक्टरों की तत्काल नियुक्ति की जाए, गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड व सभी जांचों की व्यवस्था की जाए तथा गर्भवती महिलाओं व शिशुओं के लिए जरूरी दवाइयों व विटामिन की भारी कमी को दूर किया जाए।

## अल्मोड़ा में जुलूस-ए-मोहम्मदी की परमिशन की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** भारी बारिश के बावजूद मानवाधिकार एवं एंटी करप्शन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट तालिब हुसैन ने अल्मोड़ा पहुँचकर जिलाधिकारी और एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी के जुलूस-ए-जश्न के शांतिपूर्ण आयोजन की अनुमति की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से यह मांग मुख्यमंत्री उत्तराखंड तक भी भेजी गई है। इस अवसर पर सैकड़ों स्थानीय नागरिक उनके साथ उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन के समर्थन में एकजुटता दिखाई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि करीब तीन दशक से अल्मोड़ा में यह जुलूस नहीं निक. ाला गया है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री अख्तर हुसैन, अमीनुरमान, अफसर अली, शमीम अहमद, परवेज अंसारी मौजूद रहे।

## चार घंटे का सफर सात घंटे में पूरा कर रही संपर्क क्रांति एक्सप्रेस

**काशीपुर।** दिल्ली से रामनगर आने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस आए दिन चार घंटे का सफर छह से सात घंटे में पूरा कर रही है। इस दौरान यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। दिल्ली से रामनगर के लिए ट्रेन संख्या 15035 रोजाना शाम करीब चार बजे रवाना होती है। इसके बाद साहिबाबाद, गाजियाबाद, हापुड़ आदि कई स्थानों पर इस ट्रेन को आउटर में खड़ा कर देते हैं। इससे घंटों तक बैठे यात्री ट्रेन चलने का इंतजार करते रहते हैं। गर्मी में ट्रेन अधिक देर तक खड़ी रहने पर बोगियों में घुटन भी होने लगती है। इससे बुजुर्ग एवं बीमार यात्रियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। इधर, ट्रेन के देर से आने पर जसपुर, ठाकुरद्वारा, बाजपुर, सुल्तानपुर पटी, अलीगंज के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, इज्जतनगर संजीव शर्मा ने कहा कि संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का दिल्ली क्षेत्र में खड़ा होना कोई न कोई कारण रहा होगा। हमारे मंडल में देरी होने का कोई कारण नहीं है। कारण पता लगाने के लिए ट्रेन की मॉनीटरिंग कराई जाएगी। बोगियों में दिखवाकर खराब पंखे ठीक करा दिए जाएंगे।

## आपदा प्रबंधन के पहलुओं को बताया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र (एमटीटीसी) कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में आपदा प्रबंधन पर लघु अवधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरु हो गया है। पाठ्यक्रम में देश के पाँच राज्यों केरल, महाराष्ट्र, असम तथा हरियाणा और राजस्थान से कुल 27 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। बता दें कि प्रशिक्षण का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के विविध पहलुओं से प्रशिक्षित कर उन्हें अपने-अपने संस्थानों में विद्यार्थियों को जागरूक एवं संवेदनशील बनाने हेतु तैयार करना है। पाठ्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यानों की श्रृंखला चल रही है। प्रो. संतोष कुमार डीन अकाद. मिक एवं निदेशक आईक्यूएसी कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने पृथ्वी की भूगर्भीय संरचना और आपदाओं से उसका संबंध विषय पर विशद प्रस्तुति दी। हार्वर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े प्रो. पवन कमलेश ने जापान से आपदा प्रबंधन की सीख विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया।



इसके साथ ही आनंद शर्मा पूर्व अपर महानिदेशक भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जलवायु परिवर्तन और आपदाओं पर उसका प्रभाव विषय पर गहन विचार रखते हुए विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्र में बदलते जलवायु परिदृश्य और उसके खतरों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा डा. मंजू पांडेय उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल ने आपदा शमन एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम पर अपने विचार साझा करते हुए प्रतिभागियों को आपदा के कानूनी एवं प्रशासनिक ढाँचे की जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्र की निदेशक प्रो. दिव्या जोशी ने बताया कि यह पाठ्यक्रम विश्व. विद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम के समन्वयक डा. रीतेश साह ने कहा कि इस कार्यक्रम का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है कयोंकि शिक्षक यहां से प्राप्त ज्ञान और अनुभव को अपने-अपने संस्थानों में विद्यार्थियों तक पहुँचाकर उन्हें आपदाओं के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाएंगे।

## श्री गंगे बाबा मंदिर में श्रीकृष्ण रासलीला में उमड़ रही दर्शकों की भीड़

**काशीपुर।** श्री गंगे बाबा मंदिर उदासीन आश्रम पर आयोजित श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। गत रात्रि रासलीला के दौरान श्री चन्द्र भगवान का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। वृंदावन से आये कलाकारों ने रासलीला के छठे दिन सोमवार को कालीदह मंचन किया। जिसमें श्रीकृष्ण जी ने विषेली यमुना में कूदकर कालिया नाग को नाथ कर यमुना जी को उसके विष से मुक्त कराया। इससे दर्शक भी भावभिवोर हो उठे। श्री गंगे बाबा मंदिर में विगत 27 अगस्त से श्री गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही बरसाने की श्रीकृष्ण रासलीला के छठे दिवस सोमवार को वृंदावन से आये कलाक. ारों द्वारा मंचन किया गया। श्री गंगे बाबा मंदिर उदासीन आश्रम के महंत श्री श्री 108 बाबा लखनदास जी महाराज ने बताया कि आश्रम पर विगत वर्ष की भांति श्रीकृष्ण रासल. ीला का मंचन चल रहा है और भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान पुजारी केवलानंद जोशी, पत्रकार राजेश शर्मा, सौरभ सक्सेना, डा. विकास गहलोत, हरेंद्र चौधरी, कटोराताल चौकी इंचार्ज कौशल भाकुनी, कांस्टेबल गौरव सनवाल, विपिन गहलोत, वीरभान बाठला, राजकुमार यादव, अमित कुमार शर्मा, शालिनी शर्मा, विनय गुप्ता, डा राजीव गुप्ता, पड़ा विकास अग्निहोत्री, मुकेश शर्मा, अमित कुमार समेत सैकड़ों महिला व बच्चे मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ की मासिक बैठक

**बागेश्वर।** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ बागेश्वर की द्वितीय मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय प्रकटेश्वर मंदिर के सभागार में किया गया, जिसमें शिक्षक कर्मचारियों के वेतन व बजट की मांग सहित 16 सूत्रीय मांग पर चर्चा की। जिसमें तदर्थ शिक्षकों के विनिमयतीकरण, डाउनग्रेड प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति, सहायक अध्यापक से प्रवक्ता पद पर पदोन्नति, अल्प मानदेय प्राप्त पीटीए के मानदेय में वृद्धि व तदर्थ नियुक्ति, मानदेय से वंचित पीटीए शिक्षकों को मानदेय की परिधि में लाने, छात्र छात्राओं को समय से पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने आदि की मांग रखी गई। बैठक में उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक के संघ के प्रांतीय अध्यक्ष जगमोहन सिंह रावत की असमय मृत्यु शोक संवेदना व्यक्ति की गई और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके अतिरिक्त गढ़वाल मंडल के अध्यक्ष जगदीश चौहान जी के पूज्य पिताजी के देहावसान पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संरक्षक महेश पांडे, प्रांतीय मंत्री प्रकाश कालाकोटी, मंडल अध्यक्ष कैलाश अंडोला, जिलाध्यक्ष प्रकाश टाकुली, प्रदीप गढ़िया, डा. गिरीश पंत, योगेश पांडे, दिनेश जोशी, रणजीत जनौटी देवेंद्र जोशी, ललित मोहन, हयात कार्की, हेमंत बोरा आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री लक्ष्मण कोरंगा ने किया।

## कृषि रसायन प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रारंभ

**पंतनगर।** समेटी-उत्तराखण्ड, प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा उर्वरक एवं कृषि रसायन प्रबंधन विषय पर 1 से 15 सितम्बर तक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण जिला सहायक निबंधक कार्यालय, सहकारी समितियां, अल्मोड़ा के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 34 प्राथमिक सहकारी समितियों के सदस्य/सचिव भाग ले रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर निदेशक डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने संतुलित उर्वरक उपयोग को सुरक्षित जीवन का आधार बताया।


### भुगतान करने के आदेश

**काशीपुर।** द्वितीय एडीजे/ एमएसीटी की अदालत ने पिकअप चालक की मौत के मामले में बीमा कंपनी को 18.54 लाख रूपये की प्रतिपूर्ति का भुगतान करने के आदेश दिए है। कंपनी को इस राशि पर छह प्रतिशत ब्याज भी देना होगा। ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद निवासी शमा परवीन आदि ने अपने अधिवक्ता अफसर अली एड के माध्यम से द्वितीय एडीजे एमएसीटी की अदालत में परिवाद दायर किया था कि 05 सितंबर, 2020 को उसका पति सलीम अपनी पिकप गाड़ी के बरेली मंडी से सब्जी लादकर आ रहा था। तकनीकी खराबी के कारण वह गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर चेक करने लगा। इसी दौरान कैंटर संख्या यूपी 25/डीटी 2064 के चालक ने टक्कर मारकर उसे घायल कर दिया। हादसे में पास खड़े ठाकुरद्वारा निवासी हसीन व अनीस भी घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान सलीम की मौत हो गई। कैंटर न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से बीमित था।

## पिथौरागढ़ और टनकपुर फुटबॉल के संयुक्त विजेता बने

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। लगातार बारिश के चलते फाइनल में पहुंचे टनकपुर और पिथौरागढ़ को प्रतियोगिता का संयुक्त विजेता घोषित किया गया। एसएसजे विवि की अंतर महाविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ था। इसमें पिथौरागढ़ परिसर व टनकपुर महाविद्यालय की टीम अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर फाइनल में पहुंची थी। मंगलवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला होना था, लेकिन बारिश के कारण फाइनल नहीं खेला जा सका। विवि के क्रीड़ा प्रभारी लियाकत अली खान ने बताया कि बारिश के कारण मैच नहीं होने से पिथौरागढ़ परिसर व टनकपुर महाविद्यालय दोनों को ही संयुक्त विजेता घोषित किया गया। दोनों टीमों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां कैलाश लसपाल, मनोज कंवल, कुंदन सिंह कंवल, हरेंद्र प्रसाद, जितेंद्र बिष्ट, अमित, जगदीश सिंह बिष्ट, प्रकाश कुमार, प्रेम सिंह आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।



### पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष/ राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 424वें दिन भी जारी रहा। बता दें मंगलवार को अभियान के 424वें दिन डीडीहाट में आरसीसी कंपनी के निदेशक व सामाजिक कार्यकर्ता पंकज चुफाल ने अपने जन्मदिन पर महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की पहल एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अभियान को सहयोग देते हुए पौधारोपण किया। पंकज चुफाल ने कहा कि वह अपने हर जन्मदिन पर पौधा रोपण करेंगे और अन्य को भी प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ती लीलावती गुरुरानी ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए यही प्रकृति की सच्ची पूजा है। कार्यक्रम में पृथ्वीराज चुफाल गोल्डी तथा निरंजन चुफाल व भोला उपस्थित रहे।


### सूचना

नै0जि0के0उप0सह0भ0, हल्द्वानी के नाम से 23.08.2025 को विज्ञप्ति सूचना त्रुटिवश प्रकाशित हो गयी थी, जिसे निरस्त समझा जाए।
नै0जि0के0उप0सह0भ0, हल्द्वानी।



## कार्यालय-नगर निगम, काशीपुर जिला-ऊधमसिंहनगर

पत्रांक-573 / मु.कार्यालय/2025-26 | दिनांक - 02/09/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम काशीपुर, जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 (यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड) की धारा 541 के अन्तर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत निजी / सार्वजनिक सम्पत्ति पर संचालित हाट बाजार में लगने वाले फड़/ठेला आदि हेतु उपविधि के सम्बन्ध में आपत्ति / सुझाव प्राप्त किये जाने हेतु कार्यालय पत्रांक 69/ मु. कार्यालय / 2025-26 दिनांक 22.04.2025 व पत्रांक 75/मु.कार्यालय / 2025-26 दिनांक 23.04.2025 के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गयी थी, जिसमें बिन्दु संख्या-10 व 11 में संशोधन किया जाता है।

अतः इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस भीतर आपत्ति / सुझाव नगर आयुक्त, नगर निगम, काशीपुर को सम्बोधित करते हुए कार्यालय नगर निगम, काशीपुर में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति / सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रस्तावित संशोधन**

10. नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त निजी सम्पत्ति/भूमि पर संचालित होने वाले हाट बाजारों हेतु वार्षिक मांग क्षेत्रफल के आधार पर निम्नानुसार होगी :-

| क्र.सं. | भूमि जिस पर हाट बाजार संचालित है, का क्षेत्रफल (एकड़ में) | सप्ताह में एक दिन संचालित होने वाले हाट बाजार हेतु निर्धारित वार्षिक मांग | सप्ताह में दो दिन संचालित होने वाले हाट बाजार हेतु निर्धारित वार्षिक मांग | सप्ताह में तीन दिन संचालित होने वाले हाट बाजार हेतु निर्धारित वार्षिक मांग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 0 से 0.5 एकड़ तक | 1.25 लाख | 2.50 लाख | 3.75 लाख |
| 02 | 0.5 से 01 एकड़ तक | 2.50 लाख | 5.00 लाख | 7.50 लाख |
| 03 | 01 एकड़ से अधिक | 5.00 लाख | 10.00 लाख | 15.00 लाख |

11. सार्वजनिक स्थलों पर संचालित होने वाले समस्त हाट बाजारों के संचालन हेतु नीलामी/निविदा/निविदा की न्यूनतम दरें नगर निगम द्वारा निर्धारित की जायेंगी, उच्चतम बोलीदाता/निविदादाता द्वारा ही उक्त क्षेत्र में निजी हाट बाजार संचालन की अनुमति नियमानुसार शुल्क निगम कोष में जमा कराये जाने के उपरान्त ही दी जायेगी।

शेष उपविधि यथावत् रहेगी।

(रविन्द्र सिंह बिष्ट)
नगर आयुक्त
नगर निगम, काशीपुर

(दीपक बाली)
महापौर
नगर निगम, काशीपुर

# मूसलाधार बारिश ने मचाया हाहाकार, भारी तबाही

## पहाड़ी मार्गों में मलबा आया, बोल्डर गिरे, शहर की सड़कें, खेत खलिहान जलमग्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आसमानी आफत अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नदी, नाले अब डराने लगे हैं। रविवार रात्रि से शुरू हुई मूसलाधार बारिश का सिल. सिला मंगलवार को भी जारी रहा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सड़कें, खेत सब जलमग्न हो गए। रकसिया नाला, कलसिया नाला और सूखी नदी के कारण लोगों में दहशत का माहौल है।

चोरगलिया मार्ग पर सूखी नदी पर बने पुल पर भू-कटाव होने के कारण गढ्डा हो गया। सुरक्षा की दृष्टिगत यातायात बंद कर पुलिस बल तैनात किया गया। लगातार मूसलाधार बारिश के चलते जिले में 5 राज्य मार्ग, 2 प्रमुख जिला मार्ग सहित 19 ग्रामीण मार्ग बाधित है। गौला नदी भी 52392 क्यूसेक तक पहुंच गई है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी जिले में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बीते दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन ठहर सा गया है। मंगलवार को भी हल्द्वानी सहित पूरे जिले में भारी बारिश का क्रम जारी रहा। लगातार बारिश के चलते शहर के



नाले ओवरफ्लो हो गए जिससे कई इलाकों में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वार्ड 48 में साकेत कॉलोनी में भारी जलभराव होने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। नगर निगम की टीम ने पानी की मोटर लगाकर निक. ासी कराई। जेल रोड हीरानगर में जलभराव से लोगों को काफी दिक्कतें हुई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार पिछले मंगलवार शाम चार बजे तक हल्द्वानी काठगोदाम में 98.0 एमएम बारिश दर्ज हुई। वहीं नैनीताल में 174.0 एमएम, कैंची धाम में 105.5 एमएम, बेतालघाट में 85.0 एमएम, मुक्तेश्वर में 98.4 एमएम बारिश रिकॉर्ड की



गयी। इधर, सूखी नदी पर बने पुल पर भू-कटाव होने के कारण यातायात को बंद कर दिया गया है।

### शहर में पेयजल संकट भी गहराया

**हल्द्वानी।** रविवार से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जहां जन जीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं पेयजल संकट भी गहराने लगा है। बारिश के चलते गौलानदी में अधिक सिल्ट आने व नदी का जलस्तर बढ़ने से शीतलाहाट और शीशमहल के फिल्टर प्लांट पूरी तरह ठप हो गए हैं। देर रात तक भी हालात सामान्य नहीं हो पाए, जिसके चलते आज मंगलवार सुबह भी शहरवासियों को पानी की एक बूंद तक नसीब नहीं होगी। वहीं सिंचाई विभाग ने खतरे को देखते हुए गौला बैराज के सभी गेट खोल दिए। जिससे जल संस्थान को मिलने वाले पानी की आपूर्ति रुक गई और शीशमहल प्लांट पूरी तरह से बंद हो गया। प्लांट बंद होने से शहर में पेयजल संकट भी गहराने लगा है। जलसंस्थान के अधिकारियों का कहना है कि नदी का जलस्तर कम होने और सिल्ट पानी बंद किया है जिससे ही स्थिति समान्य होती है तुरंत बैराज से से पानी मिलते ही पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

### आमपड़ाव में टैक्सी पर गिरा बोल्डर, बाल-बाल बचे लोग

**हल्द्वानी।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। एक ओर जहां नदियां और नाले उफान पर हैं, वहीं दूसरी ओर पहाड़ियों से मलबा और पत्थर गिरने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक खतरनाक घटना नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आमपड़ाव के पास देखने को मिली। जहां एक बड़ा हादसा चंद इंच से टल गया। जानकारी के अनुसार एक टैक्सी जैसे ही आमपड़ाव के पास से गुजर रही थी, तभी पहाड़ी से अचानक एक विशाल बोल्डर टूटकर नीचे आ गिरा और सीधे वाहन के बोनट जा गिरा। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन गनीमत रही कि सभी सवारियां सुरक्षित रहीं और किसी को चोट नहीं आई। जिससे वाहन में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि टैक्सी में हरिद्वार जिले के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारी सवार थे, जो किसी सरकारी कार्य से नैनीताल स्थित उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक शपथ पत्र/रिपोर्ट जमा करने के लिए जा रहे थे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि भारी बारिश के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों की यात्रा से बचें, विशेषकर ऐसे मार्गों पर जो भूस्खलन और बोल्डर गिरने की दृष्टि से संवेदनशील हैं।



### चोरगलिया रोड में सूखी नदी का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी-चोरगलिया मार्ग पर सूखी नदी पर बने पुल पर भीषण भू-कटाव होने से बड़े-बड़े गढ्ढे बन गए हैं। प्रशासन ने पुल को तत्काल प्रभाव से बंद कर पुलिस बल की तैनाती कर दी है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से डायवर्ट किया गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूखी नदी के पुल का जायजा लेने के लिए एसडीएम राहुल शाह, पीडब्ल्यूडी एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बारिश के चलते पुल के प्लम ब्लॉक्स क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एप्रोच रोड में स्कोरिंग एवं कैविटेशन की स्थिति उत्पन्न हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पुल पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया है और पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया गया है। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और यातायात विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करें। साथ ही, पुल की मरम्मत और सुरक्षा कार्य के लिए संबंधित विभागों को अलर्ट कर दिया गया है। वहीं जिला आपदा प्रबंधन विभाग और कृषि विभाग को नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जनपद में यह मार्ग हुए बंद

हल्द्वानी-चोरगलिया (राज्य मार्ग), रामनगर-भण्डारपानी-बोहराकोट (राज्य मार्ग), गर्जिया-घुघूतीधार-बेतालघाट-ओड़ाखान (राज्य मार्ग), काठगोदाम-हैड़ाखान-सिमलियाबैंड (राज्य मार्ग), धानाचूली-ओखलकांडा-खनस्यू (राज्य मार्ग), भुजान-बेतालघाट-गर्जिया (प्राथमिक जिला मार्ग), लक्ष्मीखान-नथुवाखान (प्रमुख जिला मार्ग), सहित 19 ग्रामीण मार्ग बाधित हुए हैं।







### गांवों का शहर से संपर्क टूटा, नदी नाले उफान पर

**हल्द्वानी।** रविवार रात से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने हल्द्वानी से सटे ग्रामीण इलाकों में भी जनजीवन ठप कर दिया है। लामाचौड़ क्षेत्र के दर्जनों गांव जलभराव की चपेट में हैं। किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। भाखड़ा नदी के उफान पर आने से कई गांवों का शहरी क्षेत्रों से संपर्क कट गया है। चोरगलिया मार्ग पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। यहां आवागमन भी बाधित हो गया। लामाचौड़ के कुरिया गांव, जयपुर पाडली, देवपुर कुरिया, जीतपुर, बच्चीनगर, पदमपुर, लामाचौड़ खास सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के खेतों में भारी जलभराव हुआ है। इन गांवों में किसानों द्वारा लगाई गई कद्दू, लौकी, तोरई, भिंडी जैसी मौसमी सब्जियों की फसलें पानी में डूब गई हैं और पौधे सड़-गलकर पूरी तरह खराब हो गए हैं। ग्राम प्रधान हेमू पडलिया जयपुर पाडली, लखन सिंह चिलवाल कुरियागांव, पप्पू निगाल्टिया खुशहालपुर, और गोविंद भट्ट लामाचौड़ खास ने बताया कि सब्जियों की बेलें, फूल और पौधे पूरी तरह गल चुके हैं। खेतों में पानी भरा होने से अगली बुवाई भी संभव नहीं दिख रही है। इधर, भारी बारिश के चलते भाखड़ा नदी भी उफान पर है। चौसला, मीठा आंवला, बसानी, नाईसेला, बेल और मोनावाना गांवों का शहर से संपर्क पूरी तरह कट गया है। गुजरौड़ा गांव में नदी के किनारे तेज भू-कटाव शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन

## वेतन भुगतान की मांग को लेकर रोडवेज़ कर्मचारी मुखर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के हल्द्वानी डिपो में कार्यरत कर्मचारियों को जुलाई और अगस्त माह का वेतन न मिलने से नाराज रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर मंगलवार दूसरे दिन भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। कर्मचारियों ने अपनी बाहों में काली पट्टी बांधकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द भुगतान नहीं होने पर 8 सितम्बर से अनिश्चितकालीन धरने की चेता. वनी दी। कर्मचारियों ने कहा कि पिछले दो महीनों से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।



बच्चों की फीस, घर का खर्च, ऋण आदि की किश्तें समय पर नहीं दे पाने से कर्मचारी मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही भुगतान नहीं हुआ तो कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में राजेन्द्र सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह रावत, आन सिंह जीना, उमेश जोशी, आनंदी शुक्ला, सबाब अली, रमेश कपिल, चन्दन डंगवाल, सुधीर भटनागर, भुवन सिंह जीना, भाष्कर चन्द्र मिश्रा, केएन तिवारी, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र पर सीधा हमला कर रही भाजपाः नीरज तिवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देहरादून में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय में घुसने और नारेबाज़ी करने के प्रयास को लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला करार देते हुए कहा कि भाजपा की यह हरकत उसकी राजनी. तिक हताशा और दिशाहीनता को दर्शाती है। नीरज तिवारी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों और जन सरोकारों में पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा अब गुंडागर्दी और साजिशों का सहारा ले रही है। उन्होंने बिहार का



उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा ने वहाँ भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा से घबरा कर अपने ही अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ताओं से मोदी विरोधी नारे लगवाए, ताकि भ्रम फैलाया जा सके। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने देश में लोकतांत्रिक मर्यादाओं और मूल्यों को तार-तार कर दिया है। जनता से किए वादों को निभाने और सुशासन देने में विफल भाजपा अब जनता के भरोसे को तोड़ने पर आमादा है। कांग्रेस पार्टी ने देहरादून की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि वह ऐसे किसी भी लो. कतंत्र विरोधी प्रयास का सड़कों से लेकर सदन तक विरोध करती रहेगी।

# तमंचा, कारतूस के साथ एक धरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वारदात को अंजाम देने की फिराक में मुखानी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में एसआई अविनाश मौर्य मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस उसे रूकने को कहा लेकिन युवक टीम को देख भागने लगा। टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से 315 बोर का अवैध



तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए।

पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी युवक ने अपना नाम अर्जुन गोस्वामी पुत्र हरीश गिरी गोस्वामी निवासी कुरियां गांव लामाचौड़ मुखानी बताया। बताया जा रहा कि पकड़ा गया युवक नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी व लूट जैसी वारदात को अंजाम देता है। बीती रात्रि भी वह किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में था। लेकिन उससे पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया। इससे पूर्व भी पकड़ा गया आरोपी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। टीम में एसआई अविनाश मौर्य, कांस्टेबल कुंदन शाही, विनोद कुमार शामिल थे।

# स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसओजी व मुखानी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर के पास से 47 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जानकारी के अनुसार मादक पादर्थों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते सोमवार की पुलिस को एक स्मैक तस्कर की सूचना मिली। सटीक सूचना पर एसओजी प्रभारी हरपाल सिंह व मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान शुरू किया। तभी गुसाईपुर तिराहे के पास से एक युवक को रोक. कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 47 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद अशरफ निवासी मोहल्ला शेर मोहम्मद थाना सुंगढी जिला पीलीभीत यूपी, व हाल निवासी नूरी मस्जिद बनभूलपुरा बताया। तस्कर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में एसआई वीरेंद्र चंद, कांस्टेबल सुनील आगरी, कांस्टेबल संतोष बिष्ट एसओजी, भूपेंद्र जेष्ठा, अरुण राठौर शामिल रहे।



# श्रीगणेश महोत्सव में पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि सामाजिक मंच के तत्वावधान में श्रीगणेश महोत्सव समृद्धि उत्सव-2025 के सातवें दिन मंगलवार सुबह होली ग्राउंड की पावन भूमि पर भव्य पूजा-अर्चना और महा हवन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर यजमान सह-संस्थापक राजकुमार केसरवानी, मुख्य कार्यक्रम संयोजक गणेश प्रसाद साहू, महामंत्री अजय गोयल, कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद, एवं मुख्य संयोजक किशोर वार्ष्णेय ने अपने परिवार सहित विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा का संचालन पंडित हरी कृष्ण जोशी द्वारा पूर्ण वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराया गया। दोपहर बाद महोत्सव के



समापन अवसर पर नगर में भगवान श्री गणेश जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो होली ग्राउंड से आरंभ होकर बाजार क्षेत्र से होती हुई शीतलाधाम, रानीबाग पहुंची। वहां बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ भगवान श्री गणपति की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में राजकुमार केसरवानी, मिंटू गुप्ता, अजय गोयल, राजकुमार आनंद, किशोर वार्ष्णेय, हिमांशु वार्ष्णेय, कमल राजपाल, पवन गुप्ता, पंकज अग्रवाल, मंगल सिंह जीना, सोनू जीना, मनोज जायसवाल, मनोज गुप्ता, अतुल गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# चरस के साथ एक धरा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने बीती रात्रि एक चरस तस्कर को 609 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसआई भूपेंद्र सिंह मेहता बीती रात्रि मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी रामपुर रोड सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया जिससे रो. ककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 609 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में चरस तस्कर ने अपना नाम दीपक सिंह पडियार पुत्र जगत सिंह पडियार निवासी नर्तोला तोक पतलीयाना, धारी नैनीताल बताया। तस्कर ने बताया वह अपने गांव से चरस लेकर हल्द्वानी बेचने आया था। पुलिस ने कार्यवाही कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# सड़क के गड्ढों में जलभराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से शहरी विकास विभाग द्वारा गत एक वर्ष से पानी की पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन यह परियोजना बिना समुि. चत योजना और निगरानी के चल रही है, जिससे शहर की सड़कों की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। विभागीय लाप. रवाही और कार्यदायी संस्था की गैर-जिम्मेदारी के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रिवर वैली कॉलोनी के अध्यक्ष पूर्व कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने बताया कि रिवर वैली कॉलोनी, कमलुवागांजा गौड़ जैसे क्षेत्रों में सबसे पहले सड़कों की खुदाई की गई थी, परंतु आज तक वहां कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। बरसात के चलते सड़कों पर गहरे गड्डे बन चुके हैं, जिनमें पानी भरने के कारण न पैदल चलना संभव हो गया है। जिससे कई लोग चोटिल भी हो चुके।



उन्होंने कहा कॉलोनीवासियों ने कई बार इस समस्या को शासन-प्रशासन के समक्ष रखा, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। केवल आश्वासन ही मिल रहे है। उन्होने कहा यह समस्या केवल कुछ कॉलोनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि भगवानपुर और हिम्मतपुर क्षेत्र समेत अधिकांश हिस्सों में सड़कों की हालत खराब है और जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों को रोजमर्रा के जीवन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# पुलिस के दो जांबाज़ों ने जीता सिल्वर मेडल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देहरादून में आयोजित 24वीं प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय/वाहिनी पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता-2025 में नैनीताल पुलिस के दो जांबाज़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। बता दें कि मंगलवार को देहरादून में आयोजित 24वीं प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय/वाहिनी पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें नैनीताल जिले के हेड कांस्टेबल रवि राणा ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल हासिल किया। तो वहीं महिला फायरमैन अर्चना चौधरी ने भी 60 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर एसएसपी पीएन मीणा ने बधाई देते हुए उनके हौसले और समर्पण की सराहना की। एसएसपी ने कहा कि यह सफलता पूरे पुलिस विभाग के लिए गर्व का विषय है।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर पुलिस-प्रशासन ने की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 5 सितंबर को होने वाले 1500वें जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी जुलूस को लेकर प्रशासन और पुलिस ने तैयारी तेज कर दी है। मंगलवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, थाना बनभूलपुरा प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार, शहर इमाम मुफ्ती आज़म कादरी, शहर के उलेमाओं, जुलूस इंतजामिया कमेटी और शहर के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में जुलूस मार्ग पर खराब सड़कों की मरम्मत, सफाई व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों पर गहन चर्चा हुई। खासतौर पर यह तय किया गया कि जुलूस के दौरान दोपहिया वाहनों की एंट्री नहीं होगी,



जिसके लिए शहर में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जुलूस के समापन के बाद विशेष सफाई अभियान चलाने पर भी बात हुई। प्रशासन ने साफ किया कि लोगो की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है, ताकि जुलूस के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। बैठक में इंतज़ार हुसैन, शराफत खान, हसनैन खतीबी, रेहान मियां, लईक कुरैशी, मो. गुफरान, नफीस चौधरी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# धरना 16वें दिन भी जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव में भूमि के मालिकाना अधिकार सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीणों का संघर्ष लगातार तेज होता जा रहा है। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 16वें दिन भी जारी रहा। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारी डटे हुए हैं और अपने हक की आवाज बुलंद कर रहे हैं। धरनास्थल पर भारी बारिश के बावजूद ग्रामीणों ने एकजुट होकर सरकार से अपने हक की मांग दोहराई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक भूमि पर मालिकाना हक, पट्टे की व्यवस्था और अन्य मांगों को लेकर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने में आनन्द सिंह नेगी, हरक सिंह बिष्ट, ऋषि मटियाली, मीना भट्ट, हेमा देवी, सोहन लाल, विमला देवी, डा. उर्मिला रैक्वाल, चन्द्रप्रकाश, वेदप्रकाश, मो. सुलेमान, रेखा देवी, दीवान सिंह बर्गली, प्रेमसिंह नयाल, मासूक अली, सबिया, फरहा, गुड़िया, यासीन आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मॉर्निंग वॉक पर घूमने गए अधेड़ पर गीदड़ ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** मॉर्निंग वॉक पर घूमने गए मोहल्ला पट्टी चौहान निवासी राकेश कुमार (65 वर्षीय) अधेड़ पर गीदड़ ने अचानक हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी अनुसार जसपुर कब्रिस्तान रोड पर सुबह लगभग पांच बजे मॉर्निंग वॉक के लिए गए अधेड़ पर अचानक सड़क पर घूमते समय गन्ने के खेत में से निकल कर जंगली जानवर गीदड़ में आकर पैर में झपट्टा मार कर राकेश का पूरा पैर अपने मुंह में भर लिया। जिससे राकेश सड़क पर गिर गए लेकिन राकेश ने हार ना मानते हुए शोर मचाते हुए गीदड़ से अपने आप को बचाया गीदड़ के हमले में राकेश बुरी तरह जख्मी हो गए।



शोर शराबा की आवाज सुनकर काफी लोग जमा हो गए और उन्होंने तुरंत ही घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। मीडिया को उक्त जानकारी देते हुए ईएमओ डा. मेहताब जहां ने बताया कि आज करीब 6:00 बजे जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 65 वर्षीय राकेश नामक अधेड़ लायें गये।

जिनके शरीर पर गीदड़ नामक किसी जंगल जानवर के काटने के हाथ व पैर में निशान लगे थे जो काफी गहरे जख्म थे जिनको रेबीज एवं टीटी का इंजेक्शन लगाकर व जख्मो पर दवाइयों की पट्टी और दवाई देकर घर भेज दिया गया। वहीं घायल के परिजनों ने बताया कि सुबह मॉर्निंग बात को जाने वाले सभी लोग एक-एक कर ना घूमें हाथ में लाठी डंडा लेकर दो चार लोगों की टोली बनाकर निकले, साथ ही ध्यान रखें की गन्ने के खेतों में जंगल वाली सड़कों पर मोर्निंग वॉक पर ना ही निकलें।

# फांसी पर लटका मिला युवक, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में किरायेदार के रूप में रहने वाले युवक का शव उसके कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव को फांसी से उतार कर कब्जे में लिया। घटना की जानकारी मिलते ही युवक के परिजन भी आ पहुंचे।

जानकारी के अनुसार ग्राम कनक पुर खजूरिया रामपुर निवासी करीब 22 वर्षीय हेमन्त पुत्र हरिनन्दन यहां सिडकुल फैक्ट्री में काम करता था। तीन पानी डाम क्षेत्र में साथियों के साथ किरायेदार के रूप में रहता था। बताया जाता है कि आज हेमन्त के साथी ड्यूटी पर चले गये थे जबकि हेमन्त अकेला था। आत मंगलवार प्रातः करीब एक बजे हेमन्त से मिलने के लिए कोई आया तो उसने हेमन्त को फांसी पर लटका पाया। घटना की जानकारी



मिलते ही ट्राजिट कैम्प थाना प्रभारी मोहनचन्द्र पाण्डेय पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लिया।

मामले की सूचना मिलते ही मृतक हेमन्त के परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हेमन्त की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## एक नजर

### डीएम ने किया जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय एवं परिचालन केन्द्र का किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय एवं आपातकालीन परिचालन केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

डीएत ने आपदा कंट्रोल का निरीक्षण करते हुए जनपद अन्तर्गत नदियों के जलस्तर, जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों एवं राहत शिविरों में ठहराये गये व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त की गई तथा जनपद एवं पहाडी क्षेत्रों में हो रही लगातार वर्षा से नदी नालों के जलस्तर की निगरानी रखते हुये 24x7 सावधानी बरतते हुये जनपद की समस्त तहसीलों को एलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जलभराव एवं बाढ के कारण उत्पन्न हो रहे खतरे के अनुसार समय रहते राहत बचाव कार्यो को सम्पन्न कर लिये जाये। उन्होंने लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए साथ ही एसडी आरएफ, एनडीआरएफ को भी तैनात रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आईएमडी की वेबसाईट से मौसम पूर्वानुमान की जानकारी ली तथा अन्य मौसम सम्बन्धी पोर्टल जैसे Windy.com पर भी आगामी दिनों में मानसून/वर्षा का जायजा लिया गया। निरीक्षण दौरान जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी ने जिलाधिकारी को मौसम, वर्षा व आपदा बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर आपदा प्रबन्धन विभाग की टीम मौजूद थी।

### राधाष्टमी पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** राधा अष्टमी पर देवभूमि बैकुंठपुर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत फीता काटकर नगरपंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने शुभारंभ किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में पीहू ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी पर कब्जा किया तो वहीं दूसरे स्थान पर राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल एवं तृतीय स्थान माही डे ने कब्जा किया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को नकद धनराशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।इस दौरान कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कलाकारों ने प्रतिभाग किया जिसमें शक्तिफार्म एवं प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के 48 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कथा व्यास आचार्य राम चन्द्र राय ने कहा कि देवभूमि बैकुंठपुर में प्रतिवर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाती है जिससे बालक बालिकाओं को लोक कला, नृत्य, मातृभाषा एवं विशेषतः संस्कृति को जीवंत रूप प्रदान की जा सकें और हमारी पारंपरिक संस्कृति को बचाया जा सके। कार्यक्रम में जजमेंट की भूमिका बंगाली कर्मचारी मंच के निवर्तमान अध्यक्ष निर्मल सरकार एवं विक्की मण्डल एवं संचालन राम चन्द्र राय ने किया। इस दौरान समिति कार्यकारिणी के आनंद राय, अनिमेष सरकार, बलाई खान,जयदेव पाल, रामगोपाल सरकार, दुर्गा देवी मंडल, शंकर मजूमदार, त्रिनाथ मंडल, सुब्रतन पाइक, उत्तम राय, रविता मिस्त्री, राहुल कनौजिया आदि मौजूद थे।

### दिल्ली-पंतनगर के बीच बंद उड़ान 16 से होगी शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/पंतनगर।** तीन माह से बंद पड़ी इंडिगो की उड़ान 16 सितंबर से फिर शुरू होने जा रही है। इससे यात्रियों की तीन माह से एक ही उड़ान पर निर्भरता खत्म होगी और कुमाऊं में पर्यटन भी बढ़ेगा। टर्मिनल की मरम्मत के चलते दिल्ली से सुबह 07.25 बजे उड़ान भरकर 08.10 बजे पंतनगर पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-7324 को बीते 15 जून से बंद कर दिया गया था। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अब यह हवाई सेवा 16 सितंबर से पुनः शुरू हो रही है। इसके शेड्यूल में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर पवन कुमार ने बताया कि इंडिगो की दिल्ली-पंतनगर के बीच तीन माह से बंद उड़ान 16 सितंबर से शुरू होने जा रही है। कंपनी ने शेड्यूल जारी कर टिकटों की बुकिंग शुरू कर दी है।

### अतिवृष्टि ने मचाई तबाही, लोगों की जान मुसीबत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विगत तीन दिनों से लगातार हो रही भीषण बारिश से ग्रामीण इलाकों में जल भराव की स्थिति बनी हुई है तथा बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं।



देर रात ग्राम भगचुरी फार्म में करीब एक दर्जन से अधिक लोग बाढ़ के पानी से घिर गए जिन्हें एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस दौरान प्रशासन दलबल के साथ मौजूद रहा। मंगलवार को भगचुरी फार्म में एक दर्जन परिवारों को बाढ़ के पानी में फंसे लोगों की सूचना ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्या ने राजस्व विभाग टीम को दी मामले का संज्ञान लेते हुये खटीमा एसडीएम तुषार सैनी व तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ टीम के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को निकाला और बाढ़ पीड़ितों को भगचुरी प्राथमिक विद्यालय स्थित राहत शिविर में शिफ्ट किया और खाने व पानी के पैकेट उपलब्ध कराए तब जाकर कहीं प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, एसडीएम तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण, ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्य, चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, एसडीआरएफ टीम इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह बिष्ट, एडिशनल एसआई जितेंद्र गिरी, हेड कांस्टेबल सुरेश बहुगुणा, अजीत सिंह, रोहित परिहार तथा होमगार्ड नरेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

### कुत्ते के काटने से फैला रेबीज, गाय व बछिया की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** ग्राम पिंडारी की रहने वाली गरीब महिला भजन कौर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनकी गाय और बछिया रैबीज की चपेट में आकर दम तोड़ गई।

भजन कौर ने बताया कि उनके घर की जीविका का मुख्य साधन गाय का दूध ही था, जिससे परिवार का खर्च चलता था, लेकिन पड़ोसी बेअंत सिंह के कुत्ते ने उनकी गाय को काट लिया, जिसके बाद गाय और उसकी बछिया दोनों संक्रमित हो गई और कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। इस घटना से भजन कौर पूरी तरह टूट चुकी हैं और परिवार की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पशु चिकित्सा अधिकारी डा. जितेन्द्र कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि गाय का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें स्पष्ट हुआ कि मौत का कारण रैबीज संक्रमण है और यह सीधा कुत्ते के काटने से फैला। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा और पालतू कुत्तों के टीकाकरण को अनिवार्य किया जाए तथा पीड़ित महिला को आर्थिक मदद दी जाए, ताकि उसके परिवार को सहारा मिल सके।

# सितारगंज बार एसोसिएशन के दयानंद सिंह बने अध्यक्ष

- अन्य पदाधिकारी भी बिना विरोध चुने गए
- निर्विरोध निर्वाचन से अधिवक्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** बार एसोसिएशन सितारगंज के वार्षिक चुनाव 2025-26 की पूरी प्रक्रिया आज निर्विरोध रूप से सम्पन्न हो गई। मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र गुप्ता एवं सहायक चुनाव अधिकारी ललित मोहन काण्डपाल के निर्देशन में निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई इस चुनाव प्रक्रिया में अधिवक्ताओं ने एकजुटता और आपसी सहयोग की मिसाल पेश की।

चुनावी कार्यक्रम के तहत नामांकन पत्रों की बिक्री 20 से 26 अगस्त तक हुई, 28 से 30 अगस्त तक नामांकन पत्र दाखिल किए गए तथा 1 सितंबर को नाम वापसी के बाद 2 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की गई।

जांच उपरांत सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर लगातार हैट्रिक लगाते हुए तीसरी बार एडवोकेट दयानंद सिंह अध्यक्ष बने, उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट मंगल सिंह राणा, सचिव पद पर एडवोकेट शक्ति प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट राम-बुदन सागर तथा वरिष्ठ सदस्य पद पर एडवोकेट राजेन्द्र कुमार एवं एडवोकेट गुरमीत सिंह चुने गए। निर्विरोध निर्वाचन से अधिवक्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है, वहीं एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी से अधिवक्ताओं की उम्मीदें और मजबूत हुई हैं।

# कश्यप समाज ने धूमधाम से किया भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गणेश महोत्सव की पूजा अर्चना के बाद बड़े ही भाव भावुक होकर जसपुर के मोहल्ला पट्टी चौहान हनुमान मंदिर व कलिया वाला मार्ग स्थित मौहल्ला गांगूवाला से भक्तो द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कार्यकारिणी सदस्य व भक्तों आज विशाल जुलूस की शक्ल में ढोल नगाड़ों के साथ गणेश जी की प्रतिमा के विसर्जन उत्तर प्रदेश के भूतपुरी रामगंगा नदी में जाकर बड़े ही विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया।



पूरे देश में गणेश महोत्सव को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काफी उत्साह नजर आया। बता दे की जसपुर नगर में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्तों द्वारा बड़े ही श्रद्धा के साथ गणेश जी की प्रतिमा को स्थापित कर प्रतिदिन बड़े ही भाव के साथ पूजा अर्चना की गई। विधि के विधान के अनुसार श्राद्ध मास से पूर्व गणेश जी को बड़े ही सादर सत्कार के साथ पूजा अर्चना कर तिलक पूजा कर गणेश की मूर्ति का श्रद्धापूर्वक विधि विधान के साथ गंगा नदी में विसर्जन किया जाता है।

पूर्व में मान्यता है कि इन दिन गणेश जी पृथ्वी लोक पर अपने भाई के यहां आए थे। इसी परम्परा को आगे बढ़ते हुए सबसे पहले महाराष्ट्र में स्थापना के पश्चात पूजा पाठ कर विसर्जन किया जाता है। अब यह विसर्जन भक्तों द्वारा पूरे देश में जगह-जगह किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जसपुर में भी विभिन्न स्थानों पर मंदिरों में घरों में श्रद्धापूर्वक गणेश जी की मूर्ति की स्थापना कर पांच से सात दिन तक पूजा अर्चना करके प्रार्थना करके उसके पश्चात गणेश जी को पूरे लाव लश्कर के साथ विशाल जुलुस रूप में अपने गंतव्य स्थान के लिए विदाई की जाती है। ऐसी परम्परा के तहत हर्षोल्लास के साथ नदियों में जल प्रवाह के रूप में विसर्जन किया जाता है। आज इसी कड़ी में कश्यप समाज के विभिन्न व्यक्तियों द्वारा गणेश जी की मूर्ति का छठवें दिन भूतपुरी की रामगंगा नदी में व रामनगर की गर्जिया देवी माता मन्दिर स्थित कोसी नदी ले जाकर विसर्जन के रूप में प्रवाह किया किया गया।

इस मौके पर कश्यप समाज के महेंद्र सिंह कश्यप, राजकुमार कश्यप, नीलकमल शर्मा, अनुज चौहान, डा.संदीप चौहान, राजू सिंह, मुकेश कश्यप, सचिन कश्यप, वीरेंद्र कश्यप, अमित कश्यप, अशोक कुमार खन्ना, नरेश कश्यप, ब्रजेश कश्यप, अविनाश कश्यप, रोहित कश्यप, मदन सिंह कश्यप, अजय सागर व सैकड़ों के तादाद में महिलाएं पुरुष बच्चे भी शामिल रहे।

# समूह गान और संस्कृत समूह गान प्रतियोगिताओं में मॉम्स प्राइड स्कूल का अद्वितीय प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिटी क्लब रुद्रपुर के सभागार में रविवार को भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मॉम्स प्राइड स्कूल रुद्रपुर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए हिंदी समूह गान और संस्कृत समूह गान दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।




इस कार्यक्रम में रुद्रपुर के सभी विद्यालयों ने हिस्सा लिया और मॉम्स प्राइड स्कूल ने इस प्रतियोगिता में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया जो कि अपने आप में एक शानदार उपलब्धि है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपने मधुर गायन एवं संगीत से दर्शकों को अभिभूत कर दिया एवं इस प्रकार छात्रों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए रुद्रपुर में सभी विद्यालयों के बीच अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों के कठिन परिश्रम, लगन एवं उन्हें मिले कुशल मार्गदर्शन के कारण ही यह संभव हो सका। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को इस अवसर पर बधाई दी और भविष्य में अनुशासन के साथ इसी प्रकार बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा इस प्रतियोगिता के दूसरे चरण, जिसका आयोजन पांच अक्टूबर को खटीमा में जिला स्तर पर होगा उसके लिए छात्रों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# नगर पंचायत नानकमत्ता का बदहाल खड़ा मोबाइल शौचालय

- भारी गन्दगी व कूडा करकट से पटा पड़ा है मोबाइल शौचालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर पंचायत नानकमत्ता ने सरकारी धन से लाखों रुपयों से मोबाइल सुलभ शौचालय तो खरीद लिए हैं लेकिन उनके रखरखाव की ओर कोई ध्यान नहीं है, जिसकी घोर लापरवाही के चलते मोबाइल सुलभ शौचालय जहां तहा बदहाल हालत में खड़े है। यहां की अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई कर्मचारियों पर रखे गए मुंशी के बदलाव तो खूब किए गए, लेकिन सफाई कर्मचारियों से यहां रखे गए मुंशी द्वारा काम करवाना तो दूर सरकारी इस मोबाइल सुलभ शौचालय की सुध तक नहीं ली जा रही हैं।



नगर के बाउली साहिब पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर पंचायत द्वारा लगाया गया मोबाइल सुलभ शौचालय पूरी तरह से गंदगी, कचरा से पटा होने के साथ ही क्षतिग्रस्त हालत है जिसकी सुध लेवा मानो कोई नहीं है। बता दें कि नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा अपनी घोर लापरवाही के कारण सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही इस प्रकार धन का दुरुपयोग भी किया जा रहा है, नगर के लिए खरीदे गए मोबाइल सुलभ शौचालय जहां लोगों की सुविधाओं के लिए लगाए जाने चाहिए वही इन सुलभ शौचालय की अनदेखी तथा समय पर सफाई न होने के कारण हालते क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, यह सुलभ शौचालय यहां समय-समय पर होने वाले सरकारी आयोजनों के साथ ही यहां पहुंचने वाले वीआइपीओ के आने पर प्रयोग होने के साथ ही यहां लगने वाले अक्टूबर ,नवंबर माह के दीपावली मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए लगाए जाते हैं, ताकि यहां पहुंचने वाले लोगों को सुलभ शौचालय का लाभ मिल सके। परंतु नगर पंचायत विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त हालत में पड़े इन सुलभ शौचालय की सुध लेना तो दूर इनमें जमा गंदगी तथा उनकी क्षतिग्रस्त हालात को सुधार करने की जहमत तक नहीं उठाई जा रही है। जिसको लेकर लोगों में खास आक्रोश पनपता दिखाई दे रहा है।

# पूर्व प्रधान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकास खंड के ग्रामपंचायत बरी अंजनिया के पूर्व प्रधान इंद्रदेव प्रजापति का लंबी बीमारी के चलते मंगलवार दोपहर 12 बजे निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है तथा क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक प्रजापति ग्राम प्रधान के साथ-साथ भाजपा के सदस्य थे तथा उन्होंने काफी लंबे समय तक पार्टी की सेवा की। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, सोमनाथ मौर्य, सुभाष प्रजापति, अनिल प्रजापति, श्रीराम प्रजापति, कौशल कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार, सुखराम मौर्य, अरविंद कुमार, शमीम अख्तर ने शोक व्यक्त किया।

# अवैध असलहों सहित पकड़े रम्पुरा गोलीकाण्ड के चार आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार रात गिल रिजॉर्ट के पास दबिश देकर रम्पुरा फायरिंग कांड से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से तीन तमंचे और एक पोनिया सहित जिंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि रम्पुरा में फायरिंग करने वाले युवक भागने की फिराक में गिल रिजॉर्ट के पास खड़े हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर शिवम चंद्रा उर्फ पांडा, विवेक गुप्ता उर्फ वांटेड, अरुण गुप्ता और अनिकेत गुप्ता उर्फ ओमु को मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी में आरोपियों से तीन तमंचे (315 बोर) ,1 पोनिया (315 बोर), एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने रम्पुरा इलाके में प्रतिद्वंद्वी युवकों को डराने के लिए फायरिंग की थी। उनकी वीडियो वायरल होने के बाद वे रामपुर भागने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया है। बरामद असलहे सील कर थाने में जमा कराए गए हैं।

# प्रधान संघ अध्यक्ष को पत्रकार संगठन ने सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** सत्कार ढाबा व रेस्टोरेंट पर पहुंचे उत्तराखंड पत्रकार कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष ध्यानी का जसपुर के पत्रकारों/जनप्रतिनिधियों ने फूल मालाएं डालकर स्वागत किया। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि पत्रकारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री धामी से वार्ता सकारात्मक रही है जल्द ही पुनः पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल इसके लिए दिल्ली जाकर सुचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय में अपनी बात रखेंगे उनके साथ आये महामंत्री हरीश जोशी प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सिंह ने सत्कार ढाबा में मोजूद नवनिर्वाचित ब्लाक प्रधान अध्यक्ष गुरमेज सिंह को सम्मानित किया। वहां उत्तराखंड प्रदेश यूनियन के जसपुर इकाई के अध्यक्ष आलम रजा, सुखवंत सिंह पन्नू, करतार सिंह, प्रधान आशीष, रिंकू आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म Ms Raj Construction, OFFICE AT- SHASTRI WARD NO2, MAIN MARKET, SHAKTI FARM, DISTT. UDHAM SINGH NAGAR (UTTARAKHAND) जो कि कार्यालय उपनिबन्धक, महोदय, फर्म्स, सोसाईटीज एवं चिट्स, रुद्रपुर, यू.सि. नगर में पंजीकरण संख्या-UKFIRM 50003 18001166 Dt. 27.03.2018 के द्वारा पंजीकृत है, मे दिनांक-01.04.2022को Reconstituted Partnership Deed के द्वारा दो नये साझीदार ललिता जायसवाल पत्नी श्री राजेन्द्र जायसवाल एवं सीमा जायसवाल पत्नी श्री अजय जायसवाल ने नियुक्ति प्राप्त की है, तथा अब फर्म में कुल चार साझीदार 1. राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, 2 अजय जायसवाल, 3. ललिता जायसवाल एवं सीमा जायसवाल हो गये है।

**( अजय जयसवाल ) साझीदार**
मै. Raj Construction, OFFICE AT- SHASTRI WARD NO2, MAIN MARKET, SHAKTI FARM, DISTT. UDHAM SINGH NAGAR

# प्रसार भारती आकाशवाणी केंद्र पहुंचे सांसद अजय भट्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** महुआ डाबरा में नवनिर्मित प्रसार भारती आकाशवाणी केंद्र में बीजेपी नैनीताल लोकसभा सांसद अजय भट्ट के पहुंचने पर जसपुर भाजपा कार्यकारिणी व क्षेत्रीय नागरिकों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।



नवनिर्मित आकाशवाणी केंद्र पहुंचने पर मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद अजय भट्ट ने बताया कि प्रसार भारती आकाशवाणी केंद्र का उत्तराखंड में बनना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के निर्देशन में यह सफल हो गया है। यह राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह प्रसार केंद्र 01 टू 01 सिस्टम से अपलोड है। किसी दशा में एक मशीन खराब होने पर दूसरी मशीन काम करना शुरू कर देगी। इस केंद्र से लगभग 50 लाख किसानों/आम नागरिकों को राज्य सरकार/ केंद्र सरकार/कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा दी गई विश्वसनीय जानकारी सीधे पहुंचेगी। यह कृषि वैज्ञानिकों को आम नागरिकों तक पहुंचाने का एक ऐसा साधन है, जो घर बैठे किसानों, व्यापारियों, नागरिकों को केंद्र सरकार की योजनाएं व देश प्रदेश, विदेश में घटित घटनाओं की सही व सटीक जानकारी चंद मिनट में मिल जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की आवाज कार्यक्रम में आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रसार भारती आकाशवाणी केंद्र की हर बार बात की गई है। यह एक माध्यम है जो आम जनता वह दूर दराज के क्षेत्र में रह रहे ऐसे व्यक्तियों तक जहां पर कोई संचार का साधन नहीं है। मौके पर मौजूद रहे लोगों को बीजेपी जिला अध्यक्ष मनोज पाल द्वारा हिमालय बचाओ अभियान की शपथ भी दिलाई गई।

सांसद अजय भट्ट का स्वागत करने वालों में पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ,भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल, अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चे के अध्यक्ष मुकेश कुमार, ब्लाक प्रमुख जसपुर पति तीरथ सिंह, महुआडाबरा अध्यक्ष गायत्री देवी, चेयरमैन प्रतिनिधि मास्टर प्रीतम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता खड़क सिंह, सुरेंद्र सिंह, डा. सुदेश चौहान, अशोक खन्ना, भाजपा नेत्री अनीता पवार, नीलकमल सिंह, राजकुमार चौहान, राजकुमार गुंबर, भाजपा संयोजक विनीत चौहान, विमल कश्यप, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने स्लाइड जोनों का निरीक्षण किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने आज दिल्ली बैंड और आसपास के स्लाइड जोनों का स्थलीय निरीक्षण कर आपदा प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने स्पायर जियो कंपनी को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए ड्रोन का उपयोग करते हुए मलबे के ऊपरी हिस्से की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए।

इसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी ने यूपीसीएल अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्लाइड जोनों के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे रात्रि में भी भूस्खलन की सटीक जानकारी प्राप्त हो सके और कार्यों में तेजी लाई जा सके। यातायात एवं निगरानी व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि स्लाइड जोनों के आसपास बैरियर लगाए जाएँ तथा पीआरडी, होमगार्ड एवं पुलिस कर्मियों की रोटेशन ड्यूटी लगाई जाए। इससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहेगी और यात्रियों को असुविधा नहीं होगी।

यात्रियों की सुरक्षा हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों को ग्यारह देवी और ऐंचोली के आसपास अस्थायी रूप से रोका जाए और रुकने की उचित व्यवस्था की जाए तथा सड़क खुलने की सूचना प्राप्त होने पर ही उन्हें आगे जाने की अनुमति दी जाए।

# धौलीगंगा पावर स्टेशन की टनल से मलबे को हटाने का काम जारी

■ **11 कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** धारचूला एलागाड़ स्थित धौलीगंगा पावर स्टेशन की टनल के मुहाने पर लगातार आ रहे मलबे को हटाने तथा राहत कार्य में तेजी लाई गई। मंगलवार सुबह NDRF एवं SDRF की संयुक्त टीम ने लगातार हो रही तेज बारिश के बीच सुरंग के मुहाने से मालवा हटाकर भीतर प्रवेश कर इमरजेंसी ऑपरेशंस में तैनात 11 कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाल दूसरी शिफ्ट को पावर स्टेशन में इमर्जेंसी ऑपरेशंस हेतु भेजा गया ।

जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी स्वयं एनएचपीसी अधिकारियों सहित NDRF एवं SDRF की संयुक्त टीम के साथ लगातार संपर्क में रहे और राहत कार्य हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते रहे। इस कार्य में उनकी सहायता अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह एवं उपजिलाधिकारी धारचूला जितेन्द्र वर्मा द्वारा की गई। एनएचपीसी प्रशासन एवं जिला प्रशासन सुरंग के भीतर मौजूद कर्मियों से लगातार संपर्क बनाए रहे तथा कार्मिकों हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं यथा भोजन, पानी, संचार, मेडिकल इत्यादि सुनिश्चित की गई हैं एवं पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए एवं सहायता समय-समय पर उपलब्ध कराते रहे।



संयुक्त टीमों ने मलबा हटाने और सुरक्षित निकासी की रणनीति पर तेजी से कार्य करते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लगातार हो रही वर्षा राहत कार्य में बड़ी बाधा बनी रही। इस दौरान एनएचपीसी के जीजीएम एम. कनन निरंतर कर्मचारियों के संपर्क में रहे तथा कार्मिकों हेतु भोजन, पानी, संचार, चिकित्सा आदि समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं एवं पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कराते रहे। आज पहाड़ी से मलबा गिरना बंद होने के उपरांत कर्मियों को बाहर निकाला जा सका।

कनन ने बताते हुए कहा कि हमने शिफ्ट परिवर्तन को सुरक्षित रूप से सम्पन्न कर लिया है। दूसरी शिफ्ट को भी ड्यूटी पर लगा दिया गया है। सुरंग के भीतर सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें बेसिक मेडिसिन्स, भोजन-पानी की व्यवस्था, विश्राम के लिए स्थान, टेलीफोन व संचार व्यवस्था, यहां तक कि जिम्नास्टिक एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं भी सम्मिलित हैं।

हमारे कर्मचारी इन व्यवस्थाओं के कारण भीतर सुरक्षित महसूस करते हैं। मैं विशेष रूप से जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव एवं जिला प्रशासन का इस कार्य में सहयोग और सतत् समर्थन हेतु आभार प्रकट करता हूँ। आगे बताया कि यह क्षेत्र पहाड़ी है और मानसून के दौरान यहां बार-बार भूस्खलन की घटनाएँ घटित होती रहती हैं, इसलिए कई कठिनाइयां सामने आती हैं। पूर्व में भी ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात का सामना हमें करना पड़ा है। ऐसे समय में हमारी टीम पूरी तरह से समर्पित होकर कार्य करती रही है।

सभी 11 कर्मियों को दोपहर 01:00 बजे सुरक्षित बाहर निकाल शिफ्ट बदली गई है। दूसरी शिफ्ट हेतु 15 (13+2) सदस्यीय टीम को सारी सुविधाओं के साथ सुरंग में भेजा गया है। वर्तमान में टनल गेट पर आए मलबे एवं बोल्डरों को हटाने का कार्य प्रशासन द्वारा निरंतर जारी है।

## एक नजर

# खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन को दी ट्रेनिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय खाध संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, भारत सरकार एवं खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन रामनगर के द्वारा एक होटल में तीन दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है।

वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि मंगलवार से यह प्रशिक्षण होटल और रेस्टोरेंट के कर्मचारियों को दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इनका मुख्य उद्देश्य खाने की गुणवत्ता को बढ़ाना और उनका उत्पादन भण्डारण के कैसे करना है।इसकी जानकारी दी जा रही है।आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के निर्देश पर उपायुक्त कुमाऊ मंडल खाद्य संरक्षा आरएस कठेत,सहायक आयुक्त नैनीताल अजब सिंह रावत, वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी असलम खान की देखरेख में ट्रेनिंग कराई जा रही है।इसमें 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण चार सितंबर तक चलेगा।इस दौरान प्रशिक्षण में कोआर्डिनेटर नितेश कुमार, गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने किया श्री रामलीला का विधिवत शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आदर्श रामलीला समिति भवानीगंज में 15 दिवसीय 52 वी श्री रामलीला का गणेश पूजा के उपरांत दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा किया गया।

एक सितम्बर से आरम्भ होकर 15 सितंबर तक चलने वाली उक्त रामलीला के शुभारम्भ के अवसर पर मंगलाचरण, नारद तप, कामदेव पराजय, नारद मोह, भगवान विष्णु की झांकी करने के लिए कलाकारों और समिति के पदाधिकारी व सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि हमें भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलना चाहिए।उन्होंने अपनी मां की बात को स्वीकारते हुए राजपथ छोड़कर 14 वर्षो का जंगल में वनवास काटा। इस प्रकार आज की युग के सभी भाइयों को श्री रामलीला से प्रेरणा लेने चाहिए कि किस प्रकार भगवान लक्ष्मण ने भी अपने भाई का साथ देते हुए 14 वर्ष जंगल में बिताए। रामलीला देखने पहुंचे लोगों ने कलाकारों व रामलीला कमेटी के कार्यो की जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर संरक्षक डा. सर्वेश सरन सिंघल, पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा,महाप्रबंधक सुनील कुमार,मंत्री राजीव अग्रवाल,कोषाध्यक्ष बृजकिशोर चन्द्रा, मुनेश चन्द्र, कृष्ण कुमार शर्मा, ओमप्रकाश आर्यवंशी, जीवन सिंह, कृपाशंकर यादव , महिंद्र सिंह बिष्ट, तरुण कुमार, हिमांशु अग्रवाल, नीरज शर्मा, आशु शर्मा, मनीष कुमार, ओमप्रकाश राणा,चन्द्रसैन कश्यप, मीडिया प्रभारी जुगेश अरोड़ा,बब्लू पाल,गौरव बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# यूपी सिंचाई विभाग की कार्रवाई को रोकने की मांग, सीएम को सौंपा ज्ञापन

■ **विगत लगभग 70 वर्षों से काबिज राजस्व ग्राम खेलड़िया के लोगों को दिया गया है नोटिस**

■ **ग्रामीणों ने लगाया मनमानी और अनुचित तरीके से नोटिस भेजने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजस्व ग्राम खेलड़िया 22 पुल के ग्रामीणों ने लोहिया हेड कैंप कार्यालय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन सौंप कर यूपी सिंचाई विभाग द्वारा जारी नोटिस के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही पर रोक लगाने की गुहार लगाई है।

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि यूपी सिंचाई विभाग द्वारा जारी नोटिस में शारदा सागर बांध की जमीन पर अवैध कब्जा दिखाया गया है तथा तत्काल खाली करने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही खाली न करने पर बलपूर्वक हटाने और खर्च वसूलने की भी चेतावनी दी है। जबकि राजस्व ग्राम खेलड़िया के ग्रामीण विगत लगभग 70 वर्षों से काबिज होकर अपना जीवन यापन करते आ रहे हैं। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि अधिकांश लोगों की पट्टे, रजिस्ट्री व वर्ग 4 की भूमि है। किसान प्रतिवर्ष सरकार को लगान भी जमा करते आ रहे हैं और अधिकांश पात्र किसानों को सरकार किसान सम्मान निधि के तहत पेंशन भी दे रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि आरटीआई के तहत प्राप्त सूचना के मुताबिक राजस्व ग्राम खेलड़िया की भूमि को एक शासनादेश के तहत 12 फरवरी 1976 के अनुपालन में विभागीय अभिलेख मानचित्र के अनुसार एवं वन विभाग के संयुक्त सीमांकन के उपरांत भूमि राजस्व विभाग को 14 फरवरी 1977 को हस्तांतरित कर दी गई है। ग्रामीणों ने बताया है कि उत्तराखंड सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं व सुविधाओं बिजली, सड़क, रोड, लाइट व सरकारी स्कूल आदि दी गई है। इससे पहले कभी नोटिस नहीं दिया गया था। यूपी सिंचाई विभाग की इस मनमाना और अनुचित कार्यवाही से ग्रामीणों व किसानों में भारी आक्रोश व भय है। इसलिए ग्रामीणों व किसानों ने यूपी सिंचाई विभाग की कार्यवाही पर मुख्यमंत्री से रोक लगाने की गुहार लगाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में रामायण राम, महेश जोशी, गोरख नाथ, शंकर दत्त जोशी, देवेंद्र प्रसाद, राम जनम, लालता प्रसाद, सूरज नाथ, राजा तथा धर्मदेव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



# पालिकाध्यक्ष ने किया अकादमी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नारी शक्ति एवं बाल विकास जन जागृति समिति द्वारा अकादमी का शुभारंभ मोहल्ला खताड़ी में ताज मस्जिद चौक में किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मो. अकरम ने फीता काटकर अकादमी का शुभारंभ किया। महिलाओं के रोजगार के लिए सिलाई मशीन का फीता काटकर ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी ने शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोतवाल अरुण कुमार सैनी, एसएसआई मो यूनुस, एलआईयू इंस्पेक्टर महेंद्र नेगी ने केक काटकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अकादमी की उन्नति की कामना की। समिति की अध्यक्षा शबाना सैफी ने बताया कि अकादमी में सिलाई, कढ़ाई, डांस, योगा, पार्लर, सिंगिंग आदि के कोर्स बहुत कम फीस पर कराये जाएंगे। इस मौके पर के समिति की सदस्य हिना बख्स, मालवी दुआ, इंदु ध्यानी, पूजा पटवाल, पूरन चंद्र पांडे, अरहान जींस, इमरान खान, फैजुल हक, संजीव अग्रवाल, नावेद सैफी, मनु अग्रवाल , डा. जफर सैफी, ताइफ खान, मो. अजमल, तनुज दुर्गापाल, शमीम अहमद, आरिस सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

# मूर्ति विसर्जन के समय गंगा नदी में दो सगे भाई डूबे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गणेश चतुर्थी पर गणेश जी को रामगंगा भूतपुरी अफजलगढ- बिजनौर उत्तर प्रदेश में विसर्जन करने गये दो सगे भाई नदी के तेज बहाव में डूब गये।

प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों भाई गणेश चतुर्थी पर दोपहर जसपुर शहर के लगभग 100 लोगों के साथ ट्रेक्टर ट्राली और अन्य वाहनों से सवार होकर गणेश जी को विसर्जन करने गये थे। पांडू वाले कुए निवासी दोनों व्यक्ति कश्यप समाज के दोनों सगे भाई हैं एक का नाम धर्मेंद्र दूसरे का नाम रविंद्र है। दोनों भाइयों की शादी हो चुकी है और उनके दो-दो बच्चे भी हैं। गणेश विसर्जन के समय मूर्ति विसर्जन करते समय दोनों भाइयों नदी के तेज वॉक में आ गए और दोनों बहने लगे दोनों को बेहतर देख वहां पर मौजूद लोगों ने शोर मचा दिया एक दो लोगों ने सहस्कर उन्हें बचाने का प्रयास किया परंतु नदी के तेज बहाव में कुछ समय पश्चात ही दोनों भाई का कोई अता-पता नहीं चला।



क्षेत्रीय नागरिकों और साथ आए व्यक्तियों द्वारा तुरंत संबंधित पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस द्वारा तत्परता से गोताखोरों और पुलिस टीम को दोनों भाइयों की खोज में लगाया गया। खबर लिखे जाने तक दोनों भाइयों का कोई पता नहीं चला है।

गोताखोर टीम व पुलिस मुस्तेदी के साथ दोनों भाइयों की तलाश कर रही है। उधर जसपुर में दोनों भाइयों के डूबने की खबर मिलते ही उनके मोहल्ले और जसपुर में माहौल गमगीन हो गया। लोग उन्हें की बारे में बातें करते दिखे। लोगों का उनकी घर जाकर सांत्वना और उनकी खैरियत की दुआ करते दिखाई दे रहे हैं।

# फैक्ट्रियों में लगातार हो रही मजदूरों की मौत की हो मजिस्ट्रेट जांच

■ **प्रदेशध्यक्ष अनिल वाल्मीकि ने भेजा सीएम को ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाइयों/संस्थानों में सुरक्षा मनको की लगातार हो रही अनदेखी के बारे में अब उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेशध्यक्ष अनिल वाल्मीकि ने कमान संभाल ली है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है अब किसी भी कीमत पर गरीब मजदूर के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। अन्यय होता है तो न्याय के लिए वह पीड़ित पक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा तत्पर रहेंगे।

बता दें कि मंगलवार को उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेशध्यक्ष अनिल वाल्मीकि के नेतृत्व में लोग एकत्रित होकर बाजपुर तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने एक ज्ञापन तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट के माध्यम से उत्तराखंड के सीएम धामी को भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बाजपुर क्षेत्र में औधौगिक संस्थानों / इस्पात फैक्ट्री और अन्य फैक्ट्रीयों में मजदूर काम करते हैं, लेकिन मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होते हैं, इसके लिए फैक्ट्री प्रबन्धन तंत्र पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। फैक्ट्रीयों में आये दिन मानक सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी का खामियाजा मजदूर और उनके परिजन भुगत रहे हैं, पिछले वर्षों में और इस वर्ष में हुए हादसों की जाचें मजिस्ट्रेट से कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने यह रखी मांगे फैक्ट्रीयों में काम करने वाले प्रत्येक मजदूर का बीमा हो, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, हेलमेट हाथ में दस्ताने, शूज सहित अन्य उपकरण उपलब्ध हो, हर फैक्ट्री में मजदूर राहत कोष हो, जान गवाने वाले के परिजनो की मदद की जा सके। फैक्ट्री में सुरक्षा के अभाव में कई मजदूर जान गवा रहे हैं।



फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही के चलते हर वर्ष मजदूरों की जान जा रही है, लेकिन मजदूर दिन-रात खून पसीना बहाकर फैक्ट्री मालिकों को लाभ पहुंचा रहे हैं और खुद ही मूलभूत सुविधाओं से दूर है। मजदूरों को ना कोई सुविधा दी जा रही है और ना ही सुरक्षा के उपकरण। जान हथेली पर रखकर मजदूर रोज काम करने को बेबस हैं। फैक्ट्री में लगातार हादसे होने से मजदूर अपनी जान गवा रहे हैं। अधिकतर मामलों में प्रबंधन की लापरवाही सामने आती है। इस मौके पर ऋतिक, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, जय प्रकाश, सतीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


## सूचना

प्रार्थिनी का एक रजिस्ट्रीशुदा आवासीय प्लाट पैमाईशी-20X40 फिट यानि की 74. 34 वर्गमीटर, मध्य खेत खसरा नं.-366अ मि. स्थित ग्राम भमरौला, तहसील-रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड में है, जो जरिये रजिस्ट्री बैनामा श्री सतेन्द्र सिंह पुत्र श्री हरीश सिंह निवासी ग्राम फौजी मटकोटा, तहसील-रुद्रपुर, जिला ऊधम सिंह नगर से क्रय किया था, जो कि उपनिबन्धक कार्यालय रुद्रपुर में बही नं.-1. जिल्द नं.-1,116 के पृष्ठ नं. -119 से 138 पर क्रमांक-6655 पर दिनांक-31.10.2018 को रजिस्ट्री कृत किया गया था। उक्त रजिस्ट्री बैनामा की मूल प्रति दिनांक-01.09.2025 को कहीं खो गई। जिसकी काफी खोज-बीन की, लेकिन उक्त रजिस्ट्री की मूल प्रति कही भी नहीं मिल सकी। अगर किसी व्यक्ति को उक्त रजिस्ट्री मिले तो सात दिन के अंदर निम्न पते पर संपर्क करें।

**उजमा पत्नी श्री शौकत अली**
**निवासी-वार्ड नं.-15 पहाड़गंज, रुद्रपुर,**
**जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।**
**मो. नं.-991777213**


# कोसी और बरसाती नाले उफान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कोसी नदी के साथ ही इलाके के छोटे-बड़े सभी बरसाती नाले उफान पर हैं, कई सड़कों पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। ग्रामीणों से लेकर पर्यटकों तक हर कोई इस बारिश की मार झेलने को मजबूर हैं। रामनगर- भंडारपानी मार्ग पर टेड़ा गांव के पास बरसाती नाला अचानक उफान पर आ गया, इस नाले का पानी सड़कों पर आने से मार्ग कई घंटों तक ठप रहा।

# पालिका अध्यक्ष जोशी के कार्यों की नगर की जनता ने की सराहना

■ **भीषण बारिश में पालिका अध्यक्ष जोशी ने टीम के साथ स्वयं संभाला मोर्चा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विगत वर्ष जुलाई माह में आई भीषण बाढ़ आपदा का दृश्य याद कर लोगों की रूह कांप जाती है। इस वर्ष भी विगत तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से लोगों में डर और दहशत का माहौल बना हुआ था कि कहीं फिर नगर वासियों को बाढ़ का सामना न करना पड़े। लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी द्वारा किए गए लगातार परिश्रम, कार्यशैली एवं उनकी मुस्तैदी से नगर वासियों को इस वर्ष काफी राहत मिली है। पालिका अध्यक्ष जोशी विगत 3 महीने से बाढ़ की स्थिति से निपटने और नगर की जनता को सुरक्षित रखने हेतु लगातार पोकलैंड और जेसीबी के माध्यम से शहर के अवरुद्ध नाले और नालियों की सफाई करने में जुटे हुए थे। जिसकी वजह से नगर वासियों को बाढ़ से इस वर्ष काफी राहत मिली है।

इस भीषण बारिश में भी नगर पालिका अध्यक्ष जोशी व अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला अपनी टीम के साथ क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। नगर में जहां भी जल भराव और पानी निकासी की समस्या की शिकायत आ रही है वहां मौके पर पहुंचकर अवरुद्ध को हटाने और जल भराव की समस्या को सुचारू करने में जुटे हुए हैं। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी की समर्पण की भावना से विगत तीन माह से नाले और नालियों की की जा रही सफाई के कार्यों, उनकी मुस्तैदी व कार्यशैली की नगर की जनता काफी सराहना कर रही है तथा तमाम लोगों ने उनका आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

इस वर्ष बड़े नालों की सफाई होने की वजह से पिछले वर्ष की तुलना में इस बार घरों में पानी नहीं भरा इसके लिए हम नगर पालिका का आभार प्रकट करते हैं।

**धन सिंह बिष्ट- वार्ड नंबर 12 खटीमा**

यदि समय रहते नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई नहीं कराई गई होती तो लोगों को पिछले वर्ष की तरह इस बार भी डूब का सामना करना पड़ता। यदि खकरा एवं ऐंठा नालों की पक्की पीचिंग कर दी जाए तो बाढ़ की समस्या व पानी भरने की समस्या का हमेशा के लिए निराकरण हो सकता है।

**हरि ओम राणा- वार्ड नंबर 11 खटीमा**

इस बार भारी वर्षा हुई लेकिन खटीमा में सैलाब नहीं आया इसका कारण था कि गोटिया नाला और खकरा नाला की सफाई लगातार की गई और अभी भी सफाई एवं पानी निकासी का कार्य किया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष रामू जोशी द्वारा 3 महीना पहले से ही नालों की सफाई शुरू कर दी गई थी खटीमा की जनता उनका आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करती है। इस बार खटीमा शहर बाढ़ से सुरक्षित है।

**बबलू सैफी-सामाजसेवी खटीमा**

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी की समर्पण की भावना से किए गए कार्यों और मुस्तैदी की वजह से विगत तीन दिनों से हो रही इस भीषण बारिश में भी खटीमा में बाढ़ जैसी स्थिति नहीं उत्पन्न हुई।

अगर नाले व नालियों की सफाई पहले नहीं हुई होती तो इस बार भी नगर वासियों को बाढ़ का सामना करना पड़ता। विगत वर्ष दो दिन की बारिश में ही खटीमा नगर में भयंकर सैलाब आया था। लेकिन इस बार लगातार किए गए सफाई कार्यों से बाढ़ का खतरा टल गया और सारे पानी की निकासी हो गई।

**तारिक फरीदी-कांग्रेस समर्थक खटीमा**

# 96 घंटे से टनकपुर- पिथौरागढ़ मुख्य राजमार्ग बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** लगातार हो रही वर्षा के कारण जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वही, घाट से लेकर टनकपुर राजमार्ग के बीच स्वांला डेंजर जोन में सड़क से लगातार मलवा, बोल्डर आने के कारण सड़क पिछले 96 घंटों से बंद है। जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा स्वांला डेंजर जोन समेत विभिन्न स्थानों में ग्राउंड जीरो में जाकर वहां की सड़कों की हालत का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों की व्यक्तिगत संपत्ति को हुए नुकसान की भी जानकारी प्राप्त की। जिला प्रशासन के सभी अधिकारी विभिन्न मार्गो में सड़क खुलवाने के काम में लगे हुए हैं।

जिलाधिकारी के अनुसार स्वांला डेंजर जोन में ऊपर से लगातार बोल्डर मलवा आने से नीचे सड़क से मलवा हटाने में दिक्कत आ रही हैं, अलबत्ता बरसात थमने के बाद मलवा स्टेबल होने पर सड़क से मलवा हटाने का कार्य तेज हो जाएगा। यदि वर्षा नहीं हुई तो देर शाम तक यहां सड़क खुल जाएगी। टनकपुर मार्ग में टिफिन टॉप के पास आए मालबे को हटाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। एन एच के अधिशाषी अभियंता दीपक जोशी के अनुसार बापरू से घाट तक सड़क को खोला जा चुका है। संतोला में लगातार मलवा आने से यहां कुछ घंटे के लिए सड़क बाधित हो गई थी। बहरहाल वर्षा कुछ समय के लिए रुकने के कारण यहां मलबा हटाने का कार्य तेज हो गया है। लोनिवि द्वारा प्रत्येक सड़क में संवेदनशील स्थानों में जेसीबी रखी गई है। स्वयं अधिशाषी अभियंता हितेश कांडपाल ग्राउंड जीरो में सड़क से मलबा हटवाने का काम करवा रहे हैं। श्री कांडपाल के अनुसार लोनिवी लोहाघाट डिविजन की सभी सके और शाम तक खुल जाएंगी।



जिलाधिकारी द्वारा आपदा प्रबंधन संचालन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया तथा देर तक वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जिलों के सभी अभियंताओं व अधिकारियों से सीधा संवाद कर स्थिति का बराबर जायजा लिया। टनकपुर बनबसा क्षेत्र में मची तबाही की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है तथा नेपाल से लगे रौशाल गांव में आपदा से प्रभावित 16 लोगों को स्थानीय प्राथमिक विद्यालय में रखा गया है, जहां उनके भोजन, पानी, बिस्तर आदि की व्यवस्था की गई है। उधर जिलाधिकारी के आदेश जमीनी स्तर पर कारगर होते दिखाई दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोयाटी गांव की बीमार 95 वर्षीय रेवती आ के घर जाकर उनका स्वस्थ विभाग की ओर से उपचार किया गया। इधर जिला अस्पताल में स्वयं जिलाधिकारी द्वारा गधेरे मै बहने से घायल हुई महिला को स्वयं अपने वाहन मै लाकर उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, उस महिला की हालत में काफी सुधार हुआ है।

# ड्रेजिंग व खनन का एक्शन प्लान पेश करे सरकार

## उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने अवैध खनन रोकने की रिपोर्ट भी मांगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य की नदियों में निजी कंपनियों द्वारा किये जा रहे ड्रेजिंग व खनन से हो रहे पर्यावरणीय क्षति को देखते हुए राज्य सरकार से सरकारी निगम के माध्यम से ड्रेजिंग व खनन कराने के संबंध में एक्शन प्लान पेश करने को कहा है। हाईकोर्ट ने अवैध खनन रो. कने के लिये किये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट भी अगली सुनवाई में पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई में सचिव खनन, निदेशक खनन तथा प्रबंध निदेशक वन निगम व प्रमुख वन संरक्षक को कोर्ट में मौजूद रहने को कहा है। बता दें नदियों में हो रहे अवैध खनन व ड्रेजिंग के खिलाफ दायर गौलापार हल्द्वानी निवासी भुवन पोखरिया सहित कई अन्य की जनहित याचिकाओं की हाईकोर्ट में एकसाथ सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने नदियों की इकोलॉजी व एक्वेटिक लाइफ के संरक्षण को लेकर सरकार को कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट के संज्ञान में लाया गया कि निजी कंपनियों द्वारा किये जा रहे ड्रेजिंग व खनन से पर्यावरणीय क्षति हो रही हैं। इन कंपनियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, इसके अलावा खनन नियमावली में प्रावधान है कि खनन का कार्य सरकारी निगम करेंगे। इन तथ्यों का हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से सरकारी निगम के माध्यम से खनन व ड्रेजिंग कराने का प्लान पेश करने को कहा है ताकि नदियों से नियंत्रित खनन व ड्रेजिंग हो साथ ही सरकार की आमदनी भी बढ़े।



### ईओ को नया प्रत्यावेदन देने की छूट

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नगर पालिका परिषद् मसूरी में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की याचिका निस्तारित करते हुए उन्हें नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को नया प्रत्यावेदन देने की छूट प्रदान की है। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वे नगर पालिका परिषद् मसूरी में विगत दस वर्षों से अधिक समय से विभिन्न श्रेणी के पदों पर दैनिक वेतन पर कार्य कर रहे हैंए किन्तु अब तक उनकी सेवाओं का नियमितीकरण नहीं किया गया और न ही उन्हें न्यूनतम वेतनमान प्रदान किया गया है। इस कारण उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न्यूनतम वेतनमान दिलाए जाने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 11 अगस्त 2025 को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् मसूरी को इस विषय में प्रत्यावेदन दिया गया है जिस पर नगर नियमानुसार शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। इस पर न्यायालय ने याचिका का निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ताओं को स्वतंत्रता दी कि वे दो सप्ताह के भीतर अधिशासी अधिकारीए नगर पालिका परिषद् मसूरी को पुनः नया प्रत्यावेदन दे सकते हैं। न्यायालय ने निर्देश दिया है कि इस प्रत्यावेदन पर ईओ 4 माह की अवधि के भीतर नियमानुसार उचित निर्णय लेंगे।

### अवैध निर्माण की रिपोर्ट पेश करें डीएम उत्तरकाशी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गोमुख से उत्तरकाशी तक भागीरथी ईको जोन में नदी किनारे बना रहे अवैध होटल और रिसॉर्ट मामले में जिलाधिकारी उत्तरक. ाशी को चार सप्ताह में सभी होटल रिजॉर्ट समेत अन्य निर्माण की जांच कर वीडियो तथा फोटो के साथ रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट ने एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों को भी कोर्ट में मंगाया है। कोर्ट में डीएम उत्तरकारी और सिचाई विभाग के अधिकारी पेश हुए और जांच के लिये टाइम मांगा। बता दें कि हिमालयन नागरिक दृष्टी मंच ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि गंगोत्री से लेकर उत्तरकाशी तक नदी किनारे जमकर निर्माण हुआ है तो मानकों के खिलाफ खनन हो रहा है जिससे उत्तरकाशी में बाढ़ आ रही हैं। याचिका में इन इलाकों में निर्माण पर रोक लगाने के साथ अवैध पर कार्रवाई की मांग की गई है। जनहित याचिका की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

## आयकर पोर्टल की खामियों से करदाता परेशान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन पांडेय ने बताया कि आयकर पोर्टल की खामियों से करदाता हुए परेशान आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। कहा कि आधार पोर्टल में भी दिक्कत से बढ़ी मुश्किलें बढ़ी हैं। कहा कि इसको देखते हुए तिथि को 30 सितंबर तक बढ़ाना जरुरी है। बताया कि बित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि में अब सिर्फ 13 दिन ही बाकी हैं लेकिन पोर्टल की तकनीकी खामियों से रिटर्न जमा नहीं हो रहा है। वहीं आधार पोर्टल के भी धड़ाम होने से मुश्किलें बढ़ गई हैं। पाण्डेय ने कहा कि रिटर्न से जुड़ीं कई रिपोर्ट डाउनलोड नहीं हो पा रही है ऐसे में करदाता का रिटर्न भरने में परेशानी हो रही है। रामनगर जंग बार के उपसचिव मनु अग्रवाल ने बताया की आयकर विभाग ने अपनी कमियों को स्वीकार किया है और उन्हें सुधारने का प्रयास कर रहा है लेकिन समाधान की समयसीमा अनिश्चित है। इसबीच आधार पोर्टल भी समस्याओं का सामना कर रहा है, उपयोगकर्ता अपडेट में देरी और अनुरोधों को अस्वीकार किए जाने का दावा कर रहे हैं। कहा कि पूरे देश में बारिश से लोग परेशान है जिसका खामियाजा आयकरदाताओं को भी उठाना पड़ रहा है लगातार बारिश की वजह से भी करदाता ऑफिस आने में असमर्थ हे इसलिए 15 सितंबर की डेट को 30 सितंबर करने की मांग भी की गई हैं।

## हाईकोर्ट में सिक्योरिटी डिपोजिट की याचिका का निस्तारित

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने कुमाऊँ विश्व. विद्यालय द्वारा निजी कॉलेजों की संबद्धता के लिए वसूले जा रहे सुरक्षा जमा (सिक्योरिटी डिपॉजिट) मामले में दायर याचिका का निस्तारण कर दिया है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिक. ारी के समक्ष प्रत्यावेदन देने व विश्व विद्यालय से उस प्रत्यावेदन पर दो माह के भीतर निर्णय लेने को कहा है। यह याचिका श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी काशीपुर द्वारा दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि उनका संस्थान बीकॉम (ऑनर्स) कोर्स संचालित करता है, जो कुमाऊँ विश्वविद्यालय से संबद्ध है। संस्थान ने बीए और बीएससी कोर्स की संबद्धता के लिए आवेदन किया जिस पर विश्वविद्यालय ने बीकॉम (ऑनर्स) कोर्स के लिए 35 लाख रुपये और अन्य परंपरागत कोर्स के लिए 15 लाख रुपये सुरक्षा जमा राशि की मांग की। याचिकाकर्ता ने इस मांग को मनमाना, असंवैधानिक और विश्वविद्यालय की गाइडलाइंस के विपरीत बताते हुए न्यायालय से उक्त आदेश को निरस्त करने की गुहार लगाई साथ ही यह भी कहा कि बी कॉम को गैर व्यावसायिक कोर्स माना जाए क्योंकि इस कोर्स पर किसी नियामक संस्था का नियंत्रण नहीं है और यह केवल कुमाऊँ विश्वविद्यालय के विनियमों के तहत संचालित होता है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस विषय पर उच्च न्यायालय की खण्डपीठ द्वारा विशेष अपील संख्या 657/2019 में पहले ही 10 जुलाई 2019 को निर्णय दिया जा चुका है। कुमाऊँ विश्वविद्यालय की ओर से भी इस तथ्य पर आपति नहीं की गई और कहा गया कि मामला उसी निर्णय के अनुरूप निस्तारित किया जा सकता है। न्यायालय ने याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसपर विश्वविद्यालय दो माह के भीतर विधि अनुसार निर्णय ले।

### बैडमिंटन में दिखाया हुनर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में चल रही राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता के तहत मंगलवार का दूसरा दिन रोमांच और उत्साह से भरा रहा। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। दिनभर चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा तथा मेहनत और खेल भावना का बेहतरीन परिचय दिया। वॉलीबॉल में अंडर 14 में काशीपुर ने मैच जीतकर क्षेत्र में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया वहीं अंडर 17 में शंतिपुरी और नैनीताल की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें शंतिपुरी ने मैच जीतकर क्षेत्र में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया। वहीं बैडमिंटन में बागेश्वर और पार्वती प्रेमा जगाती नैनीताल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पार्वती प्रेमा जगाती नैनीताल के खिलाड़ी ने सटीक शॉट्स और तेज़ सर्विस से दर्शकों की तालियां बटोरीं। अंडर 14 और अंडर 19 में पार्वती प्रेमा जगाती नैनीताल तथा अंडर 17 में बागेश्वर ने बाजी मारी और क्षेत्र में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया। इसी क्रम में विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक उमेश ने कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास की कुंजी हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता में उपस्थित निर्णायकों ने खिलाड़ियों के अनुशासन और खेल के स्तर की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है लेकिन असली जीत खेल भावना और निरंतर प्रयास में है। उन्होंने सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उमेश, रविन्द्र रावत, प्रदीप अधिकारी तथा दिलीप एवं अन्य दर्शक गण मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्राकृतिक ताला ने लिया अपना स्वरूप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जहां एक ओर लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं वहीं लगातार बारिश से नगर के अयारपाटा क्षेत्र में प्राकृतिक तालाब (नेचुरल पौंड) ने अपना स्वरूप ले लिया है। खास बात यह है कि इस प्राकृतिक झील में जमा पानी से गर्मी के दिनों में वन्य जीव अपनी प्यास बुझाते हैं। मामले में अयारपाटा क्षेत्र सभासद मनोज साह जगाती ने बताया कि मानसून के दौरान क्षेत्र में कई स्थानों में जलभराव होता है। वर्षा के बाद क्षेत्र में जंगल के बीच छोटे छोटे कई जलकुंड बन जाते हैं लेकिन दो दिन से हो रही लगातार बारिश से अरविंद आश्रम के पीछे व शेरवुड स्कूल के समीप प्राकृतिक तालाब भर गए हैं जो कई महीनों तक झील में जमा रहेगा। जो जंगल के बीच मौजूद होने के कारण वन्य जीवों की प्यास बुझाएगा। उन्होंने बताया कि इतनी ज्यादा मात्रा में पानी जमा होना खुशी की बात है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से झील के आसपास सफाई व्यवस्था बनाने की अपील की है।

### बीमार महिला को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल फॉरेस्ट लॉज निवासी एक बीमार बुजुर्ग महिला को जब अस्पताल ले जाने वाला कोई नहीं मिला तो तल्लीताल पुलिस ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। महिला को अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। बता दें कि नैनीताल पुलिस की ओर से बुजुर्ग नगरिकों की मदद के लिए अभियान चलाया गया है। जिसके तहत पुलिस अपने क्षेत्र में जाकर बुजुर्ग नागरिकों के हाल जानती है साथ ही उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करती है। इसी क्रम में एसओ मनोज नयाल के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस की ओर से एसआई सतीश उपाध्याय व चीता कांस्टेबल राजकुमार कंबोज तल्लीताल क्षेत्र में एक बीमार बुजुर्ग महिला का हाल जानने पहुंचे। बुजुर्ग से बातचीत दौरान महिला बीमार नजर आई। महिला न तो पैदल चल पाने की स्थिति में थी ना ही कोई महिला को अस्पताल ले जाने वाला था। जिस पर महिला ने पुलिस से उसका इलाज कराने की गुहार लगाई। जिस पर पुलिस की ओर से तुरंत स्ट्रेचर की व्यवस्था कर महिला को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि 79 वर्षीय सीची जोशी को अस्पताल में भतह्व कर उपचार कराया जा रहा है।

### जिला पंचायत की बैठक 6 को

**नैनीताल।** जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि नव गठित जिला पंचायत नैनीताल की पहली बैठक 6 सितंबर शनिवार को आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बैठक 6 सितंबर शनिवार को जिला पंचायत की अध्यक्ष दीपा दर्मवाल की अध्यक्षता में नैनीताल के राज्य अतिथि गृह के सभाकक्ष में सुबह 11बजे से होगी। उन्होंने सभी जिला पंचायत के सदस्यों समेत सभी आमंत्रित जनों से नियत तिथि व समय पर बैठक में मौजूद रहने की गुजारिश की है। कहा कि बैठक का एजेंडा पूर्ववत रहेगा। कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को भी पूर्ण सूचनाओं के साथ बैठक में मौजूद रहना जरुरी है।

### बारिश ने महोत्सव के दुकानदारों को रुलाया

**नैनीताल।** नैनीताल में रविवार रात से हो रही लगातार बारिश ने नंदा देवी महोत्सव में दुकान लगाने वालों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। भारी वर्षा के चलते लोगों के मेले में नहीं पहुंचने से दुकानदारों की बिक्री रूक गई है। मेले में लगे वाटर प्रूफ टेंट के अंदर दुकानों में जलभराव होने से कई व्यापारियों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं वहीं तेज हवा से कई दुकाने क्षतिग्रस्त हुई हैं। दूसरी ओर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल व मेला. धिकारी नवाजिश खालिक ने भी मेला स्थल में लगी दुकानों का जायजा लिया। बता दें कि शहर में दो दिनों से हो रही बारिश नंदा देवी व्यापारिक मेला स्थल पानी.पानी हो गया। मंगलवार सुबह वर्षा के साथ तेज हवा ने कई अस्थाई दुकाने क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे व्यापारियों में भी अफरातफरी मची रही। वहीं बारिश के दौरान वाटरप्रूफ टेंट व कैनोपी के भीतर भी जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिससे कपड़ा व अन्य व्यापारियों का सामान भीगने से नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं मंगलवार को भी बारिश के चलते पूरे दिन लोग मेले में नहीं पहुंच पाए। जिसके चलते दुकानदारों की बिक्री नहीं हुई। वहीं एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि मेले क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। स्थिति सामान्य है। मेला क्षेत्र में लगातार नजर रखी जा रही है।

### ज़ीरो वेस्ट इवंट के लिए जागरूकता अभियान

**नैनीताल।** मां नंदा देवी महोत्सव के तहत नगर पालिका परिषद की ओर से महोत्सव को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने हेतु पालिका प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। बता दें पालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक सुनित कुमार एवं सैनिटरी इंस्पेक्टर कमल सिंह चौहान के नेतृत्व में पालिका की टीम और पर्यावरण मित्रों ने मेला ग्राउंड व पंडाल क्षेत्र में दुक. ानदारों से संपर्क कर उन्हें डोर टू डोर जाकर जागरूक किया कि वे दुकान के आगे या मैदान में कूड़ा न फेंके। पर्यावरण मित्रों की टीम न केवल दुकानों से कूड़ा नियमित रूप से एकत्र कर रही है बल्कि यह सुनिश्चित भी कर रही है कि कूड़ा यत्र-तत्र न फैले। इसके अतिरिक्त तीन पर्यावरण पर्यवेक्षक कमल सिलेलान, दिनेश एवं राम सिंह सफाई व्यवस्था की सतत निगरानी कर रहे हैं। नगर पालिका की इस प्रयास को आम जनता, व्यापारियों, समाजसेवियों एवं युवाओं द्वारा खूब सराहा जा रहा है। खास बात यह है कि नगर में बीते दो दिनों से तेज बारिश हो रही है। बावजूद इसकी परवाह किए बगैर पालिका के पर्यावरण मित्र अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वह्व कर रहे हैं।

## डीजल चोरी करते चार धरे

### समय पर खुल गई चालक की आंख, वरना फरार हो जाते शातिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बरेली से आए चार शातिर चोर हल्द्वानी में ट्रक से डीजल चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। चोरों ने रात के अंधेरे में सड़क किनारे खड़े ट्रक से 160 लीटर डीजल चोरी कर लिया था, लेकिन ट्रक में सो रहे चालक की नींद खुलने पर उनका भांडा फूट गया। चालक के शोर मचाने पर मौके से गुजर रही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर चोरों को कार सहित दबोच लिया। जिनके पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ 160 लीटर डीजल भी बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि ट्रक चालक उस्मान जो सहारनपुर के थाना गंगोह अंतर्गत ग्राम जोगीपुरा का निवासी है, सोमवार को सीमेंट से लदा ट्रक लेकर हल्द्वानी पहुंचा था। दिनभर की ड्राइविंग के बाद उसने रात को ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया और उसी में सो गया। बताया जा रहा कि रात करीब एक बजे ट्रक के बाहर हलचल सुनकर उसकी नींद खुली। जब उसने बाहर झांक कर देखा तो देखा कि कुछ लोग ट्रक के टैंक से डीजल निकाल रहे हैं। उसने तुरंत शोर मचाया जिससे घबराकर चोर अपनी कार से भागने लगे। तभी रात्र में पेट्रोलिंग कर रही टीम वहां से गुजरी तो चालक की आवाज सुनकर पुलिस ने भाग रहे चोरों को दबोच लिया। पकड़े गए चोरों की तलाशी के दौरान चोरों की कार से प्लास्टिक कैनों में भरा हुआ करीब 160 लीटर डीजल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हरीशंकर उर्फ गुड्डू निवासी मोहम्मदपुर थाना नवाबगंज, रणजीत निवासी औरंगाबाद, थाना हाफिजगंज, प्रेमपाल और दीपक पटेल दोनों डालवापुर, थाना हौला, बरेली के रहने वाले है। उन्होंने बताया कि वह चोरी का डीजल बरेली में बेचते है। पुलिस ने चारों शातिर चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। पुलिस टीम में चौकी टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, कांस्टेबल जगदीश भंडारी, मोहम्मद अजहर, रणवीर सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## चारधाम यात्रा को रोक दिया गया हैः हेमंत द्विवेदी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड में लगातार बदल रहे मौसम के बाद चार धाम यात्रा को आखिरकार रोक दिया गया है, यह बात मंगलवार को नैनीताल पहुंचे बद्री केदार समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा उत्तराखंड ही नहीं बल्कि दुनिया का धाम है। देश दुनिया से लोग यहां दर्शन करने आ रहे हैं। कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड का मुकुट है, लिहाजा यात्रा पर आने वाले यात्रियों को सुरक्षा देना हमारा पहला कर्तव्य है। उत्तराखंड में मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए फिलहाल यात्रा को रोका गया है। मौसम के सामान्य होने के बाद यात्रा फिर शुरू की जाएगी। द्विवेदी ने कहा चार धाम आने वाले यात्रियों के लिए बद्री केदारनाथ समिति केंद्र और राज्य सरकार समेत सभी सुरक्षा एजेंसियां प्रतिबद्ध हैं जो यात्री चार धाम यात्रा पर आ रहा है उनका सुरक्षा देना हमारा पहला कर्तव्य है। द्विवेदी ने कहा उत्तराखंड में प्राकृतिक संत. ुलन बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया है ताकि प्रकृति के संतुलन को बनाया जा सके इस तरह के प्रयोग पहाड़ी क्षेत्रों में होते रहने चाहिए जिससे पर्यावरण संतुलित रहेगा। हेमंत द्विवेदी ने यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों से यात्रा के दौरान प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की है।

## दोस्त पर बीबी व बेटी को भगाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घर से मजदूरी के लिए निकली मां व बेटी के घर ना पहुंचने पर मजदूर ने पुलिस को तहरीर सौंप कर अपने एक दोस्त पर उसकी बीबी व बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए दोनो की तलाश शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार दमुवाढूंगा काठगोदाम क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि कोतवाली क्षेत्र में पिछले करीब 6 माह से किराये का कमरा लेकर अपनी 40 वर्षीय पत्नी व एक बेटी और बेटे के साथ रहता है, और दोनों मजदूरी करके घर चलाते हैं। पीड़ित व्यक्ति ने कहा बीती 28 जून को रोज की तरह उसकी पत्नी सुबह बेटी के साथ मजदूरी करने निकली थी, लेकिन फिर न तो पत्नी लौट कर घर पहुंची और न ही बेटी। उसने बताया हर जगह उनकी खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नही चला। पीड़ित ने शक जाहिर करते हुए तहरीर में कहा कि उसके घर पर उसके एक दोस्त का आना-जाना था और उसनी ने उसकी पत्नी व बेटी को भगा ले गया। पुलिस ने पिड़ित की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी।

## समस्याओं को लेकर विधायक से की मुलाकात

**कोटद्वार** । यमकेश्वर विधान सभा के सिमलना मल्ला के गौड़ भ्रातृ मण्डल से जुड़े सदस्यों ने मण्डल अध्यक्ष सोम प्रकाश गौड़ और ग्राम प्रधान राजेन्द्र कुमार गौड़ के नेतृत्व में स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट से गंगा भोगपुर में गांव की समस्याओं को लेकर मुलाकात की।

वहीं इंटरमीडिएट कालेज पोखरी अजमीर के प्रधानाचार्य मनव. रलाल भारती और ग्राम जौरासी के प्रधान चण्डी प्रसाद कुकरेती ने भी इण्टरमीडिएट कॉलेज पोखरी अजमीर को इण्टर कक्षा में विज्ञान वर्ग के लिए सवित्त मान्यता प्रदान करने की मांग की। इस पर विधायक रेनू बिष्ट ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

## नैनीताल कांड पर राज्य निर्वाचन आयोग ने बैठाई जांच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला पंचायत नैनीताल के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान हुए हंगामे और पांच जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण मामले में राज्य निर्वाचन आयोग ने जांच बैठा दी है साथ ही निर्वाचन आयोग ने नैनीताल जिले के जिला. धिकारी व एसएसपी समेत भापजा और कांग्रेस के दोनों प्रत्याशी दीपा दरमवाल और पुष्पा नेगी को जिला पंचायत सदस्य पूनम बिष्ट समेत नव निर्वाचित पांचों सदस्य डिकर सिंह मेवाड़ी, दीप बिष्ट, प्रमोद कोटलिया, विक्रम जंतवाल तथा तरुण कुमार शर्मा को नोटिस जारी कर 5 सितंबर शुक्रवार को आयोग के समक्ष पक्ष रखने को कहा है। बताते चलें कि नैनीताल में जिला पंचायत चुनाव के दौरान जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण और हंगामे की घटना के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जांच के आदेश दिए थे जिसके लिए आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत को जांच अधिकारी नामित किया था। आयुक्त दीपक रावत ने भी मामले में अपनी जांच लगभग पूरी कर ली है जिसकी रिपोर्ट अब शासन स्तर पर भेजी जा रही है हालांकि मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन होने के चलते आयुक्त ने रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक नहीं किया है। मामले में हाईकोर्ट में तैनात चुनाव आयोग के अधिवक्ता संजय भट्ट के मुताबिक राज्य निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस और भाजपा के दोनों प्रत्याशियों समेत 5 नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों ओर डीएम और एसएसपी नैनीताल को नोटिस जारी कर आयोग में पेश होने के निर्देश दिए हैं।

## नंदा देवी महोत्सव में सुंदरकांड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में चल रहे 123वें नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत मंगलवार को देवी पूजन के साथ ही सुंदरकांड का विशेष आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों की वजह से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। महोत्सव के तहत कैलाश जोशी, मुकुल जोशी, सुमन साह, भीम सिंह कार्की ने हनुमान जी की आराधाना की गई तथा प्रार्थना की गई कि सभी की ऊर्जा सकारात्मक हो। दिनभर चले अनुष्ठानों को सफल बनाने में सभा के संरक्षक गिरीश जोशी, अध्यक्ष मनोज साह, उपाध्यक्ष अशोक साह, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, महासचिव जगदीश चंद्र बावड़ी समेत बिमल चौधरी, हरीश सिंह राणा, देवेंद्र लाल साह, डा. मोहि. हत सनवाल, राजेंद्र बिष्ट, विमल साह, भुवन बिष्ट, कैलाश जोशी, मो. हित लाल साह, दिनेश भट्ट, ललित साह, घनश्याम लाल साह, राजेंद्र





लाल साह, दीपक साह तथा राजेश साह आदि जुटे रहे।

### लाइव प्रसारण में धर्म, अध्यात्म पर हुई चर्चा

**नैनीताल।** महोत्सव के सीधा प्रसारण में मंगलवार को विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ पर्यावरण, युवाओं का प्रोत्साहन सहित नैनीताल नगर पर व्यापक चर्चा हुई। इसके साथ ही अध्यात्म के साथ नंदा गीत, भजन तथा महाराज नीम करौली बाबा के दर्शनों पर भी चर्चा हुई। सीधा प्रसारण में प्रो. ज्योति सक्सेना, नरेंद्र सक्सेना समेत वरिष्ठ पत्रकार अफजल हुसैन फौजी, तनुज पांडे तथा गौरव जोशी समेत राखी साह, श्रीष साह जगाती, गिरीश साह, रेणुका साह, रक्षित साह, संजू, डा. बसंती रौतेला, नैनिका रौतेला, भुवन सिंह, ईशा साह, मारुति नंदन साह, प्रो. संजय पंत, डा. रितेश साह, प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदीप साह तथा शैलेन्द्र साह शामिल हुए। संचालन प्रो. ललित तिवारी, नवीन पांडे तथा मृणाल नेगी ने किया। वहीं, महोत्सव के तहत शाम के वकत पंच आरती में विधायक सरिता आर्य शामिल हुईं। पंच आरती पंडित चंद्र शेखर तिवारी द्वारा संपन्न कराई गई। पंच आरती के बाद बूंदी का प्रसाद बांटा गया। महोत्सव के तहत जिलाधिकारी वंदना सिंह समेत कई अन्य अधिकारियों ने महोत्सव के तहत चल रहे नियमित भंडारे में मां का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। इस दौरान सभा परिवार की ओर से कमलेश ढौंडियाल समेत कई अन्य पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे।

## संगठन को मजबूत बनाएगी कांग्रेस - सोफिया फिरदौस

**कोटद्वार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक व ओडिशा की कटक विधानसभा विधायक सोफिया फिरदौस ने कहा है कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाएगी। पार्टी से नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर भाजपा की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कोटद्वार पहुंची सेफिया फिरदौस ने मंगलवार को स्थानीय होटल के सभागार में प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पंचायत से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना है।

## विपिन पांडे ने आरोपों को बताया षड्यंत्र

### भाजयुमो के प्रदेश मंत्री ने कहा- मेरे खिलाफ राजनैतिक द्वेषभावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार और झूठा करार दिया है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक द्वेष भावना से प्रेरित लोगों ने पुलिस प्रशासन में अपनी पैठ का नाजायज लाभ लेकर उनकी राजनी. तिक, सामाजिक जीवन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर बाधा डालने का एक षडयंत्र के तहत आपराधिक प्रयास किया है। बता दे कि देवपुर देवका कमलुवागांजा निवासी टीकम सिंह देवका ने पुलिस को तहरीर देकर भाजयुमो नेता पर अपनी काली स्कॉर्पियो से बाइक को टक्कर मारने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद विपिन पांडे के खिलाफ मुखानी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। नवाबी रोड स्थित कार्यालय में मंगलवार को भाजयुमो प्रदेश मंत्री विपिन पांडेय ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि टीकम सिंह देवका ने वास्तविक तथ्यों को छुपाते हुए और असत्य एवं भ्रामक तथ्यों को आधार बनाकर आरोप लगाये। मुखानी पुलिस ने प्रारंभिक जांच किये और घटना की सत्यता की पुष्टि किए बगैर ही प्रथम सूचना रिपोर्ट के रूप में दर्ज कर लिया जो पक्षपातपूर्ण कार्यवाही है। उन्होंने कहा कि टीकम सिंह देवका ने अपनी शिकायत में जिस पवन कुमार रल्हन का पैर फ्रैक्चर होना बताया वह झूठ है। इस संबंध में पवन कुमार रल्हन ने स्वयं थाने जाकर कई बार उक्त घटना का खंडन किया, लेकिन इसके बावजूद भी मुखानी पुलिस ने पवन कुमार रल्हन की ओर से कोई लिखित शिकायत न होते हुए भी झूठे मामले को आगे बढ़ाया। इस पुलिस कार्यवाही से क्षुब्ध होकर पवन कुमार रल्हन ने एसएसपी कार्यालय में लिखित पत्र देकर वास्तविकता से उन्हें अवगत कराया है। पांडेय ने बताया कि जिस जगह यह घटना हुई, उस जगह के सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास उपलब्ध है। पांडेय ने कहा कि टीकम सिंह देवका की शिकायत में पीछे से टक्कर मारने का प्रयास वाला कथन झूठा होने की पुष्टि दो-दो इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से हो रही है, इसके बावजूद भी पुलिस उन्हें और पवन कुमार रल्हन को परेशान कर रही है। वही पवन कुमार रल्हन ने कहा कि उनके साथ कोई आपराधिक घटना नहीं हुई है, अगर ऐसा कुछ भी घटित होता तो वे स्वयं थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते।



## नगर पंचायत सतपुली में पर्यावरण मित्रों ने दिया धरना

**सतपुली** । नगर पंचायत सतपुली में सफाई व्यवस्था को लेकर जून माह में साईं एवन सर्विसेज देहरादून को अनु. बंधित किया गया । कंपनी द्वारा पर्यावरण मित्रों से किए जा रहे अभद्र व्यवहार व कर्मचारियों के शोषण को लेकर पर्यावरण मित्र मंगलवार को नगर पंचायत सतपुली में धरने पर बैठ गए। इस दौरान पर्यावरण मित्रों ने सफाई व्यवस्था के लिए अनुबंध कंपनी के विरोध में जमकर नारेबाजी की । पर्यावरण मित्रों का कहना है कि कंपनी के प्रतिनिधि रविंद्र रावत द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है।

● विश्व प्रत्यारोपण खेल

# भारतीय एथलीटों ने जीते 63 पदक

**सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उपलब्धियों की सराहना की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑर्गन इंडिया, गैर सरकारी संगठन पाराशर फाउंडेशन और भारतीय दल के टीम प्रबंधकों की एक पहल, ने जर्मनी के ड्रेसडेन में विश्व प्रत्यारोपण खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों को गर्व से आज सम्मानित किया।

भारत की भागीदारी के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में, ऑर्गन इंडिया टीम ने खेलों में देश के अब तक के सबसे बड़े दल की तैयारी, प्रशिक्षण, प्रायोजन की व्यवस्था और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और उनके जज्बे की सराहना की। इस वर्ष, 57 एथलीटों (49 अंग प्राप्तकर्ता और 8 जीवित दाता) ने 17 खेलों में 51 देशों के 1,600 प्रतिभागियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, ये खेल एथलेटिक उत्कृष्टता का उत्सव और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और दाताओं की ताकत का एक वैश्विक प्रमाण हैं। भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 63 पदक (16 स्वर्ण, 22 रजत, 23 कांस्य) हासिल किए, जो पर्थ 2023 में जीते गए 35 पदकों से लगभग दोगुना है और कुल मिलाकर 13वां स्थान प्राप्त किया। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करते हुए, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल में पहली टीमों ने विशिष्टता के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिसमें तीरंदाजी ने दो पदक जीते। एथलीट राजस्थान, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, गोवा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और दिल्ली से आए थे। वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके, भारत के एथलीटों ने अपने गृहनगरों और पूरे देश में चर्चाओं को जन्म दिया है, परिवारों को अंगदान करने और एक ऐसी बुनियादी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है जहां अंगदान को जीवन बचाने वाले उदारतापूर्ण कार्य के रूप में देखा जाता है। यह उपलब्धि दिनेश व्यास पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के लगातार दूसरी बार दिए गए अटूट समर्थन और सुब्रोस के बहुमूल्य सहयोग से संभव हुई, जिनके योगदान से यह आयोजन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। गीके लवलडग, टू द न्यू, ऑर्गन ट्रांसप्लांट ट्रस्ट, मैकलॉड फार्मा, डॉ. ओ.पी. भल्ला फाउंडेशन और प्यूमा जैसे समर्थकों के आभारी हैं जिन्होंने एथलीटों के लिए सभी किट प्रायोजित करने में योगदान दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि, स्पेशल ओलंपिक भारत के अध्यक्ष डॉ. मलिक नड्डा, विशिष्ट अतिथि एनओटीटीओ के निदेशक डॉ. अनिल कुमार और दिनेश व्यास ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री कुंती झावेरी, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (प्रशिक्षण भागीदार) के एमडी और सीईओ राजीव कपूर सहित अन्य प्रायोजकों और समर्थकों ने भाग लिया और एथलीटों और उनकी उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाया। मुख्य आकर्षण में, अपनी पत्नी को किडनी देने वाले जसकरन सिंह ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीते, और खेलों के उत्कृष्ट दाता एथलीट का खिताब अर्जित किया। राजस्थान के रामदेव सिंह, जिन्होंने 2012 में अपनी मां से किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था।

# महिला एशिया कप में विश्व कप टिकट दांव पर

● **एशिया कप प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट 5 से 14 सितम्बर तक चलेगा, इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** गोंगशु, चीन महिला एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशिया का प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट, जो 5 से 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें चैंपियन टीम एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 के लिए अपनी टिकट बुक करेगी।

टूर्नामेंट प्रारूप- इस टूर्नामेंट में 8 टीमें होंगी, जिन्हें पूल ए और बी में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 पूल चरण में आगे बढ़ेंगी, जहां टीमें एक द्वितीयक पूल में प्रतिस्पर्धा करेंगी और एक से चार तक रैंक प्राप्त करेंगी। सेमीफाइनल लाइन-अप द्वितीयक पूल के परिणामों के आधार पर तय किया जाएगा, जबकि पहले पूल चरण में प्रत्येक पूल से नीचे की दो टीमें वर्गीकरण और विश्व रैंकिंग अंकों के लिए खेलेंगी।

**पूल ए:** चीन, चीनी ताइपे, कोरिया, मलेशिया

पूल बी: भारत, जापान, थाईलैंड, सिंगापुर

**मैच कार्यक्रम**- टूर्नामेंट की शुरुआत 5 सितंबर को पूल बी के मुकाबलों से होगी, जहां जापान का पहला मैच सिंगापुर से होगा और उसके बाद भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा। इसके बाद पूल ए के मैच होंगे, जहां सभी 8 टीमें पहले दिन मैदान में उतरेंगी। कोरिया बनाम चीनी ताइपे के मैच से पूल ए की शुरुआत होगी और फिर दिन का अंतिम मैच मेजबान चीन और मलेशिया के बीच होगा। महिलाओं की प्रतियोगिता का प्रारंभिक पूल चरण 5 से 8 सितंबर तक खेला जाएगा, उसके बाद द्वितीयक पूल चरण, पोज़िशनल प्लेऑफ और पदक मैच 10 से 14 सितंबर तक खेले जाएंगे।

**विश्व कप योग्यता**-महिला प्रतियोगिता की विजेता टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स के बीच होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान मिलेगा।

एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 की महिला प्रतियोगिता के लिए अब छह टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड्स, इस आयोजन के मेजबान होने के कारण, सीधे क्वालीफाई कर गए हैं। जर्मनी और अर्जेंटीना ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले दो संस्करणों के माध्यम से क्वालीफाई किया था। अमेरिका ने पैन अमेरिकन कप के माध्यम से और स्पेन ने यूरोहॉकी चैंपियनशिप के माध्यम से क्वालीफाई किया। एशिया के साथ-साथ, अफ्रीका और ओसनिया में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप इस आयोजन के लिए तीन सीधे क्वालीफायर तय करेंगी, जबकि शेष सात टीमें 2026 में एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई करेंगी। पैन अमेरिकन कप और यूरो हॉकी चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित महिला टीमों ने एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026 के लिए क्वालीफाई किया है: उरुग्वे, चिली, कनाडा, आयरलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, इटली, वेल्स, स्कॉटलैंड, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड, इसके अलावा आगामी एशिया कप से चार और ओसनिया कप से एक टीम क्वालीफाई करेगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### कमिंस को लगी चोट न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैचों से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** पैट कमिंस को नवंबर में शुरू होने वाली घरेलू एशेज श्रृंखला की तैयारी के दौरान आराम मिलेगा, क्योंकि स्कैन में उनकी पीठ में 'काठ की हड्डी में खिंचाव' का पता चला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इस ऑलराउंडर को 'और अधिक प्रबंधन की आवश्यकता होगी', और उन्हें न्यूजीलैंड (अक्टूबर में) और भारत (अक्टूबर-नवंबर में) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। यह समस्या ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज दौरे के बाद नियमित जांच के दौरान सामने आई थी।

### न्यूजीलैंड ने क्रेग मैकमिलन को कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की कोशिश में न्यूजीलैंड ने अपने कोचिंग कौशल को मजबूत किया है और क्रेग मैकमिलन को पूर्णकालिक आधार पर कोच नियुक्त किया है। मैकमिलन पिछले साल अंशकालिक अनुबंध पर टीम में शामिल हुए थे और उन्होंने व्हाइट फर्न्स को यूएई में महिला टी-20 विश्व कप में सफलता दिलाने में मदद की थी। ब्लैक कैप्स के पूर्व ऑलराउंडर मुख्य कोच बेन सॉयर के नेतृत्व में महिला टीम को बैटिंग व क्षेत्ररक्षण, दोनों विभागों में सहयोग देंगे। इस घोषणा पर मैकमिलन ने कहा कि व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका को पाकर मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का खेल लगातार बेहतर होता जा रहा है और मैं अपनी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करना जारी रखने और उन्हें अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं।

# युकी-वीनस अहम मुकाबले को तैयार



● **पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में नोवाक का सामना टेलर से सुबह छह बजे होगा**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** यूएस ओपन एक महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां आगे कई बड़े मुकाबले होने वाले हैं। जिरी लेहेका का सामना पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज से होगा, आज रात 10:30 बजे भारतीय समयानुसार। आर्यना सबालेंका का सामना महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मार्केटा वोंद्रोसोवा से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 4:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा, इसके बाद पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच का सामना टेलर फ्रिट्ज से सुबह 6:00 बजे होगा। पुरुष युगल में, माइकल वीनस और युकी भांबरी का सामना राउंड ऑफ 16 में टिम पुट्ज और केविन क्राविएट्ज से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 2:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा।

यूएस ओपन 2025 के 9वें दिन कई उल्लेखनीय परिणामों के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की और कोर्ट पर असाधारण दबदबा दिखाया। अमांडा अनिसिमोवा ने एक बघी जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नाओमी ओसाका ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करते हुए कोको गॉफ को हराकर 2021 के बाद से अपने पहले बड़े क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। युगल में, वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। ऑगर-अलियासिमे भी आंद्रेई रुब्लेव पर सीधे सेटों में जीत के साथ आगे बढ़े। ऐश व लुई स्टेडियम में दिन भर के रोमांचक मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांचक दौर की नींव रखी।

# यूएई पर अफगानिस्तान की जीत

● **राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया**

**शारजाह, वार्ता।** राशिद खान ने आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ी के रूप में अपनी साख और मजबूत कर ली है। वे संयुक्त अरब अमीरात पर अफगानिस्तान की जीत के साथ पुरुषों की टी-20 विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

लेग स्पिनर ने एक बार फिर अपने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया और सोमवार रात 38 रनों की जीत में चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लेकर अमीराती मध्यक्रम को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह उन्होंने न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ते हुए इस प्रारूप में 165 विकेट अपने नाम कर लिए। शरफुद्दीन अशरफ ने खतरनाक बल्लेबाज मुहम्मद वसीम (37 गेंदों में 67 रन) को आउट किया था, और इसके बाद राशिद ने चार गेंद बाद ही साथी बल्लेबाज आसिफ खान (1) को आउट कर मैच मेजबान टीम से छीन लिया।

एथन डिसूजा (12) को आउट करने के बाद, आसिफ के विकेट ने राशिद को साउदी की बराबरी पर ला दिया। लेग स्पिनर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर ध्रुव पाराशर (1) की गेंद पर बाहरी किनारा लेते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ध्रुव पाराशर को सब-फील्डर मोहम्मद इशाक ने कैच कर लिया। अफगानिस्तान की यह त्रिकोणीय श्रृंखला में पहली जीत है, क्योंकि पहले मैच में उसे पाकिस्तान से 39 रनों से हार का



सामना करना पड़ा था। इससे पहले, इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के बीच 84 रनों की साझेदारी ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला, जिसके बाद करीम जनत और 2024 आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अजमतुल्लाह उमरजई की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को 188 रनों तक पहुंचाया, जिसमें बैकएंड पर तीन ओवरों में बनाए गए 49 रन शामिल थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राशिद और अफगानों के सामने यूएई को राहुल चोपड़ा के लिए कोई जोड़ीदार नहीं मिल पाया, जिन्होंने हार के दौरान 35 गेंदों में नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली थी।

# सिनर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**न्यूयार्क, वार्ता।** प्रमुख सीजन में जैनिक सिनर ने कमजोरी के संकेत कम ही दिखाए हैं। यूएस ओपन के तीसरे दौर के मैच के दौरान, एक पल के लिए, इतालवी खिलाड़ी फ्री-स्विंगिंग डेनिस शापोवालोव के सामने जोखिम में दिखे, जिन्होंने पहला सेट जीतकर तीसरे सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी। उस मुकाबले में संघर्ष करने के बाद, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने सोमवार को शानदार वापसी की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शानदार सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाया। सिनर ने कहा कि कुल मिलाकर मैं बहुत-बहुत खुश हूं। इस साल पहली बार मैं यहां नाइट मैच खेल पा रहा हूं और इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। मैं सभी का आने और उत्साहवर्धन करने के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। यह हम खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही खास मौका है, इसलिए आप सबका बहुत-बहुत शुक्रिया। यह सिनर की मेजर टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने रौलां गैरोमें तीसरे दौर में जिरी लेहेका को 6-0, 6-1, 6-2 से हराया था। बुब्लिक आर्थर ऐश स्टेडियम के अंदर कोर्ट पर उतरे थे, जब उन्होंने तीन राउंड तक एक भी सर्विस गेम नहीं गंवाया था। लेकिन सिनर ने मैच के अपने पहले दो रिटर्न गेम तुरंत जीत लिए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंदी की सर्विस आठ बार तोड़ी और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना करते हुए एक घंटे 21 मिनट में मैच जीत लिया। यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे कम समय में पूरा हुआ पुरुष एकल मैच था। सिनर ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। हमारे बीच कुछ कड़े मुकाबले हुए हैं, खासकर इस साल, इसलिए अब हम एक-दूसरे को थोड़ा बेहतर जानते हैं कि हम कैसे खेलते हैं। उन्होंने बस बधाई दी और मुझे शुभकामनाएं दीं। पिछला मैच उनके लिए बहुत मुश्किल था, पांच सेट खेले और बहुत देर से खत्म हुआ।



● **सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ बढ़ाया कदम**

# वनडे विश्व कप और टेस्ट पर फोकस रखने के लिए स्टार्क का टी-20 से संन्यास

**मेलबर्न, वार्ता।** मिचेल स्टार्क ने अगले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम और 2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की है। 35 वर्षीय स्टार्क ने 65 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आखिरी बार कैरेबियन में 2024 विश्व कप में इस प्रारूप में खेला था। उनके 79 टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट वर्तमान में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे स्थान पर रखते हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट लेना है जो उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया है, खासकर 2021 विश्व कप में, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते, बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय ग्रुप में थे और उस दौरान जो मजा आया वह शानदार था। 2026 के मध्य से ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट क्रिकेट में एक व्यस्त दौर का सामना करना पड़ेगा जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, द.अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट मैच, एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र 150वां वर्षगांठ मैच और फिर 2027 के मध्य में विदेशी धरती पर एशेज सीरीज शामिल है।

कार्यालय उप महाप्रबन्धक (तकनीकी)
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
मण्डी भवन, कलेक्ट्रेट परिसर
रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)
Ph: 05944/250056, Fax: 05944/250056
पत्रांक: नि०/कृ०/निविदा सूचना/2025-447 दिनांक: 02/09/2025
निविदा सूचना
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23.09.2025 को ... [illegible] ... निविदा दिनांक 22.09.2025 तक ... [illegible]
उप महाप्रबन्धक(तकनीकी)

# बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल ने रुख बदला, आगामी बीसीबी चुनाव लड़ने को तैयार



**ढाका, वार्ता।** आगामी चुनाव कराने के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने अपना रुख बदल दिया है और उन्होंने अक्टूबर के पहले सप्ताह में होने वाले अगले चुनाव में भाग लेकर बोर्ड का हिस्सा बनने का फैसला किया है।

तमीम इकबाल द्वारा आगामी चुनाव में भाग लेने का फैसला करने के कुछ दिनों बाद बुलबुल ने आगामी बोर्ड चुनावों में भाग लेने के अपने इरादे की पुष्टि की। वर्तमान में बीसीबी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत बुलबुल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह आगामी चुनावों में निदेशक पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को सिलहट जिला स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद बुलबुल ने पत्रकारों से कहा कि मैं देश में क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से और ज्यादा काम करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि इंशाअल्लाह, हम अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव कराएंगे। हम निष्पक्ष चुनाव कराएंगे। उन्होंने कहा कि यहां अध्यक्ष का चुनाव सीधे तौर पर नहीं होता - बल्कि निदेशकों का चुनाव होता है। यही हमारा पहला उद्देश्य है और मैं इसका हिस्सा बनने की कोशिश करूंगा।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेल: cb3038@canarabank.com
ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com/ (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड), (सम्पर्क न. 8291220220, ईमेल: Support.BAANKNET@psballiance.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की 10% ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड https://baanknet.com/ पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा; मैसर्स एसआरएल ग्राफिक्स (पार्टनरशिप फर्म) सी/ओ शिव कुमार ... रुद्रपुर 263153 ... [illegible] | भूमि का ईएमटी खसरा संख्या 489/4 ... [illegible] (संपत्ति बैंक के सांकेतिक कब्जे में है) | 19.07.2023 तक रु. 80,85,554.73 ... [illegible] | a. रु. 33.00 लाख b. रु. 3.30 लाख c. रु. 0.50 लाख d. 01.09.2025 | 25.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 24.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति ... [illegible] मो. 9811237992 ... मो. 8826933887 |
| 2. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा; श्री निखिल भाटिया पुत्र भरत लाल भाटिया ... कोटद्वार, उत्तराखंड-246149 ... [illegible] | खाता संख्या 58, खेत संख्या 131, ... कोटद्वार ... [illegible] (संपत्ति बैंक के सांकेतिक कब्जे में है) | रु.60,75,770.62 ... 21.12.2023 तक ... [illegible] | a. 63,00,000/- b. 6,30,000/- c. 50,000/- d. 29.08.2025 | 25.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 24.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति ... [illegible] मो. 9928875879 ... मो. 8826933887 |

दिनांक: 02.09.2025, स्थान: नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

# आपदा की घड़ी में जनसेवा की मिसाल बनें : पीएस धामी

## सीएम ने भारी बारिश के बीच ट्रैक्टर से लक्सर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में किया स्थलीय निरीक्षण, राहत कार्यों के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** राज्य में जारी भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के चलते उत्पन्न संकट की स्थिति के बीच मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी आज सबसे पहले हरिद्वार जिले के लक्सर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचे। कठिन परिस्थितियों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर के माध्यम से ग्रामीण और जलमग्न क्षेत्रों तक पहुँचकर स्थलीय निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। मुख्यमंत्री धामी ने मौके पर उपस्थित जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन अधिकारियों को तत्काल राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों की सुरक्षा, आवास, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है। हम हर संभव सहायता उपलब्ध कराएँगे और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार को सरकार की ओर से यथासंभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने लक्सर हरिद्वार के गावों में जाकर जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कें, टूटे हुए पुल एवं जल से घिरे घरों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उनकी



जरूरतों की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि राहत कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत शिविरों की पर्याप्त व्यवस्था और उनमें समुचित भोजन, पानी, दवाइयाँ एवं साफ-सफाई की व्यवस्था हो। जिन परिवारों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। किसानों को हुई फसल क्षति का त्वरित आंकलन कर मुआवजा प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिकित्सा सुविधाएं दी जाएं। मुख्यमंत्री धामी के इस दौरे से स्थानीय जनता में एक सकारात्मक संदेश गया है और लोगों ने संकट की इस घड़ी में सरकार द्वारा दिखाई जा रही तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा,जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, विनय रोहिला, संजय गुप्ता,पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद,जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा, श्यामवीर सैनी, जयपाल चौहान, ओमप्रकाश जमदग्नि, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल,अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, एसपी देहात शेखर सुयाल, एस पी क्राइम जितेंद्र मेहरा, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, एसडीएम लक्सर सौरभ असवाल,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत एवं अन्य जिला प्रशासन के अधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मुए मुबारक की ऐतिहासिक जियारत से रोशन होगा रुड़की

## 3 से 6 सितम्बर तक 'जश्न-ए-खैरुल वरा' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ईद-ए-मिलादुन्नबी की पुरनूर फिजाओं में इस साल भी अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसायटी (रुड़की चैप्टर) 'जश्न-ए-खैरुल वरा' का छठा सीजन मनाएगी। यह आयोजन 3 से 6 सितम्बर तक उमर एन्क्लेव, रामपुर रोड पर होगा, जिसमें इंसानी खघ्दिमत, रूहानी इबादत और हुजूर की शान में तराने शामिल होंगे।

अध्यक्ष कुंवर शाहिद ने बताया कि 12 रबी-उल-अव्वल (5 सितम्बर) वह मुबारक दिन है जब हुजूर-ए-अकरम सारे आलम के लिए रहमत बनकर तशरीफ लाए। उनकी सीरत इंसाफ, रहम और सच्चाई का मुकम्मल पैगाम है। कार्यक्रम-सार-3 सितम्बर ख्र रक्तदान शिविर, 4 सितम्बर ख्र अस्पतालों में फल वितरण, 5 सितम्बर ख्र साबिर पाक की चादर के इस्तकघ्बाल, सड़क पर शाकाहारी लंगर और शाम को महफिल-ए-समां। इसमें पीलीभीत से सय्यद डॉ. बिलाल मियां की सदारत में लखनऊ के मशहूर कघ्व्वाल कमर वारसी नातिया कलाम पेश करेंगे। 6 सितम्बर ख्र नगर निगम हॉल में नात-ए-पाक कम्पटीशन (2 बजे से 5 बजे



तक)। कोषाध्यक्ष अमजद अली ठेकेदार ने बताया कि इस बार रुड़की के इतिहास में पहली बार हजरत मुहम्मद के दाढ़ी मुबारक (मुए मुबारक) और खघ्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेर शरीफ की टोपी मुबारक की जियारत कराई जाएगी। इंतजामिया ने अपील की है कि लोग जियारत के दौरान अदब, खघमोशी और अनुशासन बनाए रखें। वालंटियर आसिफ अली उर्फ हैदर ने कहा कि खघैरुल वरा का मतलब है ष्मखघ्लूकघत में सबसे बेहतरीनष यानी हुजूर, और यही जश्न मोहब्बत, भाईचारे व अमन का पैगाम है। समापन पर अमन-ओ-सलामती और मुल्क-ओ-मिल्लत की तरक्की के लिए दुआ की जाएगी। इस मौके पर साकघ्बि मलिक, शहजाद अहमद, इनाम सबिर, गुड्डू साबरी बाबा, जुल्फिकार अहमद, आदिल गौड़, नसीम मलिक, शाहिद नूर, रिजवान अली आदि मौजूद रहे।

## बीएसएम इंटर कॉलेज में भारत स्काउट गाइड के शिविर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान शिविर के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षण संस्थान के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और विशिष्ट अतिथि के तौर पर संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता ने प्रतिभागी सभी स्काउट और गाइड स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का अपने संस्थान में स्वागत किया और स्काउट और गाइड को संबोधित करते हुए कहा की की स्काउट शिविर में सभी स्काउट और गाइड विपरीत परिस्थिति में किस प्रकार जीवन जीना है और किस प्रकार हर परिस्थिति के लिए अपने आप को तैयार करना है वह आप इस शिविर में सीखेंगे आप सब ने देखा है की किस प्रकार धराली आपदा में स्काउट और गाइड ने जरूरतमंदों को सहायता सामग्री पहुंचाई और उनकी हर संभव मदद की दोनों अतिथियों ने सभी स्काउट गाइड को अपनी शुभकामना दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अजाय कौशिक ने कहा की स्काउट गाइड के सिद्धांतों को अपना कर एक स्काउट और गाइड अपने समाज अपने विद्यालय और अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन करते हैं और विकट परिस्थितियों में किस तरह जीवन को जीना है यह स्काउट और गाइड से बेहतर कोई संस्था नहीं सिखा सकती आप यहां 5 दिन के शिविर में नियम प्रतिज्ञा प्रार्थना गीत सिद्धांत ध्वज शिष्टाचार और अनुशासन को सीखेंगे और किस तरह अनुशासन आपको अपने जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा देता है। शिविर संचालिका श्रीमती शशि लता जैन जी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा। इस अवसर पर अंजलि सोनिया सिंह वंदना वर्मा बबीता त्यागी रश्मि गुप्ता लता रानी मीनाक्षी रावत मंजू देवी गीता मेहंदी रत्ता अमित शर्मा शाहिद बानो गीता मनपाल छवि रानी नीतू शर्मा रीता मैडम आदि उपस्थित रहे शिविर में प्रथम दिन 172 बच्चों ने प्रतिभाग किया मंच संचालन विशाल कुमार शर्मा ने किया।

## सीडीओ ने किया ग्रामोत्थान परियोजना के तहत स्थापित बीज बैंक का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**गुरुकुल नारसन।** जनपद के नारसन विकासखंड में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से स्थापित बीज बैंक का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्रीमती आकांक्षा कोण्डे द्वारा किया गया। यह बीज बैंक नारसन के मखदुमपुर में स्थित नारी शक्ति सीएलएफ में स्थापित है।

निरीक्षण के दौरान, सीडीओ श्रीमती आकांक्षा कोण्डे ने बीज बैंक के प्रमाणीकरण (सर्टिफिकेशन) पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने सीएलएफ की महिला सदस्यों के साथ बातचीत की और फसलों की उपज तथा बीजों की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रमाणीकरण से बीजों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी, जिससे किसानों को बेहतर उपज मिलेगी। सर्टिफिकेशन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए, सीडीओ ने जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना और खंड विकास अधिकारी सुभाष सैनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर प्रमाणीकरण होने से यह बीज बैंक अपनी पूर्ण क्षमता से काम कर पाएगा और स्थानीय किसानों को लाभ पहुंचा सकेगा। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोण्डे के साथ सहायक परियोजना निदेशक सुश्री नलिनीत घिल्डियाल, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, खंड विकास अधिकारी सुभाष सैनी, केवीके धनौरी के स्टाफ, सहायक कृषि अधिकारी नारसन, एनआरएलएम और रीप परियोजना के ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी, सीएलएफ के बीओडी सदस्य और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आम कार्यकर्ता व नेताओं के राय-मशवरे से होगा जिला कांग्रेस का गठन

## राष्ट्रीय नेता तय करेंगे जिलाध्यक्ष का नाम : तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आम कार्यकर्ता वं नेताओं की राय से ही अब कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष चुनेगा। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिले में जाकर कार्यकर्ताओं से राय सुमारी कर रहे हैं।

आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के कांग्रेस के पर्यवेक्षक एवं राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा सांसद, विधायक और स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगठन के सृजन में प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी होनी चाहिए इसलिए सभी से रायसुमारी होगी। जिसमें जिलाध्यक्ष के पद के लिए नाम लिए जाएंगे। इसके साथ ही मंडल,ब्लॉक और बूथ की कमेटी का भी गठन कार्यकर्ताओं की रायसुमारी से होगा। जिलाध्यक्ष के लिए आए नामो को पार्टी हाइकमान के सामने 16 सितंबर तक रखा जाएगा और उनमें से ही एक अध्यक्ष स्थानीय परिस्थिति के आधार पर तय होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का पदाधिकारी उसे ही चुना जाएगा जिन्हें पार्टी में कम से कम पांच वर्ष हो गए हों। उन्होंने बताया जिलाध्यक्ष



चयन में प्रदेश के नेताओं की सिफारिश नहीं बल्कि सीधे राष्ट्रीय नेता सीधे तय करेंगे कि जिले की कमान ऐसे हाथों में हो जो पार्टी की रीति नीति को समझता हो।कांग्रेस पर्यवेक्षक ने कहा किइस बार संगठन को मजबूती देने के लिए ईमानदारी से क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं की रैली जा रही है जो भी मजबूत सार्वजनिक पहचान वाला कार्यकर्ता होगा उसे ही संगठन की जिम्मेदारी दी जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एवं झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाति, भगवानपुर विधायक ममता राकेश,मनोज नौटियाल, मदन लाल, परवेजअहमद,राव बिलावर, सुधीर शांडिल्य, सचिन चौधरी, वीरेंद्र ठाकुर, आशीष सैनी, मेलाराम प्रजापति,राव शेर मोहम्मद,राव कुर्बान, रीतू कंडियाल, आदित्य राणा आदि मौजूद रहे।

## सरकारों की उपेक्षा से शहीद आन्दोलनकारी न्याय से वंचित : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड के शहीद हम शर्मिंदा हैं, तुम्हारे कातिल जिंदा हैं। आज उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति द्वारा 1सितम्बर खटीमा एवं 2सितम्बर 1994में मसूरी में उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर संघर्ष रत आन्दोलनकारियों के बलिदान दिवस पर अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति के सभागार में श्रद्धांजलि सभा की गई।

इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि उत्तराखंड राज्य बने 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं परन्तु अभी तक की सरकारें राज्य संघर्ष के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर गये बलिदानियों एवं जिन मां बहिनों की स्मिता लूटी गई उन्हे न्याय नहीं दिला सके ,यह आन्दोलनकारियों और सरकार के लिए शर्म की बात है। काला ने कहा अगर सरकार में एक भी राज्य संघर्ष का आन्दोलनकारी होता तो वह सबसे पहले शहीद आन्दोलनकारियों, मातृशक्ति एवं राज्य आंदोलनकारियों को न्याय दिलातेध् सरकार के मुखिया,मन्त्री और सन्त्री शहीद स्मारकों पर घड़ियाली आंसू बहाकर बहुत बड़ी -बड़ी घोषणाएं तो करते हैं परन्तु उन्हें पूरा करने एवं न्याय की आश करना बेमानी साबित हो रहा है। अन्त में शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पीआरडी जवानो ने किया नारसन ब्लॉक में हंगामा

**मंगलौर।** के नारसन ब्लॉक में आज काफी संख्या में पी आर डी के जवानों ने प्रदर्शन कर अपने आला अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा काटा और कहा कि बी ओ और डी ओ की हठधर्मी के चलते उनकी ड्यूटी 30 से 40 किलोमीटर की दूरी पर लगाई जा रही है जिसके चलते उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनकी सैलरी मात्र 650 रुपये है जिस कारण उन्हें इतनी लंबी ड्यूटी पर जाने में काफी रुपये खर्च हो जाते है। उन्होंने आरोप लगाए की जो नारसन के रहने वाले है उनकी ड्यूटी हरिद्वार और हरिद्वार के रहने वालों की ड्यूटी नारसन में जानबूझकर लगाई जा रही है जिसके चलते आज काफी संख्या में इस बात को लेकर विरोध किया गया है।

### आईआईटी का 25वां दीक्षांत समारोह 5 सितंबर को

## 2614 छात्रों को मिलेंगी डिग्रियां, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की का 25 वाँ दीक्षांत समारोह पांच सितंबर को होगा। इस वर्ष 2614 छात्र छात्राओं को डिग्रियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह होंगे।

आईआईटी परिसर स्थित सीनेट हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्थान निदेशक केके पंत ने कहा इस 25 वें दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जितेंद्र सिंह होंगे। उनके साथ प्रोफेसर डॉक्टर निर्मलजीत सिंह कलसी (सेवानिवृत आईएएस) कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिशासक परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर वीवीआर मोहनरेडी करेंगे। वहीं दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि संस्थान के एल्युमिनाई और विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2614 छात्र छात्राओं को डिग्रियां दी जाएंगी। जिनमें 1267 स्नातक स्तर पर,847 स्नातकोत्तर स्तर पर एवं 500 छात्र छात्राएं पीएचडी के शामिल हैं। इसमें 24 प्रतिशत यानी 602 छात्राएं जिसमें 178 पीएचडी छात्राएं है। इनमें 70 छात्र छात्राएं विदेशी भी शामिल हैं। उप निदेशक यूपी सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम स्नातक छात्रों को उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ आईआईटी की उत्कृष्टता,नवाचार एवं राष्ट्र सेवा की 178 वर्षों की विरासत को दर्शाता है। कहा जैसे जैसे संस्थान अनुसंधान नवाचार एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रहा है हम भविष्य के नेताओं को विकसित करने और समग्र समाज की प्रगति को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। पत्रकार वार्ता का संचालन डीन एकेडमिक प्रोफेसर एन के नवानी ने किया।

## तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** आज तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में जिला अधिकारी के आने की बात सभी को पता थी जिसके चलते शिकायतकर्ता भारी तादाद में तहसील दिवस में पहुंचे लेकिन जिलाधिकारी के आने से पहले ही तहसील दिवस में पहुंचे शिकायतकर्ता असंतुष्ट नजर आए। किसान के खेत पर बिना पूर्व सूचना के स्मार्ट मीटर लगाए जाने की शिकायत पर शिकायतकर्ता विद्युत विभाग के एसडीओ और शिकायत सुन रहे उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल से असंतुष्ट नजर आये।

शिकायतकर्ता ने सभी के सामने तहसील दिवस को शिकायतकर्ताओं के साथ एक मजाक का नाम दिया साथ ही अन्य शिकायतकर्ताओं ने भी बताया कि उनके द्वारा भी तहसील दिवस में पहले शिकायत की गई है जिन पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई जो पूरी तरह जनहित में है शिकायतकर्ताओं ने कहा कि लक्सर में तहसील दिवस केवल एक मजाक है लोगों के साथ एक धोखा है सरकार के पैसे का दुरुपयोग है जो लक्सर प्रशासन खुलकर कर रहा है जबकि लक्सर उपजिलाधिकारी का कहना है कि कि अभी तक तहसील दिवस में कुल 11 शिकायत आई है जिनमें ज्यादातर का समाधान इसी पटल पर करने की कोशिश की जा रही है। तहसील दिवस की कार्रवाई के बीच में ही लक्सर उप जिलाधिकारी मुख्यमंत्री के प्रोग्राम में चले गये।

### उत्तराखंड मुक्त विवि के प्रचार प्रसार अभियान के तहत

## छात्रों के बीच जागरूकता कार्यक्रम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय रुड़की क्षेत्र के अंतर्गत रुड़की में एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में यूओयू के पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का आहवाहन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य सरकार में माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति,क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गौतमबीर,मुख्य वक्ता सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.बृजेश बनकोटी ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक,जिला महामंत्री अरविंद गौतम ने संयुक्त रूप से किया।

मुख्य वक्ता सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.बृजेश बनकोटी ने कहा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति, कही से भी और किसी भी समय विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकता है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उच्च शिक्षा में ग्रोस एनरोलमेंट रेश्यो 2035 तक 50% तक पहुंचाने में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने की अपील की तथा कहा कि जिसके अंदर पढ़ने की ललक है वो किसी भी उम्र और परिस्थिति में पढ़ाई कर सकता है। बीएसएम पीजी



कॉलेज के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ.गौतमवीर ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का लाभ उठाकर अनेकों लोग रोजगार पा रहे है एवं नया नया ज्ञान प्राप्त कर रहे है ।कार्यक्रम में संस्था के निदेशक आदित्य सिंहल,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक,अरविंद गौतम,मंसूर अहमद सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं शामिल रहे।

### सेवानिवृत्त दो कर्मचारियों को नगर पंचायत ने दी विदाई

## सफाई कर्मचारियों को बांटी फर्स्ट एड किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत कार्यालय में तैनात दो कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। साथ ही सफाई कर्मचारियों को फर्स्ट एड किट व रैन कोट का वितरण किया गया।

चैयरमेन व सभासदों व नगर पंचायत कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों को फूलमाला पहनाकर विदाई दी गई। मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में तैनात दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मास्टर सत्तार अली और श्याम बाला सेवानिवृत्त हुए इस मौके पर चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद ने कहा कि वसूली सहायक के पद पर रहे मास्टर सत्तार अली ने 21 वर्ष एवं चपरासी के पद पर रही श्याम बाला द्वारा 20 वर्ष तक पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य किया, दोनों कर्मचारियों का कार्यकाल सराहनीय रहा जिसके लिए इन्हें याद किया जाता रहेगा। विदाई लेते समय दोनों कर्मचारी भावुक हो गए इस मौके पर चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता सभासदों तथा कर्मचारियों ने सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का फूल माला पहना कर विदाई दी। वही सफाई कर्मचारियों को फर्स्ट एड किट व रैन कोट का भी वितरण किया



गया। इस मौके पर चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद सभासद राजेश वालिया, फरमान अली, समद, अजीत सिंह, मुजम्मिल, अनिल भगत, असलम ईओ हेमंत गुप्ता, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, लिपिक अब्दुल रहमान, अमित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# अमेरिका की बौखलाहट

चीन के शहर तियानजिन में शंघाई शिखर सम्मेलन की सफलता को लेकर अमेरिका की भौहें तनी हुई दिखाई दे रही हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि जिस तरह सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच जिस तरह कैमिस्ट्री देखने में आई, इससे अमेरिका का नाराज होना स्वाभाविक ही था। वह अमेरिका से आई प्रतिक्रिया से छिपा भी नहीं है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत ने कारोबार एकतरफा आपदा शून्य टैरिफ की पेशकश अमेरिका से की थी, लेकिन अब देर हो चुकी है, तो ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो भारत के मामले में हस्तक्षेप करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने एक टीवी साक्षात्कार में यहां तक कह दिया कि रूस के तेल से ब्राह्मण मुनाफाखोरी कर रहे हैं और यह सब भारतीय जनता की कीमत पर हो रहा है। ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, इसे रोकने की जरूरत है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी महान नेता हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह पुतिन व जिनपिंग के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं। हालांकि कांग्रेस ने नवारो की यह कहकर आलोचना की है कि वह भारत के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। यह वही नवारो हैं जो रूस-यूक्रेन युद्ध को यूक्रेन-मोदीवार की संज्ञा दे चुके हैं। वह कह चुके हैं कि पीएम मोदी की ही वजह से रूस यूक्रेन से युद्ध कर पा रहा है, क्योंकि अगर वह रूस से तेल लेना बंद कर दें, तो रूस यूक्रेन के साथ जंग बंद कर देगा, मतलब साफ है कि वह रूस से तेल व सैन्य उत्पाद लेकर रूस की आर्थिक मदद कर रहे हैं, जिसके बल पर रूस यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। यह बेतुका तर्क है और पुतिन ने साफ भी कर दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं बल्कि यूरोप और अमेरिका जिम्मेदार है। बात सही भी है नाटो देशों की जिद के चलते ही यह युद्ध भड़का हुआ है। नाटो देश खुलकर यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, जबकि पीएम मोदी ने शंघाई शिखर सम्मेलन में भी रूसी राष्ट्रपति से खुलकर मानवता के आधार पर इस युद्ध को रोकने की अपील की है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी व रूसी राष्ट्रपति पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की तिगड़ी की इस सम्मेलन में जुगलबंदी दिखाई दी, उससे अमेरिका का तिलमिलाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा, लेकिन इसके लिए कोई और नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद व अहंकारी रवैया ही अधिक जिम्मेदार है। भारत ने अपनी तरफ से अमेरिका के साथ हर संभव सहयोग करने की नीति पर काम किया। यहां तक कि अमेरिका को अपने रणनीतिकार का दर्जा दिया, लेकिन बदले में अमेरिका ने क्या दिया। यूं भी अमेरिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अमेरिका दोहरे आचरण वाला देश है। एक तरफ वह भारत व उसके पीएम मोदी को अपना मित्र भी बताता है, दूसरी तरफ वह मनमाना टैरिफ भी ठोकता है। जाहिर है, जिस तरह के बयान अमेरिका की तरफ से आ रहे हैं वह बताते हैं कि अमेरिका का रवैया भारत के प्रति बैर का रूप लेता जा रहा है, ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## मतदाता सूची में सुधार का काम चुनाव आयोग का



वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है, तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है, वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है, तो यह आयोग की गलती है, मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भी भरा है, इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है, इसमें मेरी कोई गलती नहीं है, मतदाता सूची में सुधार का काम उसके बाद कई बार हुआ है, इसके बावजूद मेरा नाम नहीं हटाया गया है, तो इसके लिए आयोग जिम्मेदार है।

**-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति





पवन सिंह

आया तो पुतिन भी था। चुपचाप हवाई जहाज से उतरा। कार में बैठा। जहां जाना था चला गया। काम की बातें कीं। न दांत चियारा। न गले पड़ा। एक और आया। ढोल बजवाता, चियर गर्ल्स नचवाता, कैमरा, ऐक्शन ड्रामा। भारतीय मीडिया को आल्हा और भजन गाने लायक फुटेज भिजवा दिए गए। यह रेड कार्पेट और चियर्स गर्ल्स और दांत चियर्स की देश अब और क्या कीमत अदा करेगा, पता नहीं?

झालर व ऐप विरोध के बीच का सच यह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में चीन व भारत के बीच व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,70,000 करोड़ रुपये) हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के कुल व्यापार घाटे का लगभग 35 फीसदी था। भारत का कुल व्यापार घाटा 283 अरब अमे. रिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह अंतर 85.1 अरब अमेरिकी डॉलर था।

भारत के जबरदस्त प्रभुत्व वाले सार्क देशों के गठबंधन को चीन ने भोथरा कर डाला है। हाल ही में चीन के कुनमिंग शहर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। कहा यह जाता है कि यह बैठक भारत के प्रभाव को छोटे-मोटे एशियाई देशों में भी चौपट करने पर कूटनीतिक का हिस्सा थी। यहां यह बता दूं कि सार्क की बैठक 2016 के बाद से नहीं हुई है। बता दें कि कभी दक्षिण एशियाई देशों का शक्तिशाली संगठन रहा सार्क आज नाम मात्र का संगठन रह गया है। 2014 में काठमांडू में हुए अंतिम शिखर सम्मेलन के बाद से इसका द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। हुआ यूं कि 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन पाकिस्तान के इस्लामाबाद में होना था। 18 सितंबर, 2016 को जम्मू-कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के शिविर पर जबरदस्त आतंकवादी हमला हो गया। यह हमला सार्क सम्मेलन को निपटाने के लिए हुआ था या कोई और कारण था इस पर मैं पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कह सकता। फिलहाल भारत ने इसके बाद सार्क सम्मेलन में हिस्सा लेने से मना कर दिया। परिणामस्वरूप, बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी इस्लामाबाद में आयोजित होने वाले इस सार्क सम्मेलन में आने से मना कर दिए। पाकिस्तान, चीनी इशारे पर जो चाहता था, वह उसने कर दिया। सार्क सम्मेलन रद्द हुआ और फिर आज तक न हुआ।

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है। इस पूरे खेल को चीन खेल रहा है। देर सबेर चीन पाकिस्तान को इस नए संगठन का मुखिया बनाकर, वह सारे खेल खेलना चाहता है, जो चीन को प्रिय होंगे। भारतीय मीडिया, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर जो रक्कासा नृत्य कर रहा है और जिस तरह की खबरें प्लांट कराई जा रही हैं, उसका सच कुछ और ही है। भारत को

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है।

एसेंबलिंग यूनिट बनाकर रख दिया गया है। हम यहां केवल पैकिंग वाले डिब्बे बना रहे हैं लेकिन असल चिप, मदरबोर्ड से लेकर मशीनों व उपकरणों का सारा भेजा चीन से आ रहा है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट का उल्लेख करना चाहूंगा, भारत में जुलाई 2015 से जून 2016 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के 18 लाख असंगठित उद्यम बंद हो गए हैं। इस दौरान इन असंगठित उद्यमों में काम करने वाले 54 लाख लोगों की नौकरियां चली गईं। हाल में जारी असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण की फैक्ट शीट और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 2015-16 में किए गए 73वें दौर के सर्वेक्षण के तुलनात्मक विश्लेषण से यह बात सामने आई है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में करीब 178.2 लाख असंगठित इकाइयां काम कर रही थीं, जो जुलाई 2015 से जून 2016 के बीच काम कर रहीं 197 लाख असंगठित इकाइयों की तुलना में करीब 9.3 प्रतिशत कम हैं। इसी तरह से इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों की संख्या भी इस दौरान करीब 15 प्रतिशत घटकर 3.06 करोड़ रह गई है, जो पहले 3.604 करोड़ थी। अनिगमित उद्यम में वे कारोबारी इकाइयां शामिल होती हैं, जो अलग कानूनी इकाइयों के रूप में निगमित नहीं होती हैं। आमतौर पर इन उद्यमों में छोटे व्यवसाय, एकल स्वामित्व, साझेदारी और अनौपचारिक क्षेत्र के कारोबार शामिल होते हैं। सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी के फैसले के बाद पूरे देश में जबरदस्त हड़कंप मचा रहा। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट भी भारत में जबरदस्त छंटनी कर चुकी है। फिलहाल, इस देश में अब तथ्यात्मक बात करना विशुद्ध अपराध है। चीन रेड कार्पेट और रेड ड्रेस चियर्स गर्ल्स नचवाकर भविष्य में क्या नोचने की फिराक में है, यह तो समय बताएगा। फिलहाल मेन स्ट्रीम मीडिया रक्कासा बना नक्कारे की धुन पर फुलटास मुजरे की भूमिका में है, इनज्वाय करिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक है ये उनके निजी विचार है)

# तैमारा घाटी में आते ही बदल जाता है मोबाइल का समय

**इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है। ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।**

झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है। इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**तैमारा घाटी**

तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

**तैमारा घाटी की घटनाएं**

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

**तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां**

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

**तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक**

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान से पनप रही बीमारियां

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर विशेष**



योगेश कुमार गोयल

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से सात सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है।

2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।

पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में




कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ए पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। यह आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता।

शरीर में पोषक तत्वों की अधिकता और कमी दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं, शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए। पोषक तत्वों के संतुलन और असंतुलन को इसी से समझा जा सकता है कि जब कोई व्यक्ति एक दिन में ऊर्जा खपत से अधिक ऊर्जा ग्रहण करता है तो वह वसा के रूप में शरीर में एकत्र हो जाती है, जिससे व्यक्ति मोटापे का शिकार हो सकता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है और अच्छे पोषण के लिए जरूरी है कि फास्ट फूड के बजाय घर में बने पारंपरिक और पौष्टिक आहार के सेवन को ही प्राथमिकता दें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी सेंटर ग्रुप के हमले में 385 यूक्रेनी सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी सुरक्षा बलों के 'सेंटर' समूह के हमले में पिछले 24 घंटे में 385 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस हमले में यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 385 सैनिकों, पांच बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, चार मोटर वाहनों और तीन तोपों का नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के जैपद (प.) ग्रुप के सैनिकों ने 240 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है तथा वोस्तोक (पूर्व) ग्रुप के साथ लड़ाई में विरोधी पक्ष के 225 सैनिक मारे गए।

### चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री बाबिस पर चुनावी रैली में हमला

**प्राग।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस पर सोमवार को एक चुनावी रैली के दौरान एक व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। चेक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बाबिस की पार्टी एएनओ के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि 2017 से 2021 तक चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री रहे बाबिस घटना के बाद जांच के लिए अस्पताल गए। उन्हें आई चोटों की गंभीरता के बारे में अभी पता नही चल पाया है। यह हमला पूर्वी शहर डोबरा में हुआ। चेक पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने हमले के तुरंत बाद उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच की जा रही है।

### वियतनाम ने राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई

**हनोई।** वियतनाम समाजवादी गणराज्य ने अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार राजधानी हनोई के बा दीन्ह स्क्वायर पर एक भव्य सैन्य परेड के साथ मंगलवार को अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह को आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ 21 तोपों की सलामी के साथ हुआ, जिसके बाद सशस्त्र बलों और पुलिस की टुकड़ियों के साथ एक सैन्य परेड हुई। परेड में सैन्य वाहनों, तोपों और हथियारों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित किया गया।

### डॉ. दीपक मित्तल यूएई में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डॉ. मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे।

# फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

## फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा

बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है



**ब्रूसेल्स।** बेल्जियम ने घोषणा की है कि वह फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह एलान बेल्जियम के विदेश मंत्री ने किया।

उन्होंने कहा कि यह फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा। हालांकि, इसके लिए दो शर्तें रखी गई हैं। गाजा में बंदी बनाए गए सभी इजरायली नागरिकों की रिहाई और हमास को राजनीतिक सत्ता से हटाना। विदेश मंत्री प्रेवोट ने साफ किया कि बिना इन दो शर्तों के यह मान्यता संभव नहीं है।

इसका मतलब है कि फिलहाल यह फैसला तुरंत लागू नहीं हो सकेगा। बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है और दुनिया के कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की प्रक्रिया में हैं। अब तक 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र मान चुके हैं, जिनमें दर्जनभर यूरोपीय देश भी शामिल हैं। प्रेवोट ने मंगलवार को यह भी कहा कि बेल्जियम वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों से आने वाले सामान पर बैन लगाएगा। साथ ही हमास नेताओं, हिंसक यहूदी बसने वालों और दो अतिदक्षिणपंथी इजरायली मंत्रियों को पर्सोना नान ग्राटा यानि देश में प्रवेश न करने योग्य घोषित करेगा। प्रेवोट ने कहा कि यह कदम इजरायली जनता को दंडित करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय कानून का पालन कराने के लिए उठाया गया है। प्रेवोट ने यूरोपीय संघ से भी अपील की कि वह इजरायल पर और दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि ईयू को इजरायल के साथ व्यापार समझौते यानि एसोसिएशन एग्रीमेंट को निलंबित करना चाहिए। गाजा युद्ध ने यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में मतभेद बढ़ा दिए हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड जैसे देशों में यह मसला राजनीतिक गठबंधनों को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इजरायल और यूरोप के बीच सैन्य, व्यापारिक और शैक्षणिक रिश्ते अब भी काफी मजबूत बने हुए हैं। बेल्जियम की घोषणा पर इजरायल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश हमास के बहकावे में आ रहे हैं और अंततः उन्हें भी आतंकवाद का सामना करना पड़ेगा। उनके अलावा इजरायल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच भी संभावित प्रतिबंधों की जद में आ सकते हैं। दूसरी ओर, फ्रांस और ब्रिटेन ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बनाई है, जिससे इजरायल पर कूटनीतिक दबाव और बढ़ गया है। आस्ट्रेलिया, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की इच्छा जताई है, लेकिन वे इसे फलस्तीनी प्राधिकरण के सुधारों पर निर्भर बता रहे हैं।

## जल त्रासदी



नई दिल्ली। देश की राजधानी में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद लोहा पुल पर भरे पानी के बीच से गुजरते रिक्शा चालक।

## बाढ़ का पानी टबों और बर्तनों में जमा करें: पाक मंत्री

**पाक को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, वो जल्दी तैयार हो सकें**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब बाढ़ से 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और एक हजार से ज्यादा गांव पानी में डूब गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बाढ़ से निपटने के लिए एक अजीब सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि लोग बाढ़ का पानी नालियों में बहाने की बजाय इसे अपने घरों में टबों या बर्तनों में जमा करें। पाकिस्तान के न्यूज चैनल से बात करते हुए आसिफ ने कहा: जो लोग बाढ़ का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह पानी अपने घर ले जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को इस पानी को टबों और बर्तनों में रखना चाहिए। हमें इस पानी को आशीर्वाद मानकर जमा करना चाहिए। आसिफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, जो जल्दी तैयार हो सकें। पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 770 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 990 से ज्यादा घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं।

# अजरबैजान के राष्ट्रपति का भारत पर आरोप

**पाकिस्तान से संबंधों का बदला ले रहा, रिपोर्ट: भारत ने अजरबैजान की एससीओ में एंट्री रोकी**

**तियानजिन।** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह, अजरबैजान की पाकिस्तान से नजदीकी का बदला वैश्विक मंचों पर ले रहा है।

यह बयान उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात में दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत नेएससीओ की सदस्यता के लिए अजरबैजान की दावेदारी को खारिज कर दिया था। इसके पीछे उसकी पाकिस्तान से नजदीकी को वजह बताया जा रहा है। दरअसल मई में आपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। अलीयेव ने कहा कि भारत के रुख के बावजूद उनका देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को प्राथमिकता देता है। पाकिस्तानी पीएम शरीफ ने भारत के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान अजरबैजान के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। आपरेशन के बाद अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और भारत के एक्शन की निंदा की।

## रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त नीति का परीक्षण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने 15 सितम्बर, 2025 से 14 सितम्बर, 2026 तक सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त नीति का परीक्षण करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिक जो व्यापार, पर्यटन, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने या 30 दिनों से अधिक समय के लिए चीन आते हैं, वे बगैर वीज़ा के चीन में प्रवेश कर सकते हैं। गुओ ने कहा कि चीन दोनों देशों के बीच लोगों के आने-जाने को सुगम बनाने को बहुत महत्व देता है और द्विपक्षीय लोगों के बीच आने-जाने को मजबूत करने का समर्थन करता है।

# अमेरिका को नागवार गुजरा मोदी, पुतिन और जिनपिंग का मिलन

## मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक: पीटर नवारों



**ट्रम्प के सलाहकार ने कहा: उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए, यूएस वित्त मंत्री बोले: एससीओ बैठक दिखावा**

**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए।

इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मास्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं। बेसेन्ट ने ट्रेड डील पर धीमी बातचीत को भारत पर टैरिफ की एक प्रमुख वजह बताया। चीन के तियानजिन मेंएससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए।

## जिनपिंग व उज्बेक राष्ट्रपति शावकत की हुई मुलाकात

**एससीओ सम्मेलन 2025 में शामिल होने चीन आए हैं शावकत मिर्जियोयेव**

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 (एससीओ) में शामिल होने के लिए चीन आए उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मंगलवार को मुलाकात हुई।

इस दौरान जिनपिंग ने कहा कि चीन उज्बेकिस्तान की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा में उसका समर्थन करता है। मिर्जियोयेव एससीओ के साथ ही जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरणोत्सव में भी भाग लेंगे। जिनपिंग ने कहा कि चीन विकास रणनीतियों के समन्वय में तेज़ी लाने, चीन-किर्गिज़स्तान-उज्बेकिस्तान रेलवे परियोजना के निर्माण को आगे बढ़ाने, संयुक्त वैज्ञानिक अनुसंधान, हरित ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गरीबी उन्मूलन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने के लिए उज़्बेकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि साथ ही चीन सांस्कृतिक, शैक्षिक, पर्यटन और स्थानीय आदान-प्रदान का विस्तार भी करेगा।

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ट्रम्प को घेरा

### टैरिफ को लेकर कहा: भारत को रूस से दूर करने के प्रयास ध्वस



**ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया**

**वाशिंगटन।** टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ही घर में घिरते नजर आ रहे हैं। अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति ने भारत को रूस से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक्स पर पोस्ट में बोल्टन ने ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टैरिफ नीति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम ने दशकों से भारत को रूस से दूर करने की कोशिश की है और चीन द्वारा उत्पन्न खतरे के प्रति भारत को आगाह किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कूटनीतिक कदमों को व्यापक रणनीतिक संदर्भ में देखने की अनिच्छा ने शी जिनपिंग को पूर्व को फिर से स्थापित करने का अवसर दिया है। जान बोल्टन एक पूर्व अमेरिकी सरकारी अधिकारी हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (2018-19) के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने विदेश नीति पर ट्रम्प के साथ मतभेदों को लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोल्टन की टिप्पणी चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के बाद आई है।

## वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे पश्चिमी देश

**विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं पश्चिमी देश: लावरोव**

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि कि वे अपने विरोधी देशों को दबाने के लिए डॉलर पर अपनी पकड़ का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा प्रतिबंधों, आयात शुल्क और अन्य माध्यमों से अपने विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं।

यह जानकारी रूसी समाचार एजेंसी तास ने मंगलवार को दी। तास की रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने टिप्पणी किया कि पश्चिम एक नई बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के उदय का विरोध कर रहा है तथा इसे रोकने की हरसंभव कोशिश कर रहा है यहां तक कि बातचीत एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रत्यक्ष ब्लैकमेल, दबाव एवं प्रतिबंधों का सहारा ले रहा है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी प्रसारक वीजीटीआरके के टेलीग्राम चैनल पर एक साक्षात्कार में कहा कि पश्चिमी देश वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा अपने आसपास के सभी देशों पर टैरिफ युद्ध थोप रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी चीन के तियांजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन तथा भारतीय, चीनी और रूसी राष्ट्राध्यक्षों के बीच त्रिपक्षीय बैठक के दौरान की है जिनमें सभी ने अमेरिकी आयात शुल्क के विरोध में सामूहिक विरोध की भावना व्यक्त की।

# नेस्ले CEO की नौकरी गई, कर्मचारी के साथ रिलेशन में थे

## एस्ट्रोनामर सीईओ भी एचआर के साथ रोमांस करते वायरल हुए थे, इस्तीफा देना पड़ा



**मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं: पाल बल्के**

**मुंबई।** एफएमसीजी कंपनी नेस्ले ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर (सीईओ) लारेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गई है। कंपनी ने सोमवार को एक नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी।

इसमें बताया कि फ्रीक्स ने इस रिश्ते की जानकारी भी कंपनी को नहीं दी। यह नियमों का उल्लंघन है। कंपनी ने अब उनकी जगह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और नेस्ले के काफी स्ट्रैटजिक बिजनेस यूनिट के हेड फिलिप नवरातिल को नया सीईओनियुक्त किया है। नेस्ले ने कहा कि फ्रीक्स को निकालने का फैसला एक जांच के बाद लिया गया, जिसमें पता चला कि उनका अपनी डायरेक्ट सबआर्डिनेट (पीए) के साथ रोमांटिक रिश्ता था। इस जांच को कंपनी के चेयरमैन पाल बल्के और लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर पाब्लो इस्ला ने देखा, जिसमें बाहर के वकीलों की भी मदद ली गई। पाल बल्के ने कहा कि ये फैसला जरूरी था। नेस्ले के मूल्य और नियम हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं। लारेंट फ्रीक्स को पिछले साल ही चीफ एग्जीक्यूटिव बनाया गया था। उस समय नेस्ले का स्टाक 2022 की शुरुआत के मुकाबले करीब 40 प्रतिशत गिर गया था। उस वक्त यूरोप और अमेरिका में वेट-लास ड्रग्स की वजह से लोगों की खाने की आदतें बदल रही थीं। फ्रेक्स ने कंपनी में करीब 40 साल काम किया था और मार्क नाइडर की जगह ली थी। नए सीईओने कहा: कंपनी के काम को सपोर्ट करूंगा। फिलिप नवरातिल के कंपनी का नया सीईओबनाया गया है। उन्होंने 2001 में नेस्ले में इंटरनल आडिटर के तौर पर शुरुआत की थी और 2009 में नेस्ले होंडुरस के कंट्री मैनेजर बने। 2013 में उन्होंने मेक्सिको में कंपनी के काफी और बेवरेज बिजनेस को संभाला। पिछले साल वे नेस्ले नेस्प्रेसो के चीफ एग्जीक्यूटिव बने और इस साल एग्जीक्यूटिव बोर्ड में शामिल हुए थे। नवरातिल ने कहा कि मैं कंपनी की स्ट्रैटजिक दिशा और परफार्मेंस को बेहतर करने के प्लान को पूरी तरह सपोर्ट करता हूं।

# ऑस्ट्रेलिया में अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों पर लगेगा प्रतिबंध

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया की सरकार ने मंगलवार की घोषणा की है कि वह अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों को प्रतिबंधित करने जा रही है, इनमें एआई टूल भी शामिल हैं, जो अश्लील चित्र बनाने की क्षमता रखते हैं।

संचार मंत्री एनिका वेल्स ने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि छिपे हुए ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स और एआई ऐप तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सके। ये टूल्स और ऐप्स स्पष्ट रूप से अश्लील डीपफेक सामग्री बना सकते हैं। सुवेल्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया में एआई और वैध ट्रैकिंग तकनीक के लिए एक जगह है, लेकिन ऐसे किसी भी ऐप्स और तकनीकों के लिए कोई जगह नहीं है, जिनका उपयोग केवल लोगों, विशेषकर हमारे बच्चों को हानि पहुंचाने वाले, अपमानित करने और नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि हम इस पर कार्रवाई किए बिना नहीं रह सकते। अपमानजनक तकनीकें व्यापक रूप से और आसानी से उपलब्ध हैं और अब वास्तविक और अपूरणीय क्षति का कारण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मौजूदा कानूनों की पूरक होगी, जो पीछा करने और यौन सामग्री के बिना सहमति के वितरण पर रोक लगाती है। नए कानून भी अपमानकारी टूल तक पहुंच को सीमित करने की ज़िम्मेदारी तकनीकी कंपनियों पर डालेंगे। संघीय सरकार की ई-सुरक्षा आयुक्त जूली इनमैन ग्रांट ने जून में कहा था कि पिछले 18 महीनों में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों की डिजिटली बनाई गई अंतरंग तस्वीरों की घटनाओं की संख्या पिछले सात सालों की तुलना में दोगुनी हो गई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108